जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**Sculptor Jacob Epstein's Muse**

Epstein's biographer Richard Buckle described her less romantically: "Sunita was a tall woman with a huge head, and far from Madonna-like..."

**The Mona Lisa Heist**

**A Cruel People** The Tragic Story of Ota Benga: When a Human Was Put in a Cage

# ट्रम्प अब किसी भी तरह से खाड़ी देशों के युद्ध से पिंड छुड़ाना चाहते हैं

## इसका कारण है कि इस युद्ध का अगर कोई एक शिकार है, तो वह है ट्रम्प का बड़बोलापन

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 मार्च। जैसा कि हर युद्ध में होता है, यहां भी अलग-अलग दावे और कहानियां सामने आ रही हैं और जमीन पर वास्तव में क्या हो रहा है, यह समझना दिन-ब-दिन कठिन होता जा रहा है।

स्थिति और गंभीर हो गई है, क्योंकि ईरान ने अब खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों और इज़रायल तथा तेल अवीव शहर पर भीषण हमले शुरू कर दिए हैं। इसके अलावा तेल उद्योग की क्षमताओं पर लगातार हमले वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए संकट को और बढ़ा रहे हैं।

तेल की कीमतें बुधवार को कुछ घटीं, पर गुरुवार को फिर बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गईं। यह तब हुआ, जब कई देशों ने अपने रणनीतिक तेल भंडार से बड़ी मात्रा में तेल जारी किया था। ईरान का दावा है कि यदि होर्मुज़ स्ट्रेट पूरी तरह बंद हो जाता है तो तेल की कीमतें जल्द ही 200 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं।

- **ट्रम्प ने वादा किया था, कि वह स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ में आवागमन को, अमेरिकी सेना की "एस्कॉर्ट सेवा" उपलब्ध कराकर खुलवा देंगे, पर अमेरिका की नौसेना, यह "एस्कॉर्ट सेवा" प्रदान करने के लिये कतई तैयार नहीं है।**
- **ट्रम्प ने यह भी दावा किया था कि "स्टॉक मार्केट में भाव इतने ऊंचे पहुंचेगे, जितना पहले कभी नहीं पहुंचे। पर सच्चाई जो सामने आई, वह यह है कि जब से खाड़ी युद्ध शुरु हुआ है, स्टॉक मार्केट में शेयर्स के भाव गिरते ही जा रहे हैं।**
- **ट्रम्प ने यह भी सार्वजनिक घोषणा की थी कि उनके टैरिफ बढ़ाने से विश्व में कॉम्पटीशन बढ़ेगा, तथा इस "कॉम्पटीशन" का लाभ अमेरिका को मिलेगा तथा उसका निर्यात बढ़ेगा, पर हुआ उल्टा, युद्ध के बाद व्यापार व लेनदेन में जोखिम बढ़ा और इससे डॉलर की एक्सचेंज रेट बढ़ी, और इससे अमेरिकी माल की विश्व के व्यापार में "कॉम्पटीशननैस" और बढ़ गई।**

इससे तेल की कीमतें सामान्य करने के डॉनल्ड ट्रंप के दावे पूरी तरह गलत साबित होते दिख रहे हैं। ट्रंप ने कहा था कि रणनीतिक तेल भंडार से बड़े पैमाने पर तेल जारी करने और होर्मुज़ स्ट्रेट को खोलने के लिए दबाव बनाने से तेल की कीमतें तेजी से गिर जाएंगी। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।

ईरान ने दावा किया है कि उसने होर्मुज़ स्ट्रेट से गुजर रहे कम से कम बारह जहाजों को नष्ट कर दिया है। वहीं, अमेरिका का कहना है कि उसने होर्मुज़ स्ट्रेट में ईरानी नौसेना के करीब 16 जहाज और उतनी ही संख्या में बारूदी सुरंग बिछाने वाले जहाज डुबो दिए हैं।

ईरान ने स्ट्रेट में जगह-जगह बारूदी सुरंगें बिछा दी हैं, जिससे इस मार्ग से जहाजों का गुजरना बेहद खतरनाक हो गया है।

इन अलग-अलग दावों में सबसे नाटकीय अंतर अमेरिका और इज़राइल जैसे दो प्रमुख पक्षों के बीच दिखाई दे रहा है। जहां अमेरिका दोनों सहयोगियों की सैन्य कार्रवाई को बड़ी सफलता के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है, वहीं इज़राइल यह संकेत दे रहा है

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ईरान की तीन शर्तें

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 मार्च। तेहरान ने अमेरिका और इजरायल के साथ चल रहे संघर्ष को खत्म करने के लिए तीन शर्तें रखी हैं। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़श्कियन ने शर्तों को बताते हुए कहा कि किसी भी समाधान में ईरान के वैध अधिकारों को मान्यता देनी होगी और यह गारंटी होनी चाहिए कि देश को भविष्य में हमलों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में, पेज़श्कियन ने युद्ध के

- **पहली है, ईरान के वैध अधिकारों को स्वीकृति मिले, दूसरी है, दोबारा हमला नहीं करने की गारंटी और तीसरी है, युद्ध में हुए नुकसान का मुआवज़ा दिया जाए।**

दौरान हुए नुकसान के लिए मुआवजे की भी मांग की।

उन्होंने लिखा, "रूस और पाकिस्तान के नेताओं से बात करते हुए, मैंने क्षेत्र में शांति के लिए ईरान की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इस युद्ध, जिसे कि ज़ायोनिस्ट शासन और अमेरिका द्वारा शुरू किया गया है, को समाप्त करने का एक मात्र तरीका है, ईरान के वैध अधिकारों की स्वीकृति, मुआवजे का भुगतान, और भविष्य में आक्रमण से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अमेरिका -इज़रायल की सदाबहार "दोस्ती" में दरार उत्पन्न हो रही है खाड़ी युद्ध से

## युद्ध के लम्बा चलने के दोनों देशों के लक्ष्य भिन्न हैं, यह उजागर होने लगा है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 मार्च। यदि पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबा खिंचता है, तो डॉनल्ड ट्रंप और बेंजामिन नेतन्याहू की रणनीतिक प्राथमिकताओं (स्ट्रैटेजिक प्रायॉरिटीज़) में जो अंतर है, वो धीरे-धीरे अमेरिका और इज़रायल के बीच इस समय नज़र आ रहे मौजूदा राजनीतिक तालमेल पर दबाव डाल सकता है।

मुद्दे का मूल कारण दोनों देशों की रणनीतिक सोच में अंतर है। इज़रायल के लिए ईरान के साथ टकराव को अस्तित्व से जुड़ी एक सुरक्षा चुनौती के रूप में देखा जाता है, जो दशकों में विकसित हुई है। इज़राइली नेता कहते हैं कि ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाएँ, मिसाइल कार्यक्रम और क्षेत्रीय संगठनों, जैसे हिज़्बुल्लाह और हमास को दिया गया समर्थन एक दीर्घकालिक खतरा है, जिसे सीमित सैन्य कार्रवाई से खत्म नहीं किया जा सकता। इस नजरिये से देखा जाए तो ईरान की क्षमता को कमजोर करने और क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को बदलने के लिए सैन्य, आर्थिक और कूटनीतिक दबाव लगातार बनाए रखना

- **इज़रायल का मानना है, ईरान के "न्युक्लियर प्रोग्राम" व क्षेत्रीय "आतंकवादी गिरोहों", जैसे हिजबुल्ला व हमास की गतिविधियों पर नियंत्रण पाने के लिए लम्बा व दीर्घकालीन युद्ध जरुरी है।**
- **दूसरी ओर अमेरिका का सोच है, छोटी क्षेत्रीय सैन्य कार्यवाही ही होनी चाहिये, क्योंकि लंबा युद्ध यूरोपीय देशों व अमेरिका के मित्र व सहयोगी देशों के हित में नहीं है, क्योंकि बिना ऑयल के व्यापार के इन देशों की इकॉनमी डावांडोल हो जाती है और अमेरिका इन देशों से भी बनाकर रखना चाहता है तथा इज़रायल की खातिर वह अन्य देशों से बिगाड़ना नहीं चाहता।**
- **यह सोच का फेर, जो अमेरिका व इज़रायल के बीच अभी दबा हुआ है, और स्पष्ट हो जायेगा, अगर युद्ध कुछ लम्बा खिंचा और यह इज़रायल व अमेरिका के सम्बंधों में खटास ही नहीं कटुता भी ला सकता है।**

जरूरी है। इसलिए इज़रायल के लिए एक लंबा अभियान, भले ही महंगा हो, एक ऐसी रणनीतिक लडाई का हिस्सा माना जाता है, जिसका परिणाम आने वाले वर्षों में देश की सुरक्षा को तय करेगा।

दूसरी ओर, अमेरिका आम तौर पर पश्चिम एशिया के संघर्षों को एक अलग दृष्टिकोण से देखता है। हालांकि वॉशिंगटन इज़रायल का सबसे करीबी सुरक्षा साझेदार है, लेकिन अमेरिकी प्रशासन अक्सर क्षेत्रीय युद्धों को लंबे और महंगे सैन्य अभियानों में बदलने से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ईरान ने युद्ध खत्म करने के लिए तीन शर्तें रखीं

## पर ट्रंप अभी भी युद्ध के सम्बंध में भ्रमित तथा मिश्रित संकेत दे रहे हैं

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 मार्च। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भले ही ईरान के साथ सैन्य संघर्ष के समाप्त होने के संकेत दिए हों, लेकिन फिलहाल युद्धविराम की कोई संभावना दिखाई नहीं दे रही है। ज्ञातव्य है कि युद्ध को 13 दिन हो गए हैं।

इसका कारण है ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन द्वारा रखी गई तीन कड़ी शर्तें। पहली, भविष्य में अमेरिका और इज़रायल की ओर से किसी भी हमले के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गारंटी। दूसरी, ईरान के वैध अधिकारों की मान्यता और तीसरी है, युद्ध में हुए नुकसान की भरपाई या मुआवज़े का भुगतान। ईरानी राष्ट्रपति ने कहा,

- **ट्रंप कह रहे हैं कि ईरान में जो भी लक्ष्य थे सब हासिल हो गए अब कुछ बचा नहीं है तो युद्ध जल्दी ही समाप्त हो जाएगा।**
- **ज्ञातव्य है कि ट्रंप ने ईरान पर हमले से पहले चार लक्ष्य तय किए थे, ईरान के परमाणु कार्यक्रम का खात्मा, ईरान की नौ सेना का विनाश, ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलों को नष्ट करना और हमास, हूती व हिजबोल्ला को मदद देने की सामर्थ्य खत्म करना।**
- **वास्तविक हालात देखें तो अमेरिका इनमें से दो ही लक्ष्य किसी हद तक प्राप्त कर पाया है, एक तो परमाणु निरस्त्रीकरण, दूसरा ईरान की नौसेना का खात्मा।**

"ज़ायोनी शासन और अमेरिका द्वारा शुरू किए गए इस युद्ध को खत्म करने का यही एकमात्र तरीका है।"

राष्ट्रपति ट्रंप ने भी युद्ध समाप्त करने को लेकर मिश्रित संकेत दिए हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ओम बिड़ला स्पीकर की कुर्सी पर लौटे

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 मार्च। ओम बिड़ला गुरुवार को लोकसभा में अध्यक्ष की कुर्सी पर वापस आ गए। एक दिन पहले विपक्ष ओम बिड़ला के

- **स्पीकर की कुर्सी पर लौटकर ओम बिड़ला ने कहा कि वे सभी को बोलने की अनुमति देते हैं पर नियमों के तहत ही बोला जा सकता है।**

खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया था, जिसे खारिज कर दिया गया था।

संसद में बोलते हुए, बिड़ला ने पक्षपात के आरोपों को खारिज करते हुए कहा, "कुछ लोगों ने मुझ पर कुछ सांसदों को संसद में बोलने से रोकने का आरोप लगाया। लेकिन मैं यह स्पष्ट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# होर्मुज़ स्ट्रेट से होता हुआ जहाज मुंबई बंदरगाह पहुंचा

## लाइबेरिया के झंडे वाला यह जहाज तेल लेकर भारत आ रहा था, इसका कैप्टन भी भारतीय है

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 12 मार्च। मध्य पूर्व में बढ़ते तनावों के बीच, सऊदी अरब से कच्चा तेल लेकर आये लाइबेरिया के ध्वज वाला एक टैंकर मुंबई बन्दरगाह पर पहुंच गया है। यह अमेरिका-इजरायल के ईरान के खिलाफ युद्ध के बीच खाड़ी जलमार्ग को सुरक्षित रूप से पार कर भारत पहुंचने वाला पहला टैंकर बन गया है। शेनलॉन्ग सूज़मैक्स तेल टैंकर, जिसका कप्तान एक भारतीय था, दो दिन पहले ही संघर्षग्रस्त होर्मुज़ जलडमरूमध्य (स्ट्रेट) से होकर गुजरा था।

ईरान द्वारा शिपिंग यातायात और ऊर्जा इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किये जा रहे लगातार हमलों के कारण, गुरुवार को

- **जहाज ने जब युद्ध ग्रस्त क्षेत्र में प्रवेश किया तब न केवल लाइट बंद कर दी बल्कि ट्रैकिंग सिस्टम भी ऑफ कर दिया।**
- **अन्तर्राष्ट्रीय नियमों के तहत ट्रैफिक सिस्टम ऑन रखना अनिवार्य है, लेकिन विलक्षण परिस्थितियों में ट्रैकिंग सिस्टम बंद किया जा सकता है।**

तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं, क्योंकि इस्लामिक गणराज्य ईरान पर अमेरिकी और इजरायली हमले लगातार हो रहे हैं और युद्ध के समाप्त होने का कोई संकेत नजर नहीं आ रहा है। भारत की ओर जा रहा यह जहाज, कथित रूप से पहचान से बचने के लिए कुछ समय के लिए अपना संकेत बंद करके युद्ध प्रभावित समद्री क्षेत्र को पार कर गया।

लाइबेरिया के ध्वज वाला यह जहाज, जिसमें कच्चा तेल भरा था, 1 मार्च को सऊदी अरब के रास तनुरा बंदरगाह से रवाना हुआ था। समुद्री ट्रैकिंग डेटा ने दिखाया कि जहाज के संकेत 8 मार्च को होर्मुज़ स्ट्रेट के अंदर अंतिम बार निगरानी प्रणालियों में दिखे थे, उसके बाद ये गायब हो गए। इसका मतलब है कि चालक दल ने जहाज के ऑटोमैटिक आईडेन्टिफिकेशन सिस्टम (ए आई एस) और ट्रांसपौंडरों को उस समय बंद कर दिया था, जब वे पानी के खतरनाक हिस्से से गुजर रहे थे।

उच्च जोखिम वाले क्षेत्र को सफलतापूर्वक पार करने के बाद, जहाज अगले दिन फिर से समुद्री ट्रैकिंग सिस्टम्स पर फिर से दिखाई दिया, जब वह भारत की ओर अपनी यात्रा जारी रखे हुए था। शिपिंग कंपनियां अक्सर इस तकनीक का इस्तेमाल करती हैं, जिसे "डार्क होना" भी कहा जाता है, ताकि उन्हें दुश्मनों द्वारा निशाना बनाए जाने या ट्रैक किए जाने का खतरा न हो। लेकिन यह उपाय केवल असाधारण परिस्थितियों में उपयोग किया जाता है,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



## विचार बिन्दु

**सत्ग्रंथ इस लोक की चिंतामणि नहीं उनके अध्ययन से सारी कुचिंताएं मिट जाती है। संशय पिशाच भाग जाते हैं और मन में सद्भाव जागृत होकर परम शांति प्राप्त होती है। –अज्ञात**

# राजस्थान : परम्परा से प्रगति की ओर

राजस्थान, भारत का वह रंगीन राज्य जो रेगिस्तानों की सुनहरी रेत, किलों की भव्यता और लोक संस्कृति की जीवंतता के लिए जाना जाता है, आज एक अनूठे परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। यहां की परंपराएं सदियों पुरानी हैं, जो राजपूत शौर्य, भक्ति मार्ग और लोक कला में बसी हुई हैं। लेकिन आधुनिकता की लहर ने इस भूमि को प्रगति के नए क्षितिज प्रदान किए हैं। परंपरा से प्रगति की ओर यह यात्रा न केवल आर्थिक विकास की कहानी है, बल्कि सांस्कृतिक संरक्षण के साथ नवाचार की मिसाल भी है। राजस्थान ने अपनी जड़ों को मजबूत रखते हुए, सौर ऊर्जा, पर्यटन, आईटी और कृषि क्रांति जैसे क्षेत्रों में छलांग लगाई है। यह आलेख इसी यात्रा को विस्तार से उजागर करता है, जहां थार का रेगिस्तान अब हरित ऊर्जा का केंद्र बन रहा है और जयपुर की हवेलियां डिजिटल स्टार्टअप्स का आश्रय दे रही हैं।

राजस्थान की परंपरागत अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि, पशुपालन और हस्तशिल्प पर आधारित रही है। यहां के किसान मानसून की बूंदों पर निर्भर रहे, जबकि कारीगरों ने ब्लॉक प्रिंटिंग, बंधेज और मीनाकारी जैसी कला को जीवंत रखा। जयपुर की सियाराम ब्लॉक प्रिंटिंग या बाघोर की थेवा कला आज भी वैश्विक बाजार में राजस्थान की पहचान हैं। लेकिन जल संकट, बेरोजगारी और पारंपरिक बाजारों की सीमाओं ने राज्य को नई दिशा की ओर मोड़ दिया। 1990 के दशक से शुरू हुए आर्थिक उदारीकरण ने राजस्थान को अवसर प्रदान किए। राज्य सरकार की नीतियां, जैसे राजस्थान निवेश प्रोत्साहन नीति, ने औद्योगिकरण को गति दी। उदाहरणस्वरूप, निम्स (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज) ने चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा दिया, जबकि दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (डीएमआईसी) ने अलवर जैसे क्षेत्रों को औद्योगिक हब बना दिया। आज राजस्थान का जीडीपी विकास दर राष्ट्रीय औसत से ऊपर है, जो 8-10 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। यह प्रगति परंपरा से कटे बिना हुई है, क्योंकि राज्य ने हेरिटेज होटल नीति के तहत पुरानी हवेलियों को पर्यटन केंद्रों में बदला, जिससे स्थानीय कारीगर लाभान्वित हुए।

पर्यटन राजस्थान की प्रगति का सबसे चमकदार पहलू है। उदयपुर की झीलें, जैसलमेर का सम दुर्ग और जोधपुर का मेहरानगढ़ किला न केवल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं, बल्कि राजस्व का प्रमुख स्त्रोत भी हैं। 2025 तक राज्य में 10 करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंचे, जिनमें विदेशी पर्यटकों की संख्या 50 लाख से ऊपर रही। लेकिन यह परंपरा से प्रगति का संगम है। रिट्ज कार्लटन जैसी चेन ने उदयपुर में हेरिटेज प्रॉपर्टीज विकसित कीं, जबकि पुष्कर फेस्टिवल और डेजर्ट फेस्टिवल लोक नृत्यों को वैश्विक मंच प्रदान करते हैं। डिजिटल मार्केटिंग ने इसे नई ऊंचाई दी। एप्स जैसे राजस्थान टूरिज्म और वर्चुअल रियलिटी टूर्स ने महामारी के दौरान भी पर्यटन को जिंदा रखा। साथ ही, इको-टूरिजम को बढ़ावा मिला है। रणथंभौर और सरिस्का अभयारण्यों में सफारी ने वन्यजीव प्रेमियों को खींचा, जबकि रेगिस्तानी सफारी ने थार को एडवेंचर हब बना दिया। यह विकास सतत है, क्योंकि राज्य ने जीरो वेस्ट टूरिज्म मॉडल अपनाया, जहां प्लास्टिक प्रतिबंध और जैविक सफाई पर जोर है। परिणामस्वरूप, पर्यटन से राज्य को 1.5 लाख करोड़ रुपये का राजस्व मिला, जो स्थानीय रोजगार को दोगुना कर चुका है।

**आधुनिक तकनीक ने राजस्थान को परिवर्तित कर दिया है। सौर ऊर्जा में राज्य अग्रणी है। भादला सोलर पार्क, विश्व का सबसे बड़ा सौर पार्क, 2.2 गीगावाट ऊर्जा उत्पन्न करता है, जो थार रेगिस्तान की बंजर भूमि को सोने की खान बना रहा है। सौर ऊर्जा नीति 2019 ने 30 गीगावाट लक्ष्य रखा, जो पूरा होने को है। यह न केवल ऊर्जा आत्मनिर्भरता ला रहा, बल्कि ग्रामीण रोजगार भी सृजित कर रहा। आईटी सेक्टर में जयपुर सिलिकॉन राजस्थान बन रहा है। महिंद्रा आईटी पार्क और आरएके आईटी पार्क ने 50 हजार नौकरियां पैदा कीं। स्टार्टअप्स जैसे ट्राइवोक (पर्यटन ऐप) और फार्म टू फोर्क (कृषि ई-कॉमर्स) राजस्थानी उद्यमियों की देन हैं।**

शिक्षा और कौशल विकास में राजस्थान की प्रगति चिंतन का विषय है। परंपरागत रूप से यहां गुरुकुल परंपरा और मदरसों का महत्व रहा, लेकिन आधुनिक शिक्षा ने इसे मजबूत किया। बीकानेर विश्वविद्यालय और जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी जैसे संस्थान अब आईआईटी और आईआईएम स्तर के कोर्स चला रहे हैं। राजस्थान स्किल एंड लाइवलीहुड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ने 10 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया, विशेषकर पर्यटन, आईटी और सौर ऊर्जा में। लड़कियों की शिक्षा पर विशेष जोर है; बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से साक्षरता दर 70 प्रतिशत से ऊपर पहुंची। उदाहरण के लिए, उदयपुर का आईआईआईटी ने स्टार्टअप इंक्यूबेटर स्थापित किया, जहां छात्र परंपरागत डिजाइन को डिजिटल प्रोडक्ट्स में बदल रहे हैं। लेकिन चुनौतियां बाकी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में ड्रॉपआउट दर ऊंची है, जिसे ई-लर्निंग से दूर किया जा रहा है। डिजिटल इंडिया के तहत 50 हजार से अधिक स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम बने, जो राजस्थानी लोककथाओं को डिजिटल कहानियों में बदल रहे हैं। यह परिवर्तन राज्य को मानव संसाधन का मजबूत केंद्र बना रहा है।

आधुनिक तकनीक ने राजस्थान को परिवर्तित कर दिया है। सौर ऊर्जा में राज्य अग्रणी है। भादला सोलर पार्क, विश्व का सबसे बड़ा सौर पार्क, 2.2 गीगावाट ऊर्जा उत्पन्न करता है, जो थार रेगिस्तान की बंजर भूमि को सोने की खान बना रहा है। सौर ऊर्जा नीति 2019 ने 30 गीगावाट लक्ष्य रखा, जो पूरा होने को है। यह न केवल ऊर्जा आत्मनिर्भरता ला रहा, बल्कि ग्रामीण रोजगार भी सृजित कर रहा। आईटी सेक्टर में जयपुर सिलिकॉन राजस्थान बन रहा है। महिंद्रा आईटी पार्क और आरएके आईटी पार्क ने 50 हजार नौकरियां पैदा कीं। स्टार्टअप्स जैसे ट्राइवोक (पर्यटन ऐप) और फार्म टू फोर्क (कृषि ई-कॉमर्स) राजस्थानी उद्यमियों की देन हैं। डिजिटल इंडिया ने ग्रामीण राजस्थान को जोड़ा; जन आधार कार्ड से 2 करोड़ लोगों को सब्सिडी पहुंची। ई-गवर्नेंस ने भ्रष्टाचार रोका, जैसे भामाशाह योजना ने महिलाओं को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर दिया। लेकिन साइबर सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता चुनौतियां हैं, जिन्हें साइबर स्वच्छता केंद्र संबोधित कर रहे हैं।

कृषि और जल प्रबंधन राजस्थान की प्रगति का आधार हैं। परंपरागत खाड़ी और जोहड़ प्रणाली अब आधुनिक सिंचाई से जुड़ रही है। इंदिरा गांधी नहर ने रेगिस्तान को अनाज का कटोरा बना दिया, जिससे गेहूं उत्पादन दोगुना हो गया। मुख्यमंत्री कृषि योजना ने ड्रिप इरिगेशन को सब्सिडी दी, जबकि राजस्थान ऑर्गेनिक फार्मिंग मिशन ने जैविक खेती को बढ़ावा दिया। बाड़मेर का जीरा और जैसलमेर की बाजरा अब निर्यात हो रहे। डेयरी सेक्टर में अमूल और मदर डेयरी ने सहकारिता को मजबूत किया। जल संरक्षण में मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान ने 5 लाख जोहड़ बनाए, जो वर्षा जल संचयन पर आधारित हैं। यह परंपरा (जैसे पंचायत राज जल प्रबंधन) और प्रगति (सेंसर आधारित मॉनिटरिंग) का मेल है। परिणाम? कृषि जीडीपी में 25 प्रतिशत योगदान और किसान आय में 50 प्रतिशत वृद्धि।

सामाजिक परिवर्तन राजस्थान की प्रगति को पूर्णता देते हैं। महिलाओं की सशक्तिकरण में बेटी बचाओ ने लिंगानुपात सुधारा, जबकि उदन जैसी योजनाओं ने स्वरोजगार दिया। आदिवासी क्षेत्रों में एमजीएनआर ने रोजगार सुनिश्चित किया। स्वास्थ्य में आयुष्मान भारत ने 5 करोड़ कार्ड जारी किए, जबकि कोविड वैक्सीनेशन में राज्य शीर्ष पर रहा। सांस्कृतिक उत्सव जैसे तेजाजी महोत्सव अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पहुंच रहे, जो परंपरा को जीवित रखते हैं। लेकिन असमानता बाकी है; शहरी-ग्रामीण खाई को पाटना बाकी है।

राजस्थान की यह यात्रा परंपरा से प्रगति की ओर एक प्रेरणा है। जहां किलों की दीवारें इतिहास सुनाती हैं, वहीं सौर पैनल भविष्य रच रहे हैं। राज्य ने सतत विकास लक्ष्यों को अपनाया, जहां जीडीपी वृद्धि के साथ पर्यावरण संरक्षण जुड़ा। निवेशक सम्मेलन 2022 ने 10 लाख करोड़ के प्रस्ताव लाए। भविष्य में मेट्रो विस्तार (जयपुर मेट्रो चरण-2), हाई स्पीड रेल और एयरपोर्ट्स राज्य को कनेक्ट करेंगे। चुनौतियां जैसे जल संकट और बेरोजगारी बनी रहेंगी, लेकिन राजस्थान 2047 विजन उन्हें संबोधित करेगा। यह भूमि सिद्ध करता है कि परंपरा बोझ नहीं, बल्कि प्रगति का आधार है। राजस्थान न केवल विकसित हो रहा, बल्कि अपनी आत्मा को संरक्षित भी कर रहा है।

**–अतिथि संपादक,**
**अविनाश जोशी,**
**वरिष्ठ पत्रकार एवं कॉरपोरेट सलाहकार**

# भारतीय परिवारों का विखंडन : बाजार, मीडिया और बदलता समाज



**सुनील दत्त गोयल**

परिवारों का टूटना बाजार के हित में है – यह वाक्य पहली नजर में अतिशयोक्ति लग सकता है, लेकिन पिछले तीन दशकों के सामाजिक और आर्थिक आंकड़े इस प्रवृत्ति की ओर स्पष्ट संकेत करते हैं। जब परिवार बिखरते हैं तो बाजार फलता-फूलता है। पहले एक परिवार एक घर खरीदता या बनवाता था। अब एक से अधिक घर खरीदने पड़ते हैं। एक से अधिक कार, एक से अधिक टेलीविजन, एक से अधिक वाशिंग मशीन और ऐसे ही हर वह वस्तु, जो पहले पूरे परिवार के लिए पर्याप्त हुआ करती थी, अब अलग-अलग घरों के लिए आवश्यक हो गई है।

मैंने यह परिवर्तन लगभग दस वर्ष पहले अपने जीवन में बहुत स्पष्ट रूप से महसूस किया था। मेरे जानकार दो भाइयों ने अलग-अलग मकान लिए। एक बड़ा, संयुक्त परिवार का घर। लेकिन जब परिवार बढ़े, तो बंटवारे की कोई बात न होते हुए भी अलग रहने की आवश्यकता महसूस हुई।

अलग घर लेने का अर्थ सिर्फ दीवारें बदलना नहीं था। सारा सामान दोबारा खरीदा गया – नया टीवी, नया फ्रिज, नया कूलर। यहीं मेरे मन में पहली बार एक प्रश्न उठा। जो नया घर था, वहाँ उस समय की सबसे आधुनिक चीज़ें आईं, जबकि माता-पिता के साथ रहने वाले घर में वही पुराना सामान चलता रहा।

यहीं से एक अदृश्य तुलना शुरू होती है। बच्चों के मन में यह भाव पैदा होता है कि चाचा के घर सब नया है, हमारे घर सब पुराना है। यह कोई बड़ी लड़ाई नहीं होती, लेकिन यही छोटे-छोटे भाव आगे चलकर मानसिक असंतोष और पारिवारिक खटास का कारण बनते हैं। आज यही न्यूक्लियर फैमिली संरचना कई बार रिश्तों के टूटने, यहाँ तक कि तलाक़ तक के कारण बनती दिखाई देती है। अलग रहने से स्वतंत्रता तो बढ़ी है – आने-जाने की, रहने-सहने की, निर्णय लेने की – लेकिन इसी स्वतंत्रता के साथ सामाजिक अनुशासन और पारिवारिक निगरानी भी कम हुई है।

सामाजिक दृष्टि से जो आचरण पहले स्वाभाविक रूप से नियंत्रित रहता था, वह अब खुला हो गया है। उदाहरण के तौर पर, घरों में मांसाहार का बढ़ता प्रयोग, शराब और सिगरेट का सामान्य हो जाना – इन प्रवृत्तियों के पीछे न्यूक्लियर फैमिली में रहना भी एक महत्वपूर्ण कारण बनता जा रहा है। इसका अर्थ यह नहीं कि संयुक्त परिवार पूर्णतः दोष-मुक्त थे या न्यूक्लियर परिवार पूर्णतः गलत हैं। लेकिन यह स्वीकार करना होगा कि न्यूक्लियर परिवार व्यवस्था के कुछ सामाजिक और मानसिक दुष्परिणाम अब स्पष्ट रूप से सामने आने लगे हैं।

**संयुक्त परिवार से न्यूक्लियर परिवार तकः आंकड़ों की कहानी**

भारत की जनगणना (2011) और उसके बाद के राष्ट्रीय सर्वेक्षणों के विश्लेषण से स्पष्ट है कि संयुक्त परिवारों की संख्या में निरंतर गिरावट आई है और न्यूक्लियर परिवारों की संख्या बढ़ी है। नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस (एनएसएसओ) और विभिन्न समाजशास्त्रीय अध्ययनों के अनुसार शहरी भारत में एकल या छोटे परिवारों का प्रतिशत 70 प्रतिशत से अधिक हो चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी यह प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है।

रियल एस्टेट सेक्टर के आंकड़े बताते हैं कि महानगरों में 1 बी एच के और 2 बी एच के फ्लैट्स की मांग पिछले 20 वर्षों में कई गुना बढ़ी है। ऑटोमोबाइल उद्योग की रिपोर्ट के अनुसार भारत विश्व के सबसे बड़े दोपहिया और प्रमुख चारपहिया बाजारों में शामिल हो चुका है। उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और होम अप्लायंस सेक्टर की वार्षिक वृद्धि दर 10-15 प्रतिशत के आसपास रही है। यह वृद्धि केवल जनसंख्या वृद्धि से नहीं समझी जा सकती; इसके पीछे परिवार संरचना में परिवर्तन भी एक बड़ा कारण है।

पहले संयुक्त परिवारों में एक ही मिक्सी, एक ही गीजर, एक ही वाशिंग मशीन और सीमित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से काम चल जाता था। आज अलग-अलग घरों में वही सभी वस्तुएं अलग-अलग खरीदी जा रही हैं। परिणामस्वरूप बाजार में बहार आई, लेकिन समाज और परिवार बिखरते चले गए।

**सामाजिक सुरक्षा का भारतीय मॉडल**

संयुक्त परिवार केवल भावनात्मक व्यवस्था नहीं था, वह भारतीय समाज की वास्तविक सोशल सिक्योरिटी था। यूरोपीय समाजों में जहां पेंशन, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं और वृद्धाश्रम आवश्यक संरचनाएं हैं, भारत में पारिवारिक व्यवस्था ही बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए सुरक्षा कवच थी।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लू एच ओ) और भारत के राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वे (NIMHANS, 2015-16) के अनुसार भारत में हर सात में से एक व्यक्ति किसी न किसी मानसिक स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहा है। अकेलापन, अवसाद और चिंता विकारों में वृद्धि दर्ज की गई है। विशेषज्ञ मानते हैं कि शहरीकरण, पारिवारिक विखंडन और सामाजिक अलगाव इसके प्रमुख कारणों में शामिल हैं।

पहले संयुक्त परिवारों में पुरुष व्यापार या नौकरी के सिलसिले में बाहर जाते थे, तो घर में बुजुर्ग और अन्य सदस्य परिवार को संभाल लेते थे। महिलाओं को सामाजिक और भावनात्मक सहारा मिलता था। बच्चों का पालन-पोषण सामूहिक रूप से होता था। मनमुटाव होते थे, लेकिन सुलझ भी जाते थे। गली-मोहल्लों की संस्कृति में बच्चे खेलते थे, महिलाएं मिलकर गीत-संगीत करती थीं – आज की भाषा में कहें तो वह किटी पार्टी का सहज, सांस्कृतिक रूप था।

**मीडिया और सांस्कृतिक पुनर्निर्माण**

1990 के दशक के बाद उपग्रह चैनलों और मनोरंजन उद्योग के विस्तार ने पारिवारिक छवियों को नए ढंग से प्रस्तुत किया। कई लोकप्रिय धारावाहिकों में संयुक्त परिवार को षड्यंत्र, सास-बहू के झगड़े, अविश्वास और व्यक्तिगत इच्छाओं के दमन के रूप में दिखाया गया। इसके विपरीत न्यूक्लियर परिवार को आधुनिकता, स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया।

यह केवल सांस्कृतिक बदलाव नहीं था; यह उपभोक्ता व्यवहार में परिवर्तन का भी आधार बना। विज्ञापन उद्योग ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता को व्यक्तिगत उपभोग से जोड़ा। अपना घर, अपनी कार, अपनी लाइफस्टाइल – ये स्लोगन केवल भावनात्मक अपील नहीं थे, बल्कि बाजार रणनीति का हिस्सा थे।

**शिक्षा, करियर और विलंबित मातृत्व**

भारतीय शिक्षण संस्थानों का व्यावसायीकरण भी इस परिवर्तन का एक आयाम है। निजी स्कूलों और उच्च शिक्षा संस्थानों की फीस में पिछले दो दशकों में कई गुना वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे (एनएफएचएस-5) के आंकड़ों के अनुसार कुल प्रजनन दर (टीएफआर) 2.0 से नीचे आ चुकी है। शहरी शिक्षित वर्ग में विवाह और मातृत्व की आयु बढ़ी है। नई पीढ़ी करियर, आर्थिक स्थिरता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को प्राथमिकता दे रही है। परिणामस्वरूप एक या बिना संतान वाले परिवारों की संख्या बढ़ रही है। इससे रिश्तों का विस्तार – मामा-मामी, चाचा-चाची, ताऊ-ताई, बुआ – फूफा स्वाभाविक रूप से सीमित हो गया है। रिश्तों का संसार अंकल और आंटी तक सिमटता जा रहा है।

**डिजिटल युग और अकेलापन**

बच्चों के संस्कार अब केवल माता-पिता या दादा-दादी तय नहीं कर रहे; सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, ओटीटी प्लेटफॉर्म और डिजिटल कंटेंट भी प्रभाव डाल रहे हैं। भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 80 करोड़ से अधिक हो चुकी है। औसतन भारतीय युवा प्रतिदिन 4-5 घंटे मोबाइल पर बिताता है।

धीरे-धीरे सुख-दुख के रिश्ते भी समाप्त होने को हैं। बच्चों के संस्कार माता-पिता या दादा-दादी नहीं, बल्कि सोशल मीडिया के इन्फ्लुएंसर तय कर रहे हैं। पहले जो काम दादा-दादी या परिवार के बड़े सदस्य करते थे, वह अब काउंसलर्स करने लगे हैं। बाजार के लिए यह एक आदर्श स्थिति है। हमारी हर समस्या उनके लिए एक प्रोडक्ट है। हमारी हर भावनात्मक आवश्यकता के लिए कोई-न-कोई ऐप है। हर त्यौहार का मतलब है ढेर सारा ऑनलाइन ऑर्डर, चाहे वह सामान काम का हो या न हो। ढेर सारे सब्सक्रिप्शन हमारे पास हैं, जो हर तरह के चाहे-अनचाहे संस्कार हमें बांट रहे हैं। मात्र दो दशक के अंदर हमारा समाज पूरी तरह से बदल गया और यह प्रश्न खड़ा होने लगा कि हम क्या से क्या हो गए। हम कहां से चले और कहां पहुंच गए, और जहां पहुंचे हैं, क्या वहीं पहुँचना जरूरी था या कोई और अच्छा तरीका भी हो सकता था?

**उपभोग संस्कृति और त्योहार**

त्योहारों का स्वरूप भी बदला है। ई-कॉमर्स कंपनियों की फेस्टिव सेल अरबों रुपये का कारोबार करती हैं। दिवाली, होली या अन्य पर्व अब बड़े पैमाने पर ऑनलाइन शॉपिंग और ब्रांडेड उपहारों से जुड़ गए हैं। प्रश्न यह है कि क्या यह परिवर्तन अनिवार्य था? क्या दिवाली की खुशी अब केवल ऑनलाइन ऑर्डर से मापी जाएगी? क्या जंक फूड मां के हाथ के खाने से अधिक आकर्षक हो जाएगा? क्या दादी-नानी की कहानियों की जगह नेटफ्लिक्स, यूट्यूब और इंस्टाग्राम के वीडियो ले लेंगे?

**लैंगिक भूमिकाएं और सामाजिक परिवर्तन**

समाज में महिलाओं की शिक्षा और आर्थिक भागीदारी बढ़ी है, जो सकारात्मक परिवर्तन है। लेकिन इसके साथ जीवनशैली में भी बदलाव आया है। शराब और धूम्रपान जैसे व्यवहार, जो पहले सीमित थे, अब लैंगिक सीमाओं से परे बढ़ रहे हैं। यह परिवर्तन केवल नैतिकता का प्रश्न नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य का भी विषय है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य सर्वेक्षणों में अल्कोहल उपभोग में वृद्धि दर्ज की गई है। सार्वजनिक विमर्श में व्यक्तिगत स्वतंत्रता की अवधारणा ने पारिवारिक अनुशासन और सामूहिक जिम्मेदारी के पारंपरिक मॉडल को चुनौती दी है।

**आगे का मार्ग**

यह आवश्यक नहीं कि संयुक्त परिवार ही एकमात्र आदर्श मॉडल हो। आधुनिक जीवन, शहरी रोजगार और गतिशीलता के अपने व्यावहारिक कारण हैं। लेकिन यह भी सत्य है कि परिवार के विखंडन के सामाजिक और मानसिक प्रभावों पर गंभीर चर्चा आवश्यक है।

संयुक्त परिवार को बोझ नहीं, संपत्ति के रूप में देखने की आवश्यकता है। बुजुर्गों का सम्मान केवल सांस्कृतिक मूल्य नहीं, बल्कि सामाजिक स्थिरता का आधार है। बच्चों को उपभोक्ता नहीं, संस्कारवान नागरिक बनाने की दिशा में प्रयास होना चाहिए। त्योहारों को भावनात्मक और सांस्कृतिक गहराई के साथ मनाना चाहिए, न कि केवल उपभोग के अवसर के रूप में। बाजार जीवन का हिस्सा है, लेकिन जीवन का केंद्र नहीं होना चाहिए।

आज प्रश्न यह नहीं कि हम आधुनिक क्यों बने; प्रश्न यह है कि क्या आधुनिकता के नाम पर हमने अपनी सामूहिक शक्ति को कमजोर कर दिया? क्या हम आर्थिक प्रगति और पारिवारिक एकता के बीच संतुलन नहीं बना सकते?

यदि हम अभी नहीं रुके, तो अगली पीढ़ी को संयुक्त परिवार का अर्थ समझाना भी कठिन हो जाएगा। समय आ गया है कि हम विकास और मूल्य – दोनों को साथ लेकर चलने की नई सामाजिक रणनीति बनाएं। यही संतुलन भारत की वास्तविक शक्ति रहा है, और भविष्य में भी वही हमारी स्थिरता का आधार बन सकता है।

**–रोटेरियन सुनीलदत्त गोयल, एडवाइजर, एडिटर्स क्लब ऑफ़ इंडिया महानिदेशक, इम्पीरियल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री।**

# ईरान में जनहित के लिए दूरदर्शी पहल की आवश्यकता



**डॉ. नीरज रावत**

पश्चिम एशिया का महत्वपूर्ण देश ईरान इस समय एक ऐसे ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है, जहाँ लिया गया एक विवेकपूर्ण और साहसिक निर्णय न केवल स्वयं ईरान को व्यापक विनाश से बचा सकता है, बल्कि पूरे क्षेत्र में स्थिरता और शांति की दिशा भी निर्धारित कर सकता है। इतिहास यह स्पष्ट रूप से बताता है कि जब किसी राष्ट्र में संस्थागत संतुलन कमजोर हो जाता है और सत्ता कुछ सीमित संरचनाओं के हाथों में केंद्रित हो जाती है, तो उसका परिणाम अंततः राजनीतिक अस्थिरता और सामाजिक तनाव के रूप में सामने आता है। आज ईरान की स्थिति भी कुछ ऐसी ही जटिलताओं से घिरी हुई दिखाई देती है।

ऐसे समय में सबसे पहला और महत्वपूर्ण कदम यह हो सकता है कि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आइआरजीसी) देश के राजनीतिक और सामरिक नियंत्रण से पीछे हटे और ईरान की आधिकारिक राष्ट्रीय सेना को राज्य संचालन की जिम्मेदारी संभालने का अवसर दे। इससे शासन व्यवस्था में आवश्यक संतुलन स्थापित हो सकेगा और राज्य संस्थाएँ अधिक जिम्मेदारी तथा पारदर्शिता के साथ कार्य कर पाएंगी।

ईरान के आधुनिक इतिहास में यह पहली बार नहीं है जब राष्ट्रीय हित में संस्थागत पुनर्संतुलन की आवश्यकता महसूस की जा रही हो। वर्ष 1979 की ईरानी क्रांति के बाद जब शाह मोहम्मद रज़ा पहलवी का शासन समाप्त हुआ, तब देश में एक नई राजनीतिक व्यवस्था स्थापित हुई। उसी दौर में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की स्थापना की गई थी, जिसका उद्देश्य नवगठित इस्लामी व्यवस्था की रक्षा करना था। समय के साथ यह संगठन केवल सुरक्षा तंत्र तक सीमित नहीं रहा और उसने राजनीतिक, आर्थिक तथा रणनीतिक क्षेत्रों में भी व्यापक प्रभाव स्थापित कर लिया। परिणामस्वरूप, ईरान की पारंपरिक राष्ट्रीय सेना, जो देश की संप्रभुता और सीमाओं की रक्षा के लिए स्थापित की गई थी, अपेक्षाकृत पृष्ठभूमि में चली गई।

ईरान का इतिहास यह भी संकेत देता है कि जब राज्य संस्थाएँ संतुलित और जवाबदेह ढंग से कार्य करती हैं, तब देश अधिक स्थिर और प्रभावी बनता है। बीसवीं सदी की शुरुआत में हुई 1906 की संवैधानिक क्रांति इसका महत्वपूर्ण उदाहरण है। इस आंदोलन ने ईरान में पहली बार संसद और संवैधानिक शासन की अवधारणा को स्थापित किया। उस समय जनता और बुद्धिजीवियों ने निरंकुश सत्ता के विरुद्ध आवाज़ उठाते हुए ऐसी व्यवस्था की मांग की थी जिसमें शासन जनता के प्रति जवाबदेह हो और संस्थाओं के बीच संतुलन कायम रहे।

इसी संदर्भ में ईरान की आधिकारिक सेना के प्रमुख की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्हें अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष यह अपील करनी चाहिए कि ईरान की जनता, उसके शहरों और प्राकृतिक संसाधनों पर हो रहे हमलों को रोका जाए। किसी भी युद्ध या सैन्य टकराव का सबसे अधिक दुष्प्रभाव आम नागरिकों पर पड़ता है। इतिहास में ईरान-इराक युद्ध (1980-1988) इसका अत्यंत दर्दनाक उदाहरण है। आठ वर्षों तक चले इस संघर्ष ने लाखों लोगों की जान ली और ईरान की अर्थव्यवस्था तथा संसाधनों को भारी क्षति पहुँचाई। इस अनुभव ने यह स्पष्ट कर दिया कि दीर्घकालिक सैन्य संघर्ष अंततः किसी भी देश के लिए लाभकारी नहीं होते।

ऐसी परिस्थितियों में ईरान की राष्ट्रीय सेना के नेतृत्व को एक दूरदर्शी पहल करते हुए यह घोषणा करनी चाहिए कि देश में निकट भविष्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव आयोजित किए जाएंगे। इन चुनावों के माध्यम से गठित सरकार को देश के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों का संचालन करने का जनादेश प्राप्त होगा। लोकतांत्रिक प्रक्रिया से बनी सरकार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अधिक वैधता और स्वीकार्यता मिलती है, जिससे कूटनीतिक और आर्थिक सहयोग की संभावनाएँ बढ़ती हैं।

ईरान के इतिहास में जनता की राजनीतिक चेतना हमेशा महत्वपूर्ण रही है। चाहे 1906 की संवैधानिक क्रांति हो, 1950 के दशक में प्रधानमंत्री मोहम्मद मोसद्देक के नेतृत्व में तेल के राष्ट्रीयकरण का आंदोलन हो या फिर 1979 की क्रांति हो -- हर दौर में ईरानी जनता ने अपने अधिकारों और राष्ट्रीय स्वाभिमान के लिए सक्रिय भूमिका निभाई है। यह ऐतिहासिक परंपरा बताती है कि यदि जनता को स्वतंत्र रूप से अपने प्रतिनिधि चुनने का अवसर दिया जाए, तो वह देश को अधिक स्थिर और संतुलित दिशा में ले जाने की क्षमता रखती है। यदि ईरान इस प्रकार की लोकतांत्रिक और संस्थागत पहल करता है तो उसका प्रभाव केवल देश की सीमाओं तक सीमित नहीं रहेगा। इससे पूरे पश्चिम एशिया क्षेत्र में तनाव कम हो सकता है और अनावश्यक सैन्य टकराव की संभावनाएँ भी घट सकती हैं। लंबे समय से संघर्ष और अस्थिरता से जूझ रहे इस क्षेत्र के लिए यह एक सकारात्मक और आशाजनक संकेत होगा।

साथ ही, ऐसी पहल से विश्व की लोकतांत्रिक शक्तियाँ भी ईरान की जनता के समर्थन में अधिक मजबूती से खड़ी हो सकेंगी। अंतरराष्ट्रीय समुदाय सामान्यतः उन देशों के साथ सहयोग बढ़ाता है जो लोकतांत्रिक मूल्यों, पारदर्शिता और जनभागीदारी की दिशा में कदम बढ़ाते हैं। इससे ईरान को आर्थिक, कूटनीतिक और मानवीय सहयोग प्राप्त होने की संभावना भी बढ़ेगी, जो देश के पुनर्निर्माण और दीर्घकालिक स्थिरता के लिए अत्यंत आवश्यक है।

अंततः किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसकी जनता और उसकी संस्थाओं की वैधता में निहित होती है। यदि ईरान की संस्थाएँ (विशेषकर उसकी आधिकारिक सेना) इस समय एक जिम्मेदार और दूरदर्शी भूमिका निभाती हैं, तो यह कदम न केवल देश को संभावित विनाश से बचा सकता है, बल्कि उसे एक अधिक स्थिर, शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक भविष्य की दिशा में भी अग्रसर कर सकता है। आज आवश्यकता टकराव को बढ़ाने की नहीं, बल्कि ऐसे विवेकपूर्ण निर्णयों की है जो ईरान की जनता और पूरे क्षेत्र के लिए शांति और स्थिरता का मार्ग प्रशस्त करें।

**–डॉ. नीरज रावत,**
**(अंतरराष्ट्रीय विषयों के जानकार एवं रणनीतिक विशेषज्ञ)**

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**शुक्रवार 13 मार्च, 2026**

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष, दशमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र रात्रि 3:03 तक, व्यतिपात योग दिन 10:31 तक, वणिज करण सायं 7:20 तक, चन्द्रमा आज धनु राशि में संचार करेगा।

**गृह स्थितिः** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-धनु, मंगल-कुम्भ, बुध-कुम्भ, गुरू-मिथुन, शुक्र-मीन, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज भद्रा रात्रि 7:20 से आरम्भ होगी। आज दशामाता व्रत, व्यतिपात पुण्य है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर सूर्योदय से 8:11 तक, लाभ-अमृत 8:11 से 11:08 तक, शुभ 12:37 से 2:05 तक, चर 5:02 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:43, सूर्यास्त 6:30

**मेष**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**वृष**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

**मिथुन**

परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**

व्यक्तिगत परेशानियों से राहत मिलेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। नवीन संदेश प्राप्त होंगे।

**सिंह**

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज आवश्यक और महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी।

**कन्या**

घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। शुभ कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**वृश्चिक**

आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। नवीन व्यावसायिक योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**धनु**

नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मकर**

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**कुंभ**

आर्थिक मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। आज व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिल सकती है। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

# निश्चित समयावधि में काम पूरा नहीं करवाने वालों पर सख्त कार्यवाही होगी'

## सड़क परियोजनाओं में देरी होने पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जताई नाराजगी

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने नियत अवधि तक अवसंरचनात्मक परियोजनाओं को पूर्ण नहीं करवाने वाले अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की है। पीडब्ल्यूडी मुख्यालय में सड़क एवं अन्य अवसंरचनात्मक परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि परियोजना के प्राथमिक चरण में ही उसमें आने वाली बाधाओं का बारीकी से अवलोकन किया जाए। अधिकारियों की लापरवाही से कई परियोजनाएँ वन क्षेत्र, भूमि अवाप्ति सहित विभिन्न कारणों से नियत अवधि पर पूर्ण नहीं हो पाती है। उन्होंने निर्देश दिए है कि अधिकारी किसी भी परियोजना का एस्टीमेट और डीपीआर बनाते समय उसमें आने वाली बाधाओं की भी पहचान करें ताकि आमजन को प्रोजेक्टस का समय पर लाभ मिल सकें। अधिकारी ही अलाईमेंट तय करते है और बाद में प्रोजेक्ट्स में देरी होती है इससे पता चलता है कि अलाईमेंट/डीपीआर/एस्टीमेट बनाते समय ध्यान नहीं रखा गया था। उन्होंने कहा है कि भविष्य में कोई भी काम समय अवधि से ज्यादा डिले होगा तो संबंधितो की जिम्मेदारी तय करते हुए उन पर कार्यवाही होगी।

- उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी किसी भी परियोजना का एस्टीमेट और डीपीआर बनाते समय उसमें आने वाली बाधाओं की भी पहचान करें



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पीडब्ल्यूडी मुख्यालय में सड़क एवं अन्य अवसंरचनात्मक परियोजनाओं की समीक्षा की।

उपमुख्यमंत्री ने 50 करोड़ से ज्यादा लागत की परियोजनाओं की समीक्षा की। पचपदरा-बागडी सेक्शन के फौरलेनकरण का कार्य आगामी दस दिवस में, बालोतरा-संदेराओ में बाईपास निर्माण का कार्य 30 अप्रैल तक, व्हीकल अण्डरपास का कार्य 31 मई तक, अकलेरा बाईपास का काम 31 मार्च तक तथा नार्थन कोटा बाईपास का कार्य जून-जुलाई 2026 तक पूर्ण करवा दिया जायेगा। इस दौरान एसीएस पीडब्ल्यूडी प्रवीण गुप्ता, शासन सचिव डीआर मेघवाल, मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव टीसी गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं जिलों के अधिकारी वीसी के माध्यम से उपस्थित रहें।

# पंचायत चुनाव प्रक्रिया में सुप्रीम कोर्ट का दखल से इनकार

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान में पंचायत चुनाव में कथित देरी को लेकर दायर याचिका में दखल से इनकार कर दिया है। वहीं प्रार्थी को छूट देते हुए कहा है कि वह चाहे तो उचित मंच के समक्ष अपना पक्ष रख सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश बिहारी लाल रणवा की एसएलपी को निस्तारित करते हुए दिया।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अंकुर रस्तोगी ने कहा कि राज्य सरकार पंचायत की चुनाव प्रक्रिया में देरी का प्रयास कर रही है, जबकि राज्य सरकार ने पूर्व में सुप्रीम कोर्ट में यह आश्वासन दिया था कि प्रदेश में चुनाव प्रक्रिया 15 अप्रैल 2026 तक पूरी कर ली जाएगी।

ऐसे में प्रदेश में तय समय में ही पंचायत चुनाव की प्रक्रिया पूरी करवाई जाए। वहीं राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को लेकर आवश्यक प्रशासनिक और कानूनी प्रक्रिया जारी है।

- सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश बिहारी लाल रणवा की एसएलपी को निस्तारित करते हुए दिया
- अधिवक्ता अंकुर रस्तोगी ने कहा कि राज्य सरकार पंचायत की चुनाव प्रक्रिया में देरी का प्रयास कर रही है, जबकि राज्य सरकार ने पूर्व में सुप्रीम कोर्ट में यह आश्वासन दिया था कि प्रदेश में चुनाव प्रक्रिया 15 अप्रैल 2026 तक पूरी कर ली जाएगी

राज्य सरकार अदालत के आदेशों और संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार ही चुनाव की कार्रवाई कर रही है। हालांकि राज्य सरकार ने यह भी कहा कि चुनाव कराने से संबंधित प्रक्रियाएं कई प्रशासनिक चरणों से गुजरती हैं और इन्हें पूरा करने में कुछ समय लगना स्वाभाविक है। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनकर कहा कि वह इस स्तर पर मामले में दखल देना नहीं चाहते। ऐसे में याचिकाकर्ता को यह स्वतंत्रता है कि यदि उसे अदालती निर्देश के पालन में कोई शिकायत है तो वह उचित मंच के समक्ष जा सकता है।

## पॉश इलाके में कैफे की आड़ में नशा पार्टी

**जयपुर।** राजधानी के सी-स्कीम जैसे पॉश इलाके में कैफे की आड़ में चल रहे अवैध हुक्का बार पर पुलिस ने शिकंजा कसा है। पुलिस आयुक्तालय की स्पेशल टीम (सीएसटी) और अशोक नगर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कमला मार्ग स्थित मिरावा कैफे एंड रेस्टोरेंट पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से हुक्का बार के मैनेजर को गिरफ्तार किया और भारी मात्रा में नशीला सामान जब्त किया है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) अभिजीत सिंह ने बताया कि सीएसटी ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि जी-22 कमला मार्ग स्थित मिरावा कैफे के रूफटॉप पर अवैध रूप से हुक्का बार संचालित किया जा रहा है। सूचना पुख्ता होने पर टीम ने दबिश दी, जहाँ आरोपी मोनू सिंह काउंटर पर बैठा मिला।

## साइबर ठगी करने वाले नौ आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम ने चित्रकूट थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर लोगों को झांसा देकर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो विधि विवादित बालकों को निरुद्ध किया गया है। सीएसटी ने टीम ने चित्रकूट थाना पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए मोती नगर स्थित मंत्रा रेजीडेंसी के फ्लैटों में दबिश दी, जहां से गिरोह के सदस्य साहिल मीणा, जिला सीकर, राहुल जांगिड़, संदीप, मनीष, विकास गोदारा, आसिफ अली और कबीर दास राणा को गिरफ्तार किया है और साथ ही दो बाल अपचारियों को भी निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4 लैपटॉप, 1 टैबलेट, 24 मोबाइल फोन, 25 सिम कार्ड, 12 बैंक पासबुक, 28 एटीएम कार्ड, 5 मोबाइल चार्जर, 4 लैपटॉप चार्जर, 2 एक्सटेंशन बोर्ड और 3 वाई-फाई राउटर जब्त किए हैं।



सिकर रोड गो गैस पेट्रोल पंप पर सीएनजी भरवाने के लिए लगी एक किलोमीटर लंबी लाइन में घंटो इंतजार करना पड़ रहा।

## हनुमंत कथा कल

**जयपुर।** सर्व आश्रम फाउंडेशन के तत्वावधान में तथा डी.डी. ग्रुप के सहयोग से तीन वर्षों तक चलने वाली अष्टोत्तरशत (108) हनुमंत कथाओं की श्रृंखला के अंतर्गत 54वीं हनुमंत कथा का आयोजन 13 से 15 मार्च तक किया जाएगा। कथा हवा सडक़ नंदपुरी स्थित अग्रसेन त्रिलोकी सेवा धाम में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। कार्यक्रम के संयोजक हरिनाम संकीर्तन परिवार के कृष्ण स्वरूप बूब, व्यासपीठ से अकिंचन महाराज हनुमंत कथा का रस प्रवाह करेंगे।

## आरएसी में लगा मेगा सुपर स्पेशियलिटी हेल्थ कैंप

**जयपुर।** पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशों की कड़ी में गुरुवार को जयपुर के चैनपुरा स्थित चौथी बटालियन आरएसी में एक विशाल सुपर स्पेशिलिटी चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 13वीं बटालियन आरएसी के कार्मिकों ने भी भाग लिया।

पुलिस मुख्यालय में पूर्व में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में डीजीपी राजीव कुमार शर्मा और एडीजी आयोजना एवं कल्याण डॉ. प्रशाखा माथुर ने स्पष्ट किया था कि पुलिसकर्मियों की सेहत से कोई समझौता नहीं होगा। विशेष रूप से 40 वर्ष से अधिक आयु के कार्मिकों के लिए मासिक और वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण को अनिवार्य कर दिया गया है। इस पूरी प्रक्रिया की सघन मॉनिटरिंग और डेटा संकलन की जिम्मेदारी डॉ. सुनील पुनिया (नोडल अधिकारी, पुलिस मुख्यालय) को सौंपी गई है। ताकि हर जवान की सेहत का रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रहे।

- 400 से अधिक पुलिसकर्मियों व परिजनों का चेकअप

वहीं पूर्व में जोधपुर, अजमेर और बीकानेर जिला मुख्यालयों में स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प लगाए जा चुके है। महिला दिवस के उपलक्ष में गुरुवार को जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी तथा चौथी बटालियन आरएसी में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया।

## साइबर सुरक्षा और नए कानूनों पर दी महत्वपूर्ण जानकारी

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में प्रदेशभर में आयोजित हो रहे विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला में गुरुवार को महिला सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस द्वारा गुरुवार को वर्चुअल माध्यम के जरिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यभर के 820 कॉलेजों के हजारों विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया और साइबर सुरक्षा तथा नए कानूनों पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

# पंतजलि में अत्याधुनिक अनुसंधान प्रयोगशाला का उद्घाटन

**जयपुर / हरिद्वार।** भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान के समन्वय के उद्देश्य से कार्यरत पतंजलि अनुसंधान संस्थान द्वारा आज एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धि प्राप्त करते हुए अत्याधुनिक ज़ेब्राफ़िश और ड्रोसोफिला अनुसंधान प्रयोगशाला का औपचारिक उद्घाटन, संस्थान के मार्गदर्शक, धन्वन्तरि स्वरुप,आयुर्वेद को विश्व पटल पर स्थापित करने वाले प्रतिष्ठित वैज्ञानिक आचार्य बालकृष्ण द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों,शोधकर्ताओं तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इस उपलब्धि को और भी विशेष बना दिया।

- अनुसंधान की नवीन सुविधाएं युवा वैज्ञानिकों को नवाचार और अनुसंधान के लिए प्रेरित करेंगी - आचार्य बालकृष्ण



आचार्य बालकृष्ण ने अत्याधुनिक ज़ेब्राफ़िश और ड्रोसोफिला अनुसंधान प्रयोगशाला का औपचारिक उद्घाटन किया।

यह ज़ेब्राफ़िश और ड्रोसोफिला प्रयोगशाला आधुनिक जैव-चिकित्सीय अनुसंधान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है,जोकि औषधीय पौधों और आयुर्वेदिक औषधियों के वैज्ञानिक मूल्यांकन को नई दिशा प्रदान करेगी। मनुष्यों से आनुवंशिक समानता के कारण ज़ेब्राफ़िश और ड्रोसोफिला जैवचिकित्सा अनुसंधान में एक शक्तिशाली मॉडल जीव के रूप में उभरी हैं। ज़ेब्राफ़िश की में पारदर्शी संरचना और तीव्र प्रजनन क्षमता और ड्रोसोफिला मक्खियों के छोटे जीवन चक्र के कारण यह जीव , और अनुसंधान के लिए अत्यंत उपयोगी माने जाते हैं। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि ज़ेब्राफ़िश और ड्रोसोफिला मॉडल आधुनिक जैव-चिकित्सीय अनुसंधान में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसकी पारदर्शी संरचना वैज्ञानिकों को जीव के अंदर होने वाली जैविक प्रक्रियाओं को प्रत्यक्ष रूप से देखने और समझने का अवसर प्रदान करती है।

## दुष्कर्म और छेड़छाड़ के दो आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** बजाज नगर थाना पुलिस ने महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर कड़ा प्रहार करते दुष्कर्म के मामले में वांछित एक आरोपित और पिछले एक साल से फरार चल रहे छेड़छाड़ के आरोपी को दबोच लिया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि थाना स्तर पर वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत गठित बजाज नगर थाना पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के आरोपी सतीश कुमार मीणा (31) निवासी राजगढ़ जिला अलवर को गिरफ्तार किया है। सतीश के खिलाफ प्रकरण संख्या 58/2026 धारा 64(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज था। वहीं कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक अन्य आरोपी राकेश कुमार यादव (38) निवासी कोतवाली दौसा को भी गिरफ्तार किया है। राकेश पर महिला के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप है पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक थानाधिकारी पूनम चौधरी के नेतृत्व में गठित इस टीम में एएसआई इंद्राज, कांस्टेबल रामवतार, भरतलाल और हरिओम शामिल रहे।

## 'कर्मचारियों को कब तक दिया जाएगा लाभ, कब से की जाएगी गणना'

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने हाईकोर्ट कर्मचारियों की ग्रेड पे के सबंध में साल 2019 में दिए अदालती आदेश की पालना से जुडे मामले में राज्य सरकार से शपथ पत्र पेश करने को कहा है। अदालत ने शपथ पत्र में बताने को कहा है कि कर्मचारियों को कितने समय में लाभ दिया जाएगा और इसकी गणना कब से की जाएगी। जस्टिस सुदेश बंसल और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश राजेश कुमार जैन की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता विज्ञान शाह ने अदालत को बताया कि अदालती आदेश की पालना में हाईकोर्ट कर्मचारियों की ग्रेड पे को लेकर आदेश जारी किया जा चुका है। वहीं जल्दी ही हर कर्मचारी के लिए अलग से आदेश जारी किया जाएगा। इस पर अदालत ने मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद रखते हुए राज्य सरकार को यह बताने को कहा है कि कर्मचारियों को कितने समय में लाभ दिया जाएगा और इसकी गणना कब से की जाएगी।

- अदालत ने मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद रखते हुए राज्य सरकार को यह बताने को कहा है कि कर्मचारियों को कितने समय में लाभ दिया जाएगा

गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने 10 जनवरी 2019 को राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि यदि हाईकोर्ट कर्मचारी के समकक्ष पद अधीनस्थ कोर्ट में अधिक वेतनमान पर है, तो हाईकोर्ट कर्मचारियों को उसके समान ही वेतन दिया जाना चाहिए।

इस आदेश की पालना नहीं होने पर हाईकोर्ट में अवमानना याचिका पेश हुई। जिसमें कहा गया कि हाईकोर्ट के 10 जनवरी, 2019 के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने 16 दिसंबर, 2025 को कंफर्म कर दिया है, लेकिन इसके बावजूद आदेश की पालना नहीं हो रही है। जिस पर बीते दिनों सुनवाई करते हुए अदालत ने पालना नहीं होने पर प्रमुख विधि सचिव सचिव सहित अन्य अफसरों को पेश होने के आदेश दिए थे।

## सार-समाचार

### पटवारी व ग्राम प्रतिहारी तीस हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जयपुर ग्रामीण टीम ने ट्रैप की कार्रवाई करते हुए जयपुर के बस्सी क्षेत्र में पटवारी और ग्राम प्रतिहारी को तीस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि कार्रवाई में ग्राम पंचायत मानसर खेड़ी के ग्राम प्रतिहारी अशोक कुमार शर्मा तथा पटवार हल्का झर के पटवारी और अतिरिक्त चार्ज मानसर खंडी तहसील बस्सी के विकम बुनकर को गिरफ्तार किया गया है। जहां परिवादी ने एसीबी जयपुर ग्रामीण चौकी में शिकायत दी थी कि उसकी कृषि भूमि का सह खातेदारों के बीच आपसी सहमति से विभाजन कराने के लिए पटवारी को प्रार्थना पत्र दिया गया था। आरोप है कि इस कार्य को करने की एवज में पटवारी द्वारा रिश्वत की मांग कर उसे परेशान किया जा रहा था। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने कार्रवाई की योजना बनाई। एसीबी जयपुर ग्रामीण चौकी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील सिहाग के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान आरोपी अशोक कुमार शर्मा और विकम बुनकर को परिवादी से तीस हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया।

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी श्रीमद् भागवत कथा में शामिल हुई

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी गुरुवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के दादी का फाटक इलाके में जन समस्या निवारण मंच द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धेय कथावाचक आचार्य आकाश गौतम के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का अमृतमय श्रवण किया और आत्मिक शांति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में धर्म, संस्कृति और सदाचार के मूल्यों को मजबूत करने का माध्यम है। ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा देने के साथ लोगों में आध्यात्मिक जागरूकता भी बढ़ाते हैं। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी श्रद्धालुओं और आयोजकों को इस पावन कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दीं तथा समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### भांकरोटा थाने में कल पुलिस कमिश्नर करेंगे जनसुनवाई

**जयपुर।** जयपुर पुलिस के पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के उद्देश्य से 14 मार्च (शनिवार) को पुलिस थाना भांकरोटा में जनसुनवाई करेंगे। यह जनसुनवाई दोपहर 11.30 बजे से 1.30 बजे तक आयोजित होगी। इस दौरान बगरू सर्किल के बगरू, सेज, भांकरोटा और बिंदायका थाना क्षेत्रों से जुड़े परिवादियों की समस्याएं सुनी जाएंगी। जनसुनवाई का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों की शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर उन्हें राहत पहुंचाना है। जयपुर पुलिस के अनुसार इस पहल से पुलिस और आमजन के बीच संवाद मजबूत होगा तथा लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण में मदद मिलेगी।

### खाटू श्याम सेवादार समिति का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव आज से

**जयपुर।** खाटू श्याम सेवादार समिति, जयपुर के तत्वावधान में दो दिवसीय बाबा श्याम वार्षिकोत्सव एवं भजन रस गंगा का आयोजन 13 और 14 मार्च को किया जाएगा। कार्यक्रम अजमेर रोड स्थित निर्माण नगर के जिंदल गार्डन में आयोजित होगा।समिति के अनुसार वार्षिकोत्सव का शुभारंभ 13 मार्च को शाम 4:15 बजे कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा राम-शिव-हनुमान मंदिर (शिवाजी पार्क, श्याम नगर पुलिस स्टेशन के पीछे) से रवाना होकर उत्सव स्थल तक पहुंचेगी। यात्रा में 301 महिलाएं एक समान परिधान में सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए शामिल होंगी।कलश यात्रा में हाथी, घोड़ा, ऊंट और बग्गी सहित पारंपरिक लवाजमे के साथ बाबा श्याम को रथ पर विराजमान कर शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे।

# गैस किल्लत पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राज्य सरकार को घेरा

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश में रसोई गैस की भारी किल्लत और जनता में व्याप्त डर (पैनिक) को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान संकट प्राकृतिक नहीं, बल्कि सरकार के गलत फैसलों का परिणाम है।बृहस्पतिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जूली ने कहा, "सरकार ने एक तरफ घरेलू गैस के दामों में 60 रुपये की अप्रत्याशित वृद्धि कर दी, वहीं दूसरी ओर कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई रोककर बाजार में कृत्रिम संकट पैदा कर दिया है। इन जनविरोधी नीतियों ने आमजन को मानसिक और आर्थिक रूप से संकट में डाल दिया है।

- नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि कांग्रेस के 500 वाले सिलेंडर के बदले भाजपा ने महंगाई की सौगात दी



नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा व विधायक रफीक खान ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

तुलना करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की प्राथमिकता आमजन को राहत देना थी, जिसके तहत उज्ज्वला लाभार्थियों को 500 रुपये में सिलेंडर दिया गया।

इसके विपरीत, भाजपा सरकार के राज में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें 600 रुपये तक गिरने के बावजूद जनता को इसका लाभ देने के बजाय उन पर महंगाई का बोझ लादा जा रहा है।

गैस आपूर्ति में बाधा से पड़ने वाले आर्थिक प्रभाव पर चिंता जताते हुए जूली ने कहा कि गैस की कमी के कारण होटल, ढाबे, कैंटीन और पर्यटन से जुड़े छोटे व्यवसाय बंद होने की कगार पर हैं। जब राज्य सरकार आपूर्ति की जिम्मेदारी केंद्र पर डालती है, तो जनता पूछती है कि आखिर उनके डबल इंजन का लाभ कहाँ है? क्या यह इंजन सिर्फ चुनाव जीतने के लिए था?

उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस तरह कोरोना काल में राजस्थान के साथ ऑक्सीजन आपूर्ति को लेकर सौतेला व्यवहार किया गया था, वैसा ही भेदभाव आज गैस आपूर्ति में दोहराया जा रहा है।सरकार गैस सिलेंडर की उपलब्धता और वास्तविक मांग पर तत्काल श्वेत पत्र जारी करे।

कमर्शियल और घरेलू गैस की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि रोजगार और रसोई प्रभावित न हो। इस प्रेस वार्ता को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी संबोधित किया और सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

## प्रेमभाया महोत्सव पर चार दिवसीय भक्ति संगीत समारोह हुआ

**जयपुर।** दूंढाड़ क्षेत्र का परम्परागत 86वां श्री प्रेमभाया महोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित चार दिवसीय भक्ति संगीत समारोह के द्वितीय दिन चांदपोल बाजार स्थित जयलाल मुंशी का रास्ता, युगल कुटीर में दिन के समय महिला मंडलों द्वारा भक्ति संगीत का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत गोपीनाथ महिला मंडल की मोहनी सोनी द्वारा गणेश वंदना से हुई। इसके पश्चात राखी चतुर्वेदी ने तरह रहयो दरश दिखावो गोपीनाथ... तथा लक्ष्मी सैनी ने ओ रे नन्द बाबा ने खिज्यो रे, बैठ कदम की डार कान्हों चीर चुरावे रे... जैसे भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सायंकाल होते ही जयलाल मुंशी का रास्ता दीपावली की भांति रोशनी से जगमगा उठा। रात्रि 8 बजे भक्ति संगीत का मुख्य कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इसमें दीपक शर्मा ने रिद्धि सिद्धि रा भरतार नित की लाडू खावै छै, गढ़ गणेश छै नाम बैठ्या मौज उडावै छै... भजन की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

इसके पश्चात राघव खण्डेलवाल ने आओ जी नट नगरिया बेगा सा आओ जी, म्हारी लाज बचाओ जी... तथा हरि मोहन गोयल ने नंद बाबा रा लाडला होली का रसिया सांवरा, थांरो गोपी रूप बनास्यां आवरे-आवरे... जैसे भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में आगरा से राजू बावरा, मध्यप्रदेश के अतुल राव, गोपाल सैन, हिमांशी कंडारा सहित अन्य ख्यातिनाम भजन गायकों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से भक्ति रस की अविरल धारा प्रवाहित की। इस अवसर पर श्री प्रेमभाया सरकार का आकर्षक एवं दिव्य श्रृंगार भी किया गया, आगंतुक भक्तों पर भव्य पुष्प वर्षा की गई। समिति के संरक्षक विजय किशोर शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को दिन में महिला मंडलों द्वारा भजन-गायन तथा रात्रि 8 बजे से संपूर्ण रात्रि भक्ति संगीत का आयोजन किया जाएगा।

- कार्यक्रम में आगरा से राजू बावरा, मध्यप्रदेश के अतुल राव, गोपाल सैन, हिमांशी कंडारा सहित अन्य भजन गायकों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से भक्ति रस की अविरल धारा प्रवाहित की

# जोधपुर में कमर्शियल गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति रुकने से कई उद्योग संकट में

## आपूर्ति रुकने से होटल, रेस्टोरेंट सहित इंडस्ट्री को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है

- घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर बुकिंग नहीं होने और केवाईसी नहीं होने की शिकायतें सामने आ रही हैं
- घरेलू गैस सिलेंडर की केवाईसी और बुकिंग करवाने के लिए एजेंसी के बाहर लंबी कतारें लगी हुई है

**जोधपुर, (कासं)।** ईरान और अमेरिका-इजरायल युद्ध के चलते भारत में तेल, गैस की आपूर्ति बाधित हुई है। इसके चलते जोधपुर में कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति रोक दी गई। इससे होटल, रेस्टोरेंट सहित इंडस्ट्री को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर बुकिंग नहीं होने और केवाईसी नहीं होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। घरेलू गैस सिलेंडर की केवाईसी और बुकिंग करवाने के लिए एजेंसी के बाहर लंबी कतारें लगी हुई है।

चौपासनी हाउसिंग बोर्ड में इंडियन गैस एजेंसी के संचालिका दीप्ति जैन ने बताया कि बुकिंग के लिए अब सभी उपभोक्ताओं की केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। ऐसे में बुकिंग के लिए सभी लोगों को पहले केवाईसी करवानी होगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल गैस सिलेंडर की आपूर्ति की कोई समस्या नहीं है। सभी को सिलेंडर मिल जाएगा, लेकिन इसमें थोड़ा समय लग सकता है।

एजेंसी के कर्मचारी ने बताया कि पिछले तीन-चार दिन से गैस सिलेंडर की बुकिंग और केवाईसी के पोर्टल पर सर्वर डाउन होने की समस्या आ रही है, जिसके चलते उपभोक्ताओं और एजेंसी के कर्मचारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय तक लाइन में लगने के चलते जहां उपभोक्ता में गुस्सा है और वे एजेंसी के कर्मचारियों से भी उलझ रहे हैं।

जोधाणा होटल्स एण्ड रेस्टोरेन्टस् सोसायटी ने जिला आपूर्ति अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कमर्शियल गैस की सप्लाई से हो रही समस्याओं से अवगत करवाया। जोधाणा होटल्स एण्ड रेस्टोरेन्टस् सोसायटी के अध्यक्ष जे.एम. बूब और सचिव राजेश सिंघवी ने ज्ञापन में बताया कि जोधपुर शहर में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की अचानक कमी के कारण होटल, रेस्टोरेंट एवं मैरिज गार्डन उद्योग के समक्ष गंभीर संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे शहर में अव्यवस्था एवं घबराहट की स्थिति बनने की संभावना है।

सरकार ने सभी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को निर्देशित किया है कि एलपीजी की आपूर्ति एवं विपणन केवल घरेलू उपभोक्ताओं को ही सुनिश्चित किया जाए। इन निर्देशों के अनुपालन में एलपीजी आपूर्ति करने वाली कंपनियां द्वारा होटल, रेस्टोरेंट एवं मैरिज गार्डन संचालकों को सूचित किया गया है कि पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध नहीं होने तथा मंत्रालय के उपरोक्त निर्देशों के कारण वे फिलहाल वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति करने में असमर्थ हैं। ज्ञापन में बताया कि वाणिज्यिक उपयोग हेतु एलपीजी की आपूर्ति नहीं मिलने के कारण होटल, रेस्टोरेंट एवं मैरिज गार्डन उद्योग गहरे संकट में आ गया है तथा इन क्षेत्रों में हजारों कुशल एवं अकुशल श्रमिकों को रोजगार प्राप्त होता है, जो इस संकट से गंभीर रूप से प्रभावित होंगे। एलपीजी आपूर्ति नहीं होने की स्थिति में होटल रसोई का संचालन संभव नहीं रहेगा, जिससे देशी एवं विदेशी पर्यटकों को भारी असुविधा होगी तथा होटलों को संचालन बंद करने की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। इसके साथ ही होटल एवं रेस्टोरेंट उद्योग में कार्यरत कर्मचारियों को सामान्यतः स्टाफ कैफेटेरिया में भोजन उपलब्ध कराया जाता है।

## उदयपुर : कमर्शियल सिलेंडर के संकट से पर्यटन क्षेत्र प्रभावित

**उदयपुर, (कासं)।** अमेरिका-इजराइल और ईरान के तनाव के बाद गैस सिलेंडर को लेकर शुरू हुई मारामारी के बीच उदयपुर में गुरुवार से होटल और रेस्टोरेंट पर असर दिखने लगा है। यहां एक रेस्टोरेंट ने लंच और ब्रेक फॉस्ट बंद कर दिया है। इधर वीआईपी कॉलोनी में कॉमर्शियल सिलेंडर से अवैध रिफिलिंग का काम हो रहा था। डीएसओ की टीम ने छापा मारकर 6 सिलेंडर जब्त किए हैं।

गौरतलब है कि उदयपुर की ओल्ड सिटी में टूरिस्ट की परेशानियां बढ़ने लगी है। यहां पिछोला झील किनारे स्थित रेस्टोरेंट पर सीधे असर दिखने लगा है। यहां हनुमान घाट स्थित हनुमान होटल एंड रेस्टोरेंट में गैस सिलेंडर के संकट के चलते सुबह का लंच और ब्रेक फास्ट बंद कर दिया है। टॉप पर जो रेस्टोरेंट है वह लंच टाईम तक सूना पड़ा है। टूरिस्ट आ रहे हैं, लेकिन उनको पूरे आग्रह के साथ समझा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक दिन पहले हमने गैस की कमी को लेकर निर्णय किया और आजे से लंच और ब्रेक फॉस्ट बंद कर दिया है।

उदयपुर कलैक्टर नमित मेहता ने बताया कि कॉमर्शियल सिलेंडरों के अवैध उपयोग और रिफिलिंग के विरूद्ध सघन जांच कार्रवाई शुरू की।

अवैध रिफिलिंग की सूचना पर रसद विभाग की प्रवर्तन अधिकारी मानसी पण्ड्या, प्रवर्तन निरीक्षक डॉ. कोमल सिंह सोलंकी सहित टीम ने सविना स्थित वीआईपी कॉलोनी में आकस्मिक जांच की। इस दौरान व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के अवैध रिफिलिंग पर 6 व्यावसायिक गैस सिलेंडर जब्त किए। जिला रसद अधिकारी ने बताया गया कि उक्त कार्रवाई में प्रकरण दर्ज किया जाकर जांच करते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## दुष्कर्मी को 20 साल की सजा सुनाई

**जालोर, (कासं)।** पॉक्सो न्यायालय जालोर की विशिष्ट न्यायाधीश सीमा जुनेजा ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी को बीस साल की सजा सुनाई है।

विशिष्ट लोक अभियोजक रणजीत सिंह राजपुरोहित के अनुसार पीड़िता की माता ने 18 सितंबर 2024 को पुलिस थाना आहोर में रिपोर्ट पेश कर बताया कि परिवादिया अपने पति, पुत्र व पुत्री के साथ करीब चार माह पूर्व मूर्ति बनाने के कार्य के लिए आंध्रप्रदेश गये थे। पीछे घर पर अन्य तीन पुत्रियां पीड़िता को दादा-दादी, बड़े पापा के पास छोड गए थे। उनके देशावर जाने के कुछ दिन बाद परिवादिया की नाबालिग पुत्री पीड़िता जिसकी उम्र14 वर्ष है, अपनी छोटी बहिन के लिए रोटी लेने अपने बड़े पापा के घर गई, जहां पर लड़का विक्रम कुमार पुत्र रमेश कुमार घर पर था, अन्य कोई नहीं था। जैसे ही पीड़िता रोटी लेने लगी तो विक्रम ने पीड़िता से बलात्कार किया। पीड़िता चिल्लाई तो बड़े पापा व बड़ी मम्मी आई तो उनको बात बताई। इतने में विक्रम वहां से भाग गया। इसके बाद लगातार घर पर कोई नहीं होने पर जबरन अनाधिकृत रूप से घर में आकर जबरन दुष्कर्म करता, उक्त रिपोर्ट पर पुलिस थाना आहोर मे पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बाद अनुसंधान आरोप पत्र न्यायालय मे पेश किया। न्यायालय ने दोनों पक्षो की बहस सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद पोक्सो न्यायालय की न्यायाधीश सीमा जुनेजा ने आरोपी विक्रम को नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी मानते हुए बीस साल के कारावास की सजा सुनाई। सरकार की ओर से पैरवी विशिष्ट लोक अभियोजक रणजीत सिंह राजपुरोहित ने की।

## नौ किलो अवैध गांजा पकड़ा

**टोंक, (निसं)।** अति. पुलिस अधीक्षक कमल प्रसाद के निर्देशन में जिला स्पेशल टीम प्रभारी ओमप्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा बुधवार देर रात्रि को पुलिस थाना नगरफोर्ट क्षैत्र के बालागढ़ सतवाडा गांव में छापामार कर आरोपी जंसी मीणा पुत्र छोटू लाल मीणा निवासी बालागढ़ के मकान से उसकी मोटरसाइकिल से करीबन नौ किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया है।

इस दौरान आरोपी मौके से फरार था। आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाना नगर फोर्ट पर एनडीपीएस में प्रकरण दर्ज किया जाकर अनुसंधान जारी है। डीएसटी ने बताया कि आरोपी काफी समय से घाड़, नगरफोर्ट, दूनी व नैनवा इलाके में गांजे की सप्लाई करता था। सूचना के बाद टीम ने मौके से एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा, करीबन 4.30 लाख रुपए कीमत का करीबन 9 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, एक पल्सर मोटरसाइकिल, आरोपी का भी मोबाइल जब्त किया गया है।


**कार्यालय उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग, धौलपुर**

File No:- 1037 Date:-05-03-2026

**Notice Inviting Bid**

Bids For Procurement of Development Drinking Water Facility work (Name (s) Of Subject Matter (s) Of Procurement) Are Invited From Interested Bidders Upto 06-00 P.M. (Time) 16-03-2026 (Date). Other Particulars Of The Bid May Be Visited on the procurement portal the (http://eproc.rajasthan.gov.in, http:sppp.raj.nic.in) of state; and www.wcd.rajasthan.gov.in department website. The approximate valu of the procurement is Rs 54.40 LAKH.

UBN NO.ICD2526WSOB02029

NIB NO.ICD2526A1502

(Bhoopesh Garg)
Deputy Director
Women and Chiid Development Department
Dholpur (Raj)

DIPR/C/4959/2026

राजस्थान सरकार

**कार्यालय चिकित्सा अधीक्षक, प्रिंस बिजय सिंह मेमोरियल (पी.बी.एम.) सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, बीकानेर**

क्रमांकः-ए.जी.एच./ लेखा (क्रय)/2026/8352 दिनांक :- 11/03/2026

**ई-बोली आमंत्रण सूचना (E-NIB No. 23/2025-26)**

पी.बी.एम. चिकित्सालय में विभिन्न प्रकार के इलैक्ट्रिक आईटम क्रय (2 वर्ष) हेतु आमंत्रित निविदा (दोहरी बिड पद्धति) में इच्छुक बोलीदाता दिनांक 12.02.2026 से 16.03.2026 सांय 05:00 बजे तक निविदा डाउनलोड/अपलोड कर सकते है। बोली आमंत्रण सूचना की महत्वपूर्ण शर्तें व पूर्ण विवरण "http://eproc.rajasthan.gov.in" तथा "http://sppp.rajasthan.gov.in" पर देखी जा सकती है। ई-बोली की कुल अनुमानित लागत 70 लाख है।

UBN NO. :-MCB2526GLRC00304

चिकित्सा अधीक्षक
प्रिंस बिजय सिंह मेमोरियल (पी.बी.एम.)
सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, बीकानेर

DIPR/C/5327/2026

**कार्यालय उप निदेशक, उद्यान, आम उत्कृष्टता केन्द्र, खेमरी (धौलपुर)**

**निविदा सूचना**

आम उत्कृष्टता केन्द्र, खेमरी (धौलपुर) पर विभिन्न कार्यों हेतु निविदा आंमत्रित की जा रही है। निविदा सम्बन्धित सूचना, विवरण, शर्ते व प्रपत्र आदि पोर्टल Eproc.rajasthan.gov.in & sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। UBN No.-HOR2526SLRC000221 & HOR2526WSOB00223, Tender ID-2026_HORTI_543885_1

(कृष्ण कुमार)
उप निदेशक उद्यान
आम उत्कृष्टता केन्द्र, खेमरी

DIPR/C/5105/2026


# बॉर्डर एरिया में जमीनों की खरीद-फरोख्त का मामला एक बार फिर सुर्खियों में

- बाहरी लोगों को बेची थी 1300 बीघा से ज्यादा जमीन, अदालतों में 53 केस दर्ज

**बीकानेर, (निसं)।** भारत-पाक सीमा के प्रतिबंधित इलाकों में जमीनों की खरीद-फरोख्त का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। पूगल क्षेत्र में 7.58 हेक्टेयर यानी करीब 30 बीघा कृषि भूमि की रजिस्ट्री को कोर्ट ने रद्द करने के आदेश दिए हैं। ऐसे कुल 53 मामले बीकानेर की विभिन्न सिविल की अदालतों में चल रहे हैं। अधिकांश में कमजोर पैरवी के चलते सरकार हार गई। अब धीरे-धीरे सभी मामले री स्टोर किए जा रहे हैं।

बॉर्डर पर जमीनें बिकने का मामला वर्ष 2006 में उजागर हुआ था। हरियाणा, पंजाब आदि राज्यों के लोगों ने 1300 बीघा से अधिक जमीन की खरीद-फरोख्त की थी। उप पंजीयकों ने आंखें बंद करके रजिस्ट्रियां कर दीं, जबकि नोटिफाइड एरिया में सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना प्रवेश तक नहीं किया जा सकता। क्रेताओं के पास प्रवेश की वैध अनुमति ही नहीं थी। बिना अनुमति बॉर्डर के प्रतिबंधित एरिया में प्रवेश कर जमीनें खरीदने को गलत माना गया। राजस्व विभाग के आदेश पर सिविल न्यायालयों में उप पंजीयक, आईजी स्टाम्प, अजमेर और राज्य के वित्त विभाग की ओर से वाद दायर कराए गए। अदालतों जवाब पेश करने के लिए उप पंजीयकों को प्रभारी अधिकारी बनाया गया, लेकिन समय पर उपस्थित नहीं होने और साक्ष्य पेश नहीं करने पर ज्यादातर मामलों में सरकार हार गई। अदालतों में फाइलें खारिज कर दी गईं। अब ये मामले वापस रिकॉर्ड पर लेकर री स्टोर किए जा रहे हैं। इनमें से तीन-चार मुकदमे हाईकोर्ट में चल रहे हैं। लंबे समय बाद पूगल में जमीन की खरीद-फरोख्त का मामला सरकार के पक्ष में आया है।

भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने बीकानेर के पाकिस्तान सीमा से सटे बीकानेर-छत्तरगढ़ तहसील के कुछ गांव, बज्जू, पूगल और खाजूवाला क्षेत्रों की सीमा से सटी जमीन को नोटिफाइड एरिया घोषित किया हुआ है। यहां पर बाहरी व्यक्ति को प्रवेश करने के लिए सक्षम अधिकारी से अनुमति लेना जरूरी है। सीमावर्ती क्षेत्र सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के कारण ना केवल संपत्ति अंतरण के लिए बल्कि अन्य प्रयोजन से प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों/वाहनों के प्रवेश अनुमति एवं मूवमेंट्स का रिकॉर्ड संधारण आवश्यक है। जहां तक संपति अंतरण यानि खरीद फरोख्त के न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों में निर्णय सरकार के खिलाफ होने का प्रश्न है, मेरी दृष्टि में इसका एक कारण राजकीय अभिभाषकों पर अत्यधिक वर्क लोड है। बारीक विभेद के मामलों में संदेह का लाभ परिवादी को मिलने की संभावना अधिक होती है। पूरे मामले में विभाग की ओर से नियुक्त प्रभारी अधिकारी की सजगता भी निर्णायक होती है उन्हें हर पेशी में कोर्ट में उपस्थित होकर साक्ष्य पेश करने चाहिए, जिससे सरकारी वकील भी मजबूती से पैरवी कर सके।

## जमीन विवाद में महिला हैड कांस्टेबल पर बंदूक तानी

- महिला हेड कांस्टेबल व उसके साथ गए दो-तीन अन्य लोगों को जान बचाकर वहां से भागना पड़ा था, पुलिस थाने में मामला दर्ज

**बीकानेर, (निसं)।** उदासर स्थित ट्रायो नगर में जमीन विवाद में महिला हैड कांस्टेबल पर बंदूक तानने और उससे मारपीट का प्रयास करने का मामला सामने आया है। व्यास कॉलोनी थाना पुलिस मामले की जांच करेगी।

तिलक नगर निवासी महिला हैड कांस्टेबल सुनीता जाट की ओर से व्यास कॉलोनी पुलिस थाने में दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि उसने वर्ष-2008 में रामप्रसाद शर्मा से जरिये बयनामा उदासर के ट्रायो नगर में प्लॉट खरीदा था। वहां अन्य लोगों ने भी प्लॉट ले रखे हैं। ट्रायो इन्वेस्टमेंट कंपनी ने कॉलोनी काटी थी, जिसका निदेशक अनिल पारीक है। 6 मार्च को वह अपने प्लॉट पर गई तो दीवार टूटी थी। अनिल कुमार ने कुलदीप उर्फ हेमसिंह, रामेश्वरसिंह व अन्य के साथ मिलकर बिरजू बावरी व उसके परिवार को प्लॉट पर कब्जा करने की नीयत से बैठा दिया था। उन्हें दीवार तोड़ने और ईंटें चोरी करने की शिकायत की तो बिरजू व उसके परिवार के लोगों ने मारपीट की कोशिश की और वर्दी फाड़ दी। हेमसिंह, अनिल व रामेश्वरसिंह को बुला लिया। कुलदीप उर्फ हेमसिंह ने बंदूक तान दी। महिला हेड कांस्टेबल व उसके साथ गए दो-तीन अन्य लोगों को जान बचाकर वहां से भागना पड़ा। व्यास कॉलोनी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, जिसकी जांच एसएचओ विक्रम तिवाड़ी करेंगे।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि.,खण्ड धौलपुर**

क्रमांकः-7260-7267 **संशोधन - पत्र** दिनांकः- 10.02.2026

**आर.ओ. नं0 1231 दिनांक 23.01.2026**

इस कार्यालय के पत्रांक 6911-27 दिनांक 16.01.2026 के द्वारा जारी निविदा सूचना संख्या 15/2025-26, जो दिनांक 21.01.2026 से 10.02.2026 सांय 6.00 बजे तक बेची जाकर दिनांक 11.02.2026 को खोली जाने वाली निविदा अपरिहार्य कारणों से अब दिनांक 17.02.2026 तक बेची जाकर दिनांक 18.02.2026 को सांय 04.00 बजे खोली जावेगी। निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

NIB Code PWD2526A5223

UBN No. PWD2526WSOB21232

(नरेश चन्द मीणा)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड धौलपुर

DIPR/C/3142/2026

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PHED DIVISION KARAULI**

PH NO.-07464-250219 E-Mail-ee.kar.phed@rajasthan.gov.in

**Notice Inviting Bid**

Bids for transportation of water through tanker under Division Karauli are invited from interested bidders up to 09.03.2026 other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal eproc.rajasthan.gov.in and sppp.raj.nic.in website.

NIB CODE:-PHE2526A6919

| S.N. | NIT NO. | UBN | S.N. | NIT NO. | UBN |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 169/2025-26 | PHE2526 WSOB14946 | 2 | 170/2025-26 | PHE2526 WSOB14947 |
| 01 | Total work | | 02 | | |
| 02 | Total Estimate Cost | | 40.00 Lac | | |
| 03 | Bid submission end date | | 09.03.2026 up to 12.00 PM | | |
| 04 | Bid opening date | | 09.03.2026 at 04.00 PM | | |

(Vijay Kumar Meena)
Executive Engineer
PHED Division Karauli

DIPR/C/4910/2026


## युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**डूंगरपुर, (निसं)।** दोवडा थाना क्षेत्र के मोदरा गांव में एक युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मोदरा गांव निवासी विजयपाल अहारी ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार, उनका बेटा विनोद अहारी कुछ समय से मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। गुरुवार को विनोद घर के अंदर सोया हुआ थाए तभी उसने अज्ञात कारणों से फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना मिलते ही दोवडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवायाए जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# फायरिंग की घटना का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

## छह अवैध पिस्टल , 11 मैग्जीन बरामद, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

**जोधपुर, (कासं)।** कमिश्नरेट के जिला पश्चिम चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस थाना क्षेत्र के पाल रोड स्थित मंगलदीप कॉम्पलैक्स में फायरिंग की घटना का पुलिस ने गुरूवार को खुलासा करते हुए संगठित अपराध से जुड़े आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने छह अवैध पिस्टल और 11 मैंगजीन बरामद किये हैं। प्रकरण से जुड़े अन्य लोगों की तलाश पुलिस कर रही है। मामले में दो लोगों का अस्पताल में उपचार जारी है। एक को अभी होश आना बाकी है। पुलिस की तरफ से हत्या प्रयास एवं आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस आयुक्त शरत कविराज, पुलिस उपायुक्त विनीत कुमार बंसल, डीसीपी ईस्ट पीडी. नित्या के निर्देशानुसार व एवं एडीसीपी वेस्ट रोशन मीणा धन्नाराम की त्वरित अनुसंधान निष्पादन टीम व एसीपी प्रतापनगर रविन्द्र बोथरा, एसीपी पश्चिम छवि शर्मा के सुपरविजन में चौहाबोर्ड थानाधिकारी सुरेश चौधरी के नेतृत्व में मंगलदीप कॉम्प्लेक्स में फायरिंग की घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरन्त खुलासे के लिए अलग-अलग टीमे गठित की गई।

मामले के अनुसार पाल रोड स्थित मंगलदीप कॉम्पलैक्स के फ्लैट नं. 402 में फायरिंग की सूचना मिली थी। फ्लैट में छोटू सिंह पुत्र माधुसिंह निवासी सोलंकिया तला देवराजगढ़ व अनिल पुत्र जीवनराम निवासी रावत नगर भदवासिया के अंदर मण्डोर रोड तथा देवेन्द्र उर्फ मनसा उर्फ मन्नु पुत्र भंवर सिंह निवासी जालम विलास पावटा जोधपुर के बीच में फायरिंग होने से छोटू सिंह घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती था। अनिल को एम्स अस्पताल आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया था। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने के एएसआई अनिल कुमार की तरफ से मामला दर्ज कराया गया। मौके पर पुलिस ने एफएसएल और एमओबी को भी बुलाया था।

फायरिंग की इस घटना को देखते हुए घटनास्थल पर सीएसटी, डीएसटी पश्चिम व डीएसटी पूर्व, थानाधिकारी बोरानाडा, बासनी, शास्त्रीनगर, कुड़ी भगतासनी व माता का थान आदि को लगाया गया। पुलिस की टीमों ने 10-12 जगह दबिश दी। पुलिस ने अब संगठित अपराध से जुड़े आरोपी भावण्डा नागौर हाल ओमनगर माता का थान निवासी देवेन्द्र सिंह उर्फ मनसा पुत्र भंवरसिंह को जालोर जिले के आहोर से दस्तयाब किया है। आरोपी की निशादेही पर 6 अवैध पिस्टल मय 11 मैग्जीन बरामद किए गए। संगठित अपराध से जुड़े अन्य लोगों के बारे में पता लगाया जा रहा है।

पुलिस की अब तक की जांच में पता लगा कि घायल छोटू सिंह गैस पाइपलाइन पर किसी ठेका कंपनी पर कार्य करता है। अनिल और गिरफ्तार आरोपी देवेंद्र सिंह सीजिंग के कार्य से जुड़े है।

फायरिंग का कारण अब तक पहेली : पुलिस के लिए फायरिंग का कारण अब तक पहेली बना हुआ है। फायरिंग किस बात को लेकर हुई इस पर पुलिस ने अब तक चुप्पी साध रखी है। कोई पुराना विवाद होने का भी संदेह जताया जाता है। घायल अनिल के होश में आने पर आगे खुलासे की उम्मीद है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

- अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार रात में प्रतापनगर थाना क्षैत्र प्रताप नगर से डबोक रोड़ पर अज्ञात वाहन की टक्कर से कुचला जाने पर माछला मगरा सेक्टर 14 निवासी दिपकसिंह (32) पुत्र सरदारसिंह राणावत की मौत हो गई। दीपक प्राईवेट नौकरी करता था एवं रात में बाइक पर अपने साथियों के साथ जा रहा था, जहां से अचानक प्रतापनगर डबोक रोड़ की तरफ जाते समय हादसा हो गया। सूचना मिलने पर हैड कांस्टैबल नरेन्द्रसिंह ने मौके पर पहुंचकर उसे चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर हैड कांस्टेबल नवलसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा.अभि. विभाग खण्ड सॉचौर**

एन.एच. 68, PHED Campus, सॉचौर (जालोर)

Te. Pho. No 02979-283624 E-mail.: eephedscr@gmail.com

क्रमांकः अ.अ./ जन स्वा./ सॉ / निविदा/2025-26/1757 दिनांकः- 05/03/02

**निविदा सुचना संख्या - 18/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से खण्ड सॉचौर के अधीन विभिन्न कार्य कराने हेतु लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग प्रकिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| | |
|---|---|
| कार्यालय का नाम व स्थान | अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड सांचौर |
| निविदा का कार्य | Annual Rate contract for Transportation of water.( Block Sanchore and Chitalawa) |
| निविदा की कुल लागत (राशि लाखो में) | कुल निविदा 19 रु. 250.00 लाख |
| निविदा प्रपत्र वेबसाईड पर उपलब्ध एवं ऑन लाईन सबमिट की दिनांक | 05.03.2026 से 18.03.2026 को 13.00 बजे तक |
| निविदाएँ खोलने की तिथी व समय | 19.03.2026 को 15.00 बजे से |
| UBN No | PHE2526WSRC15210, PHE2526WSRC15211, PHE2526WSRC15212 PHE2526WSRC15213, PHE2526WSRC15214, PHE2526WSRC15215 PHE2526WSRC15216, PHE2526WSRC15217, PHE2526WSRC15218 PHE2526WSRC15219, PHE2526WSRC15220, PHE2526WSRC15221 PHE2526WSRC15222, PHE2526WSRC15223, PHE2526WSRC15224 PHE2526WSRC15225, PHE2526WSRC15226, PHE2526WSRC15227 PHE2526WSRC15228 |

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://dipr.rajasthan.gov.in http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा एवं भरा जा सकता है। शुद्धि पत्र केवल वेबसाईड पर ही अपलोड किये जायेगे।

(पृथ्वीसिंह) अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, खण्ड सॉचौर

DIPR/C/5001/2026

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-फागी**

बीसलपुर परियोजना कैम्पस के पास, फागी समेलिया रोड, फागी, जयपुर

ई-मेल xenpwdphagi@rediffmail.com, Phone No. 01430-299106

क्रमांक :- स्था. / खण्ड/फागी/2025-26/डी-889 दिनांक :-09.03.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 29/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp व www.sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

FINANCE (G&T) DEPARTMENT NOTIFICATION Jaipur, October 22, 2021 (75A. Additional Performance Security.-(1) In addition to Performance Security as specified in rule 75, an Additional Performance Security shall also be taken from the successful bidder in case of unbalanced bid. The Additional Performance Security shall be equal to fifty percent of Unbalanced Bid Amount. The Additional Performance Security shall be deposited in lump sum by the successful bidder before execution of Agreement. The Additional Performance Security shall be deposited through e-Grass, Demand Draft, Banker's Cheque, Government Securities or Bank Guarantee.)

| | |
|---|---|
| निविदा का कार्य | Special Repair to Road Work under PWD Dn. Phagi, Jaipur (8 Nos) |
| कुल राशि (रूपयों में) | 261.50 लाख |
| कुल धरोहर राशि (रूपयों में) | अनुमानित लागत का 2 प्रतिशत / 0.50 प्रतिशत |
| निविदा आवेदन / डाउनलोड़ करने की तारीख | मंगलवार, 10 मार्च, 2026 अपराहन 3.00 बजे से शनिवार, 14 मार्च, 2026 सायंः 6.00 बजे तक |
| निविदा जमा कराने की तारीख | मंगलवार, 10 मार्च, 2026 अपराहन 3.00 बजे से शनिवार, 14 मार्च, 2026 सायंः 6.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | सोमवार, 16 मार्च, 2026 को प्रातः 11.00 बजे |
| प्रोसेसिंग शुल्क एवं निविदा शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया | वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प.6 (5) / वित्त/साविलेनि/ 2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई ग्रास पर आनलाईन के माध्यम से चालान द्वारा (परिपत्र संलग्न) 1. प्रोसेसिंग शुल्क 8658-00-102-16-02 निर्माण विभाग 2. निविदा शुल्क 0075-00-800-52-01 3. धरोहर राशि 8443-00-108-00-00 ऑफिस आई.डी. 42219 |

UBN No: (1) PWD2526WSOB25305, (2) PWD2526WSOB25306, (3) PWD2526WSOB25308, (4) PWD2526WSOB25309, (5) PWD2526WSOB25310, (6) PWD2526WSOB25311, (7) PWD2526WSOB25312, (8) PWD2526WSOB25313

NIB No.: PWD2526A6074

(संदीप टाटीवाल)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड-फागी (जयपुर)

DIPR/C/5293/2026


## बाघिन एसटी-17 ने तीन शावकों को जन्म दिया

### बाघीन एसटी-17 इससे पूर्व भी शावकों को जन्म दे चुकी है

**अलवर, (निसं)।** बाघिन एसटी-17 ने तीन शावकों को जन्म दिया है। इससे सरिस्का बाघ परियोजना में बाघों की संख्या में वृद्धि हुई है।

डीएफओ सरिस्का अभिमन्यु सहारण ने बताया कि बाघिन एसटी-17 ने तीन शावकों को जन्म दिया है। सरिस्का बाघ परियोजना के रेंज अकबरपुर क्षेत्र में कैमरा ट्रैप चित्रों एवं भू गश्त के आधार पर इन शावकों की पुष्टि की गई है। बाघिन एसटी-17 के साथ तीनों शावक कैमरा ट्रैप में स्पष्ट रूप से दिखाई दिए हैं तथा बाघिन व शावकों की गतिविधि सामान्य पाई गई है। संबंधित बाघ मॉनिटरिंग दल को बाघिन एवं उसके शावकों की गतिविधियों पर निरन्तर निगरानी रखने के निर्देश दिये गए हैं। उल्लेखनीय है कि बाघीन एसटी-17 इससे पूर्व भी शावकों को जन्म दे चुकी है तथा यह उसकी दूसरी सफल प्रजनन घटना है। इन तीन नवजात शावकों के जन्म के साथ सरिस्का बाघ परियोजना में बाघों की संख्या में और वृद्धि हुई है।

# हरलाल सहारण फर्जी टीसी प्रकरण की सुनवाई आज

## सरदारशहर एसीजेएम कोर्ट में प्रकरण को लेकर सुनावाई होगी

- चूरू विधायक हरलाल सहारण पर दसवीं की फर्जी मार्कशीट को लेकर जिला परिषद का चुनाव लड़ने का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है

**चूरू, (कासं)।** विधायक हरलाल सहारण फर्जी टीसी प्रकरण की सुनवाई शुक्रवार को होगी। चूरू विधायक हरलाल सहारण पर दसवीं की फर्जी मार्कशीट को लेकर जिला परिषद का चुनाव लड़ने का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। वर्ष 2019 में पूर्व सरपंच चिमनाराम कालेर ने हरलाल सहारण पर उत्तराखंड माध्यमिक बोर्ड से फर्जी दसवीं की अंकतालिका लेकर चुनाव लड़ने का मामला दर्ज करवाया था, जो वर्तमान में सरदारशहर एसीजेएम कोर्ट में विचाराधीन है।

जानकारी के अनुसार उक्त मामले में उत्तराखंड माध्यमिक बोर्ड के वर्तमान सचिव व पूर्व में रहे सचिव की गवाही होनी थी लेकिन वे न्यायालय के समक्ष हाजिर नहीं हुए, जिसके पश्चात एसीजेएम नवदीप गोदारा ने उक्त दोनों के खिलाफ पहले जमानती वारंट तथा उसके बाद गिरफ्तारी वारंट के जरिए न्यायालय में हाजिर होने के लिए आदेश जारी किया बताया, जिसमें चूरू कोतवाली में कार्यरत एसआई किशनाराम बिश्नोई व एएसआई मनोज कुमार श्योराण न्यायालय के आदेश की अनुपालना के लिए उत्तराखंड गए बताए, लेकिन आदेशों की अनुपालना करवाने में असमर्थ सिद्ध हुए। न्यायालय द्वारा दो बार जमानती वारंट व गिरफ्तारी वारंट जारी करने के पश्चात भी उत्तराखंड बोर्ड के सचिव व पूर्व सचिव का न्यायालय में उपस्थित ना होना आश्चर्य की बात है। शुक्रवार को सरदारशहर एसीजेएम कोर्ट में इस प्रकरण को लेकर सुनावाई होगी।

# क्रिप्टो निवेश के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का एजेंट गिरफ्तार

## 251 लोगों से करीब 15 करोड़ रुपये ठगे

▪ मुख्य आरोपी बंशीलाल उर्फ प्रिंस सैनी, ममता भाटी और दिनेश बागड़ी को पहले ही गिरफ्तार कर 18 दिसंबर 2025 को न्यायालय में चालान पेश किया जा चुका है



एजेंट सुरेश सैनी

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप (एसओजी) ने सोशल मीडिया पर क्रिप्टो निवेश और सस्ते दाम में महंगी गाड़ियां दिलाने का लालच देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के सहयोगी एजेंट सुरेश सैनी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में मुख्य आरोपी बंशीलाल उर्फ प्रिंस सैनी, ममता भाटी और दिनेश बागड़ी को पहले ही गिरफ्तार कर 18 दिसंबर 2025 को न्यायालय में चालान पेश किया जा चुका है।

एसओजी के एडीजी विशाल बंसल ने बताया कि आरोपी सुरेश सैनी का भोपालगढ़ में जेसीबी रिपेयर वर्कशॉप है। क्षेत्र में पहचान होने के कारण उसने ग्रामीणों को झांसे में फंसाया। कमीशन के रूप में उसने अपने भाई के नाम पर एक स्कॉर्पियो गिरोह के सरगना से प्राप्त की थी, जिसे एसओजी ने जब्त कर लिया है। आरोपी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,जयपुर महानगर द्वितीय के समक्ष पेश कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है।

जांच में सामने आया कि गिरोह ने सोशल मीडिया पर ऊंचा रिटर्न देने का झूठा वादा कर एक वेबसाइट बनाई और मात्र 250 रुपये में आईडी बनाकर करीब 82 हजार लोगों को जोड़ा। इसके जरिए लगभग 2 करोड़ रुपये वसूले गए। बाद में हार्वेस्ट एआई टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड नाम से कंपनी बनाकर खुद को डायरेक्टर और मंगेतर ममता सैनी को को-डायरेक्टर बताया तथा एचबीटी कॉइन लॉन्च करने का भ्रामक प्रचार किया।

फेसबुक और इंस्टाग्राम पर 5.90 लाख रुपये में स्कॉर्पियो और 12 लाख रुपये में फॉर्च्यूनर देने का प्रलोभन दिया गया, जिसके जरिए 4 करोड़ 92 लाख 44 हजार रुपये जमा कराए गए। इसके अलावा 40 लोगों से लिखित एग्रीमेंट कराकर 15 करोड़ रुपये और वसूले गए। 15 अक्टूबर 2025 को भोपालगढ़ में डबल सेंचुरी रिवार्ड सेरेमनी आयोजित कर 250 स्कॉर्पियो देने की घोषणा की गई, जिसमें 251 लोगों से करीब 15 करोड़ रुपये ठगे गए।

जांच में यह भी सामने आया कि सुरेश सैनी ने ग्रामीण क्षेत्रों में 6 लाख रुपये में स्कॉर्पियो देने का लालच देकर 56 लोगों से करीब 3.5 करोड़ रुपये जमा कराए और कंपनी में 1173 आईडी लगाकर 28 लाख रुपये और जुटाए। ठगी की रकम से आरोपियों ने महंगी गाड़ियां खरीदी और विलासिता पर खर्च किया।

एसओजी ने आमजन से अपील की है कि किसी भी ऊंचे मुनाफे वाली क्रिप्टो, ऑनलाइन ट्रेडिंग या सोशल मीडिया निवेश योजना में पैसे लगाने से पहले उसकी विश्वसनीयता की जांच अवश्य करें।

## 'डोटासरा प्रदेशवासियों को भ्रमित करने का कर रहे कुत्सित प्रयास'

**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा राजस्थान की जनता को भ्रमित करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेशवासियों के प्रति जवाबदेह होकर आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई के लिए दृढ़संकल्पित हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आमजन को कोई भी परेशानी नहीं हो। गोविंद सिंह डोटासरा तो ऐसे मौके की तलाश करते हैं कि राजस्थान की जनता को कैसे भ्रमित किया जा सके। उनको विकास की कोई चिंता नहीं है तथा उनको हर समय राजनीति सूझती है। उनको ऐसे समय में ओछी राजनीति नहीं करनी चाहिए।

▪ 'मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई के लिए दृढसंकल्पित'

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में आमजन के प्रति संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। केन्द्र एवं राज्य सरकार आपसी समन्वय के साथ हर समस्या के समाधान के लिए कृतसंकल्पित है।

## 'हाथियों के कल्याण के लिए उठाए जाएंगे कदम'

**जयपुर ।** राज्य सरकार की ओर से हाईकोर्ट को अवगत कराया गया की हाथी गांव में हाथियों के कल्याण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इसके साथ ही मामले में न्याय मित्र की ओर से पेश हलफनामे पर तत्काल जवाब दिया जाएगा।

राज्य सरकार के आवष्वासन पर अदालत ने मामले की सुनवाई 6 अप्रैल को रखी है। जस्टिस पीएस भाटी और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ ने यह आदेशहाथियों के कल्याण को लेकर लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए।

न्यायमित्र अधिवक्ता शोभित तिवाडी की ओर से शपथ पत्र पेश किया गया।कि साल 2018 में पशु चिकित्सा विभाग और पशु कल्याण बोर्ड की ओर से प्रकाशित स्वास्थ्य ऑडिट में हाथियों की गंभीर चिकित्सीय हालात, स्वामित्व संबंधी मुद्दे और तस्करी सहित कुपोषण जैसी समस्याओं को उजागर किया गया था। वहीं 8 जनवरी, 2008 को पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की रिपोर्ट , आवास और देखभाल सहित अन्य मुद्दों को लेकर प्रावधान किया गया था। न्यायमित्र की ओर से कहा गया कि मामले में राज्य सरकार की ओर से पेश शपथ पत्र में सरकारी जवाब केवल हाथियों की नियमित चिकित्सीय जांच तक ही सीमित है।

## सार-समाचार

### प्याज की फसल के बीच उगाई अफीमः 363 पौधे जब्त कर किया खेत मालिक को गिरफ्तार



**जयपुर।** खोरा बीसल थाना इलाके में प्याज की फसल के बीच छिपाकर अवैध अफीम की खेती करने का मामला सामने आया है। जयपुर पश्चिम पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक खेत से 363 अफीम के पौधे बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त पौधों का कुल वजन करीब 65 किलो 500 ग्राम बताया गया है। पुलिस के अनुसार कई अफीम पौधों के फल पर चीरा लगा हुआ था, जिनसे अफीम का दूध निकल रहा था। इसी दूध को एकत्र कर अफीम तैयार की जाती है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) हनुमान प्रसाद ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस को सूचना मिली कि खोरा बीसल थाना क्षेत्र के गांव किशनपुरा में रामलाल शर्मा अपने खेत में अवैध रूप से अफीम की खेती कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और खेत की जांच की। जांच के दौरान खेत में प्याज की फसल के बीच एक से तीन फीट ऊंचाई के अफीम के पौधे मिले। पुलिस ने मौके पर हल्का पटवारी को बुलाकर जमीन की जांच करवाई। जांच में खेत का खसरा नंबर 687/104 रकबा 0.3376 हेक्टेयर पाया गया, जो राजस्व रिकॉर्ड में रामलाल शर्मा (52) निवासी बस स्टैंड के पास, गांव किशनपुरा के नाम दर्ज है।

### 'कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का बयान गैर-जिम्मेदार एवं हास्यास्पद'

**जयपुर ।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का बयान हास्यास्पद एवं गैर-जिम्मेदार है। देश के संविधान ने हमें बोलने की आजादी दी है लेकिन हमारे कुछ नैतिक कर्तव्य भी होते हैं। जिस प्रकार का वातावरण आज पूरे विश्व में बना हुआ है। उसमें निश्चित तौर पर पूरे विश्व के अंदर तथा देश में भी पेट्रोल, गैस एवं नेचुरल गैस की कमी आ रही है। लेकिन फिर भी राजस्थान में कोई भी कमी एवं कालाबाजारी नहीं हो रही है।पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं बैठकें कर रहे हैं तथा लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। ऐसे समय में उनके द्वारा बयान देकर पैनिक वातावरण तैयार करना सभ्य और जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य नहीं है। लोकसभा अध्यक्ष एवं कोटा एयरपोर्ट को लेकर उनके दिए गए बयान हास्य का कारण बन रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि जिस प्रकार कोरोना महामारी के समय हमने आगे बढ़कर कहा था कि हम सरकार के साथ उसी तरह आज के माहौल में उनको भी आगे आना चाहिए तथा सरकार का साथ देना चाहिए। अभी ऐसी कोई कमी और कालाबाजारी नहीं है लेकिन उनके द्वारा दिए गए बयान से कालाबाजारी बढ़ रही है।

### सात दिन बाद भी महिला से मारपीट करने वाला पूर्व पार्षद फरार

**जयपुर।** श्याम नगर थाना इलाके में होली पर महिला से मारपीट करने वाला कांग्रेसी पूर्व पार्षद सात दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्तार से बाहर है। इस मामले में डीएसटी टीम ने श्याम नगर पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपित से महिला से मारपीट करने वाले अन्य बदमाशों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।अधिकारी विश्वभर सिंह ने बताया की गत 4 मार्च को पार्क में बैठे महिला से अभद्रता करने के मामले श्याम नगर थाना पुलिस ने डीएसटी टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए बजरंग (35) निवासी पावटा जिला जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त कांग्रेसी पूर्व पार्षद रोहिताश व अन्य लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है। गौरतलब है कि गत 4 मार्च को 30 वर्षीय महिला के साथ पार्क में अपने भाई व परिजनों के साथ बैठी हुई थी। तभी शराब के नशे में पूर्व पार्षद रोहिताश अपने तीन-चार साथियों के साथ पहुंचा और महिला से अभद्रता करना शुरु कर दिया। पीड़िता के भाई के विरोध करने पर आरोपियों ने महिला व उसके साथ के साथ मारपीट कर दी । इसी दौरान पार्क में भीड़ जमा हो गई। बढ़ती भीड़ को देखते हुए पूर्व पार्षद अपने साथियों के साथ मौके से फरार हो गया।

### जरूरतमंद लोगों को राशन एवं रोजा इफ्तार किट वितरित



**जयपुर।** पवित्र रमजान माह के अवसर पर मौलाना फजलुर्रहीम फाउंडेशन की ओर से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों को राशन एवं रोजा इफ्तार किट का वितरण किया गया। शहर के भट्टा बस्ती, चांदपोल बाजार, नाई की थड़ी, खो नागोरियान, पाड़ा मंडी ईदगाह, ट्रांसपोर्ट नगर कच्ची बस्ती, घाट गेट बाजार, खजाने वालों का रास्ता तथा ईदगाह पंचरंग पट्टी क्षेत्र में 550 इफ्तार बॉक्स जरूरतमंद रोजेदारों को वितरित किए।संस्था की फाउंडर चेयरपर्सन डॉ. समरा सुल्ताना के अनुसार जयपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में राशन किट वितरण अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से जरूरतमंद परिवारों तक आवश्यक खाद्य सामग्री पहुंचाई जा रही है, ताकि वे रमजान के महीने में आसानी से अपने परिवार के साथ रोजा रख सकें। डॉ. समरा ने बताया-इसी सेवा अभियान को आगे बढ़ाते हुए एमडी रोड पर एक विशेष इफ्तार वितरण ड्राइव का आयोजन किया गया। इस दौरान वॉलंटियर्स द्वारा एक हजार से अधिक इफ्तार किट वितरित किए गए। डॉ. समरा कहा-संस्था का उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को बढ़ावा देना तथा जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाना है। मौलाना फजलुर्रहीम फाउंडेशन भविष्य में भी इसी प्रकार के सामाजिक और जनहित के कार्य करता रहेगा।

### कुकड़ेश्वर महादेव मंदिर में पंच कुंडीय महायज्ञ सम्पन्न



**जयपुर।** मुरलीपुरा रोड नंबर एक के शिव नगर प्रथम स्थित कुकड़ेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पंच कुंडीय महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी गोपाल शर्मा ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र के अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लेकर यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं और धर्म लाभ प्राप्त किया। सह संयोजक विष्णु सैनी ने बताया कि यज्ञ के मुख्य यजमान के रूप में अरुण कुमार पांडे ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर यज्ञ में आहुतियां दीं। आचार्य लीलाधर शर्मा ने 11 विद्वानों साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ संपन्न करवाया। लोकचंद हरीरामानी, नगेन्द्र वशिष्ठ, भुवनेश तिवाड़ी, काशीनाथ दीक्षित, हरि सैनी, इंद्र शर्मा, अंजली शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 'योजनाओं में मिलने वाली वित्तीय सहायता का तय समय-सीमा में उपयोग किया जाए'

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि केन्द्रीय सहायता प्राप्त योजनाओं में मिलने वाली वित्तीय सहायता का तय समय-सीमा के भीतर उपयोग किया जाए, ताकि राज्य को केन्द्र से निधि हस्तांतरण सतत रूप से सुनिश्चित हो।शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में केन्द्र सहायता प्राप्त योजनाओं के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं राज्य के सर्वांगीण विकास और महिला, युवा, किसान, मजदूर सहित सभी वर्गों के उत्थान का प्रमुख माध्यम है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी सुधार में इन योजनाओं की बड़ी भूमिका है। इन योजनाओं में प्राप्त निधि के समय पर उपयोग से अंतिम छोर के व्यक्ति को राहत मिलती है।मुख्यमंत्री ने योजनाओं के क्रियान्वयन, वित्तीय प्रगति तथा लाभार्थियों तक पहुंच की स्थिति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निरन्तर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इन योजनाओं के अन्तर्गत अपेक्षित प्राप्ति की राशि को जारी करवाने के प्रयासों में तेजी लाई जाए।अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन), चिकित्सा शिक्षा, स्वायत्त शासन, स्कूल शिक्षा, कृषि, उद्यानिकी, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, समेकित बाल विकास सेवाएं विभागों के अन्तर्गत संचालित विभिन्न केन्द्र सहायता प्राप्त योजनाओं की वित्तीय प्रगति के संबंध में अवगत कराया।

▪ 'योजनाओं के क्रियान्वयन, वित्तीय प्रगति तथा लाभार्थियों तक पहुंच की निरन्तर हो मॉनिटरिंग'

बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित संबंधित विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री ने वार्षिक अधिवेशन में की शिरकत

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के मुरलीपुरा में राजस्थान पेंशनर समाज, उप शाखा मुरलीपुरा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान स्मारिका विमोचन, 90 एवं 75 वर्षीय पेंशनर्स का सम्मान तथा वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया।इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने वरिष्ठ पेंशनर बंधुओं को सम्मानित करते हुए उनका अभिनंदन किया और उनके स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानपूर्ण जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का अनुभव, समाज और राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान तथा उनके जीवन मूल्यों से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है और यही मूल्य समाज को आगे बढ़ाने में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष शंकर सिंह , प्रदेश महामंत्री किशन शर्मा , वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक सिंह , प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा , जिला अध्यक्ष जी.के. मीणा , मुरलीपुरा उप शाखा अध्यक्ष मदनलाल शर्मा , भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक शर्मा व जयंत कुमावत, समस्त पेंशनर्स, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अन्नपूर्णा रसोई में घरेलू गैस सिलेंडरों की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

### शासन सचिव रवि जैन ने समीक्षा बैठक में सभी रसोइयों की नियमित मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के स्पष्ट निर्देशों की अनुपालना में स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित बैठक में राज्यभर में संचालित अन्नपूर्णा रसोई योजना के अंतर्गत घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता की समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के तहत संचालित सभी रसोइयों में गैस सिलेंडरों की नियमित और पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को भोजन प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

शासन सचिव ने कहा कि प्रदेश में संचालित लगभग 1071 अन्नपूर्णा रसोइयों की नियमित रूप से सघन मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक रसोई में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता, आपूर्ति व्यवस्था तथा संचालन की स्थिति पर सतत निगरानी रखी जाए। उन्होंने सभी जिला कलेक्टर्स को भी निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने जिलों में गैस सिलेंडर आपूर्ति करने वाले सप्लायर्स की नियमित समीक्षा करें तथा यह सुनिश्चित करें कि अन्नपूर्णा रसोईयों को गैस सिलेंडरों की समय पर और पर्याप्त आपूर्ति हो।

▪ उन्होंने निर्देशित किया कि जिलों में गैस सिलेंडर आपूर्ति करने वाले सप्लायर्स की नियमित समीक्षा करें

सप्लायर्स को भी यह अवगत करवाया जाए की अन्नपूर्णा रसोई में कमर्शियल सिलेंडर नहीं घरेलू सिलेंडर ही इस्तेमाल करने का प्रावधान है जिस से किसी प्रकार की असमंजस की स्थिति उत्पन्न न हो ।

शासन सचिव जैन ने कहा कि अन्नपूर्णा रसोई योजना राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल है, जिसके माध्यम से जरूरतमंदों और आमजन को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसलिए योजना के संचालन में किसी प्रकार की बाधा या कमी नहीं आनी चाहिए।

उन्होंने आमजन से भी अपील की कि यदि किसी भी अन्नपूर्णा रसोई में भोजन उपलब्ध नहीं हो रहा हो या किसी प्रकार की समस्या हो तो वे तुरंत राजस्थान संपर्क पोर्टल के हेल्पलाइन नंबर 181 पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक में उप निदेशक विनोद राजपुरोहित, मुख्य अभियंता अरुण व्यास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे तथा सभी नगरीय निकायों के उच्च अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

## भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक पर निकली 18 किमी की भव्य वाहन रथयात्रा



**आदिनाथ ( ऋषभदेव ) का जन्म कल्याणक महोत्सव गुरुवार को धूमधाम से मनाया।**

**जयपुर।** राजस्थान जैन युवा महासभा के तत्वावधान में सकल दिगम्बर जैन समाज ने जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ (ऋषभदेव) का जन्म कल्याणक महोत्सव गुरुवार को धूमधाम से मनाया।

इस अवसर पर प्रतापनगर सेक्टर-5 स्थित महावीर दिगम्बर जैन मंदिर से 18 किलोमीटर लंबी विशाल वाहन रथयात्रा निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से होती हुई मानसरोवर के मीरा मार्ग स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर और आदिनाथ भवन पहुंचकर संपन्न हुई।

युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन और प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि सुबह सवा 7 बजे समाजसेवी सुनील पहाडियाँ, कमल सरावगी, दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र महावीर जी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल और ज्ञानचंद झांझरी ने जैन ध्वज दिखाकर रथयात्रा का शुभारंभ किया।

इससे पहले मंदिर में सामूहिक दर्शन, अभिषेक, शांतिधारा और महाआरती का आयोजन हुआ।

रथयात्रा हल्दीघाटी गेट, टोंक रोड, दुर्गापुरा, महावीर नगर, गोपालपुरा बाईपास, मानसरोवर के मध्यम मार्ग और सिटी पार्क चौराहा होते हुए अग्रवाल फार्म के मीरा मार्ग पहुंची। यहां से भगवान आदिनाथ की प्रतिमा के साथ बैंड-बाजों और भजनों के बीच शोभायात्रा निकाली गई और आदिनाथ भवन में समापन हुआ।

## तहसीलदार और ई-मित्र संचालक 60 हजार लेते गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की अजमेर इंटेलिजेंस इकाई ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए अंटाली (भीलवाड़ा) के तहसीलदार गणेश कच्छावा और उनके बिचौलिए ई-मित्र संचालक हेमराज खटीक को 60 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह रिश्वत परिवादी की फर्म द्वारा लीज पर ली गई जमीन की डीड रजिस्ट्रेशन के एवज में मांगी गई थी।

परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपनी फर्म की ग्राम जवानपुरा (तहसील अंटाली) में लीज पर ली गई जमीन का रजिस्ट्रेशन कराने के लिए ई-मित्र संचालक हेमराज खटीक से मिला था। हेमराज ने तहसीलदार से काम करवाने के बदले एक एसी और प्रति बीघा 10,000 रुपये रिश्वत की मांग की। सत्यापन के दौरान सामने आया कि तहसीलदार गणेश कच्छावा ने ई-मित्र संचालक के मार्फत यह सौदा तय किया था।

## 'वैध अनुमति लेकर चौहारे पर मूर्ति की स्थापना पर एतराज नहीं'

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नीम का थाना में रामलीला मैदान के पास चौराहे पर प्रतिमा स्थापित करने से जुडे मामले में दायर जनहित याचिका को निस्तारित कर दिया है। अदालत ने कहा कि चौहारे पर प्रतिमा की स्थापना वैध अनुमति लेकर की गई है तो इस पर कोई एतराज नहीं किया जा सकता, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उस जगह का उपयोग कार्यक्रम आयोजित करने के लिए किया जाए। चौराहा अपने मूल स्वरूप में बना रहना चाहिए और आसपास का यातायात भी प्रभावित नहीं होना चाहिए। अदालत ने कहा कि जो लोग प्रतिमा में आस्था रखते हैं वे यहां माला चढा सकते हैं, लेकिन यहां कोई कार्यक्रम आयोजित करने और यातायात में रुकावट डालने के लिए जगह पर कब्जा नहीं करेंगे। एक्टिंग सीजे एसपी शर्मा और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश आस्था जन कल्याण समिति व अन्य की ओर से दायर जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए दिए।

जनहित याचिका में अधिवक्ता विकास कुमार ने कहा कि कुछ लोगों ने मौके पर रातों रात चबूतरा बनाकर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा स्थापित कर दी। वहीं यहां पूजा-पाठ और धार्मिक गतिविधियां होने से इलाके के व्यस्त मार्ग पर रोजाना यातायात प्रभावित होता है।

इस पर अदालत ने कहा कि रिकॉर्ड के अनुसार संभागीय आयुक्त ने गत 30 जनवरी को कुछ पाबंदियों के साथ यहां प्रतिमा स्थापना की अनुमति दी है।

ऐसे में प्रतिमा की स्थापना को अवैध नहीं माना जा सकता, लेकिन इसका अर्थ यह भी नहीं है कि इसे धार्मिक उत्सव आयोजित करने की जगह बनाकर यातायात बाधित किया जाए। जिसके साथ ही खंडपीठ ने इस संबंध में दायर जनहित याचिका को निस्तारित कर दिया है।

## 'गैस, तेल और खाद्य सामग्री की कोई कमी नहीं, कांग्रेस झूठ फैलाकर डर का माहौल बना रही'

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस नेताओं की ओर से गैस, तेल और खाद्य सामग्री की कमी को लेकर लगाए जा रहे आरोपों को भ्रामक और तथ्यहीन बताते हुए कहा कि प्रदेश में किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ फैलाकर जनता में डर और भ्रम का वातावरण बनाने का प्रयास कर रही है, जो उनकी पुरानी राजनीतिक परिपाटी रही है।

मदन राठौड़ ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि बिना तथ्यों की पुष्टि किए लगातार अनर्गल बयानबाजी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता आपदा में अवसर तलाशने की राजनीति करते हैं और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी जनता को डराकर राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़े तनाव के कारण वैश्विक स्तर पर आपूर्ति शृंखला से जुड़ी चुनौतियां अवश्य उत्पन्न हुई हैं, लेकिन भारत सरकार की दूरदर्शी नीतियों और मजबूत तैयारियों के कारण देश पर इसका प्रभाव बेहद सीमित रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हर स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और आवश्यक कदम उठा रही है।भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने स्पष्ट किया कि खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय जमाखोरी और कालाबाजारी पर कड़ी निगरानी रख रहा है। कहीं भी ऐसी गतिविधियों की सूचना मिलने पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जा रही है। भारत के पास गैस और तेल के पर्याप्त भंडार उपलब्ध हैं और प्रदेश में भी गैस, तेल तथा खाद्य सामग्री की कोई कमी नहीं है।

## सहकारिता मंत्री ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर तैयारियों का जायजा लिया



**सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने दुर्गापुरा में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।**

**जयपुर।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 मार्च (शुक्रवार) को "पीएम-किसान उत्सव दिवस" के अवसर पर पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित करेंगे। गुवाहाटी, असम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में देश के 9 करोड़ 32 लाख से अधिक कृषकों को 18 हजार 640 करोड़ से अधिक की राशि हस्तान्तरित की जाएगी। दक ने बताया कि राज्य के 66.76 लाख से अधिक किसानों को 1335 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की जाएगी। प्रति किसान 2 हजार रुपये की राशि किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी। इस अवसर पर राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान, दुर्गापुरा में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शामिल होंगे। साथ ही, राज्य के सभी जिलों में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने गुरुवार को दुर्गापुरा पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

▪ प्रधानमंत्री शुक्रवार को ''पीएम-किसान उत्सव दिवस'' के अवसर पर पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित करेंगे

योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की राशि तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। अब तक योजना के अंतर्गत 21 किस्तों के माध्यम से 4.09 लाख करोड़ की राशि हस्तान्तरित की जा चुकी है।

#SPECIMEN

# A Cruel People

### The Tragic Story of Ota Benga: When a Human Was Put in a Cage



In the early 1900s, as the world grappled with colonialism, racism, and pseudo-scientific ideologies, a young Congolese man named Ota Benga became the subject of one of the most horrifying examples of dehumanization in modern history. His life, marked by violence, captivity, and exploitation, serves as a haunting reminder of the dangers of scientific racism and the complete disregard for human dignity.

#### Who Was Ota Benga?

Ota Benga was a member of the Mbuti people, one of the Indigenous pygmy groups of the Congo. In 1904, at the age of around 23, he was captured by American businessman and explorer Samuel Phillips Verner, who had been commissioned to bring African 'specimens' for the St. Louis World's Fair.

Benga's wife and children had already been killed during colonial violence, likely by the Force Publique, a brutal military force operating under Belgian King Leopold II's regime in the Congo Free State, a regime responsible for mass atrocities and millions of deaths.

#### Displayed at the St. Louis World's Fair

At the World's Fair, Benga and several other Africans were displayed in mock 'native villages' for visitors to gawk at. Benga, like many others, was treated not as a human being, but as a curiosity, an object for public amusement and pseudo-anthropological study.

Despite his suffering, Benga reportedly tried to assert his dignity, sometimes mocking the white visitors or challenging their assumptions. But his resistance could do little to protect him from what came next.

#### The Bronx Zoo Incident

In 1906, after returning briefly to Africa and then coming back to the U.S., Ota Benga found himself under the care of William Temple Hornaday, the director of the Bronx Zoo in New York City. Hornaday was a respected zoologist, but he also held deeply racist views that were common among white elites at the time.

Shockingly, Hornaday placed Ota Benga in the zoo's Monkey House, alongside an orangutan, parrots, and other animals. A sign outside his cage read: "The African Pygmy, 'Ota Benga.' Age, 23 years. Height, 4 feet 11 inches. Weight, 103 pounds. Brought from the Kasai River, Congo Free State, South Central Africa, by Dr. Samuel P. Verner."

Crowds came in the thousands to see him. Some mocked him. Others threw things. He was caged. A human being reduced to an exhibit. Even in that era, some black ministers and newspapers condemned the act, calling it inhumane and racist. The public outcry eventually forced the zoo to release Benga from the exhibit, but the damage had already been done.

#### A Life Cut Short

After being freed from the zoo, Ota Benga was placed in the care of Black institutions and lived for some time in Lynchburg, Virginia. He attempted to build a life, learned English, had his teeth fixed (which had been filed to sharp points as part of his cultural tradition), and hoped to return to Africa. But the trauma he endured, the isolation, and the loss of his homeland took a devastating toll. In 1916, at the age of 32, Ota Benga died by suicide. He shot himself in the heart with a borrowed pistol.

#### The Legacy and Lessons

Ota Benga's story is more than just a bizarre footnote in history. It's a profound indictment of scientific racism, colonial arrogance, and dehumanization. His life, and the way it was exploited, reflects how institutions that were seen as enlightened (zoos, museums, universities) were complicit in treating people from colonized nations as less than human.

In modern times, his story has been revisited in books, films, and academic work as a way to confront the disturbing legacies of white supremacy and to ensure that such atrocities are never forgotten.

#### Final Thoughts

Ota Benga was not a curiosity. He was a man with a name, a past, a family, and a culture. His tragic life is a stark reminder of what happens when societies strip individuals of their humanity in the name of science, entertainment, or profit.

Remembering Ota Benga is not just about mourning a horrific injustice, it's about facing uncomfortable truths, acknowledging historical wrongs, and recommitting to the dignity and worth of all human beings.






Sunita Devi and Jacob Epstein, c. 1925.

The sisters entered Jacob Epstein's orbit in 1925, shortly after the British Empire Exhibition. One account suggests that the painter Matthew Smith (1879-1959) first encountered Sunita and made her his muse. One of his best-known paintings of her is *A Red Sari: Sunita Reclining*. A few months later, she began modelling for Epstein, as did her son and, on occasions, her sister. Epstein described her as one of those 'divinely discontented models,' possessing an 'exotic, undefinable quality.'



Madonna and Child.

# Sculptor Jacob Epstein's Muse

#ART

**Bulbul Joshi**

In 1925, British newspapers announced that the eminent sculptor Jacob Epstein had found a new muse. She was neither English nor European. *The Daily Record* described her as beautiful 'in a way that perhaps only women of the east can be beautiful,' praising the inscrutability of her expression, the 'symmetry of her form and dignity of mien.' Her name was Sunita Devi and she had arrived from India with a small child, an older sister and a past that has now blurred into legend.

Sunita posed for many of Epstein's ambitious works. She became the face of his celebrated *Madonna and Child* as well as *Lucifer*, and the subject of several of his drawings and sculptures. Other women competed for Epstein's attention too, but, if British newspapers are to be believed, it was Sunita who was the most intriguing and enigmatic of them all. By the time she disappeared from London six years later, she had left behind a trail of rumours and sculptures that bear her features

Almost everything known about Sunita before her arrival in England comes second-hand from Epstein's biographers and from newspapers eager for sensation.

She was born in 1897, according to some accounts, and was said to be a Kashmiri Muslim. Her original name was Amina or Armina. She lived in Bombay with her husband Ahmed Peerbhoy, heir to one of the city's most influential business families. Adamjee Peerbhoy, the family patriarch, had risen from poverty to build cotton mills and tanneries and serve as sheriff of Bombay and president of the Muslim League.

She left behind the comforts of her life in Bombay to move to England.



Art Postcard, Jacob Epstein, 1948.

### London acts

Sunita arrived in London with her young son Enver or Anvar, no more than four years old, and her older sister, Miriam Patel. One newspaper claimed that both women had 'abandoned' their husbands in India, unwilling to submit to the lives prescribed for them. Miriam shed her name and became Anita Devi. Amina was now Sunita Devi.

Another version of events suggests the sisters were entranced by Anna Pavlova when the celebrated dancer visited India in 1922. Though Pavlova claimed to be disappointed by Indian dance forms, which she felt required 'urgent revival,' she was deeply impressed by the Ajanta frescoes. In 1923, Pavlova staged two acclaimed collaborations with Uday Shankar in London: Krishna Radha and Oriental Impressions.

Whether the sisters performed in these productions is difficult to establish, but they did join Pavlova's company in 1925. In one account, provided by Sunita to a newspaper, the sisters were spotted in a London restaurant by someone, perhaps a talent scout from Anna Pavlova's company. Around this time, the sisters ran a stall at the British Empire Exhibition at Wembley Park, where they sold 'Oriental' artefacts, including ivory objects, Benares brassware, trinkets, jewellery and even items described as erotica.

While Anita continued as a dancer, performing small acts in productions such as Alf's Button and Slaves of a Caravan, Sunita's career took a very different turn. Soon, glowing reports appeared of 'Princess Sunita's' occult abilities and her supposed gifts as a psychic. Advertising her programme with the slogan 'You ask-I tell,' Sunita reportedly evoked laughter and admiration in equal measure with her uncanny responses to audience questions.

The sisters joined a troupe of magicians known as the Maysculine Brothers. Sunita also appeared in the Maskelyne brothers' magic act. One of her feats involved lying submerged in a water tank on stage for over five minutes, apparently breathing through a transparent, nearly invisible hose.

The sisters entered Jacob Epstein's orbit in 1925, shortly after the British Empire Exhibition. One account suggests that the painter Matthew Smith (1879-1959) first encountered Sunita and made her his muse. One of his best-known paintings of her is *A Red Sari: Sunita Reclining*. A few months



later, she began modelling for Epstein, as did her son and, on occasions, her sister. Epstein described her as one of those 'divinely discontented models,' possessing an 'exotic, undefinable quality.'

### Predatory figure

Sunita, Anita and Enver even became members of Epstein's household, sharing his Bloomsbury home with his sculptor wife Margaret. This arrangement was initiated by Margaret herself, largely, as Epstein's biographers suggest, to counter the influence of his younger mistress and model, Kathleen Garman. In one lurid episode, Margaret even shot Garman, and it was only Epstein's intervention that prevented the matter from being taken to the police.

Epstein was already renowned as a radical, unconventional and controversial figure. Born in New York in 1880 to Jewish parents from eastern Europe, he trained as an artist in Paris before settling in London. He drew profound inspiration from the immense Egyptian and Assyrian sculptures in the British Museum.

His career was marked early by scandal. In 1908, his monument to Oscar Wilde at Père Lachaise Cemetery in Paris provoked outrage, and his later sculptures for the British Medical Association building on the Strand attracted both admiration and condemnation for their uncompromising depictions of the human body. Similar reactions greeted Rima, his memorial to the American naturalist and writer WH Hudson in Hyde Park, though in this case, Epstein found unexpected defenders in his own models.

In his choice of sitters, Epstein gravitated towards the 'daringly different' and the 'flagrantly bohemian.' In ways that would today be described as predatory, many of his models also became his mistresses, though this cannot be established in Sunita's case. Margaret, by most accounts, actively encouraged such arrangements in order to keep Garman at bay.

Sunita appears in several of Epstein's best-known works. Between 1925 and 1931, he sculpted four figures based on her, one of Enver and one of Anita. Sunita and Enver posed together for the first version of *Madonna and Child* (1926-27). Epstein also produced numerous drawings of Sunita in pencil, charcoal and watercolour, as well as studies of mother and son and of the sisters together.

He was fascinated by what he perceived as the brooding, tragic quality of Sunita's beauty, seeing in her what he called an 'eternal Oriental type,' ideal for his conception of the Madonna. Epstein's biographer Richard Buckle described her less romantically: "Sunita was a tall woman with a huge head, and far from Madonna-like. She could find no food or drink fierce enough in taste, and used to put pepper in her whisky." Even so, Buckle conceded that she became 'perhaps the most famous of all Epstein's models.'

Epstein made only one bust of Anita, whom he found less striking than her sister. Yet, it was Anita, along with another model, Dolores, who famously stormed a London theatre to disrupt a play that mocked abstract art, including Epstein's Rima. The women hurled tomatoes and eggs at the director, Frank Worthington, before the police intervened.

### Return to India

By 1931, the trio no longer lived with Epstein, though Sunita remained a regular visitor to his studio. That year, he sculpted her half life-size in the nude, tilting the work *Reclining Goddess*. In 1931, Sunita became inexplicably entangled in contemporary political currents. The first Round Table Conference (November 1930-January 1931) convened in London to discuss the Simon Commission's recommendations, with delegates from princely states, minority groups and the British government. The Congress, whose key leaders were imprisoned during the Mahatma Gandhi-led Civil Disobedience Movement, boycotted the conference. Sunita was speculated to be a Congress spy.

Soon afterwards, Buckle writes, Sunita 'disappeared' with the secretary of a maharajah into the interior of India. Nothing further was heard of her until news arrived of her sudden and mysterious death in 1932, widely attributed to 'intestinal inflammation.' Newspapers reported that Sunita had foretold her own end, telling friends in London: "I am going to my death. I know it is so." Those who attended her funeral struggled to reconcile the name Amina Peerbhoy with the woman known to the world as Sunita Devi.

Anita returned to India upon hearing of Sunita's death, but went back to London. Enver remained in the UK, working as a manager for a company. As for Epstein, he went on to earn the admiration of a new generation of artists. On the centenary of his birth, Henry Moore paid tribute: "He bore the brunt of public criticism, in fact, he took the brick bats and made the way easier for sculptors like me coming after him." Epstein's Madonna and Child, first shown at the Museum of Modern Art in New York, is now installed at Riverside Church. His study busts of Sunita and Enver are held at the New Art Gallery Walsall, England. Lucifer, an 11-foot sculpture inspired by Milton's Paradise Lost, is housed in the Birmingham Museum. Sunita clearly relished the attention she received as Epstein's muse. In 1930, she remarked of him: "He is a wonderful man. He is kind to everybody and would not hurt a fly. Whatever people think of his art, they are always impressed by the wonderful sense of life one gets from his work."

rajeshsharma1049@gmail.com



Jacob Epstein with a bust of Sunita Devi.

#INFAMOUS

# The Mona Lisa Heist

**Ironically, Mona Lisa became a cultural icon after it was stolen from the Louvre Museum in Paris in 1911, a heist that made headlines around the world**

The Mona Lisa by Leonardo da Vinci is one of the most famous paintings in history, but its rise to global fame wasn't due to its artistry alone. Ironically, the painting became a cultural icon after it was stolen from the Louvre Museum in Paris in 1911, a heist that made headlines around the world. Even more ironically, Leonardo himself never referred to the painting by the name Mona Lisa, and it was far from the world-famous masterpiece we know today during his lifetime. It was the dramatic theft and subsequent media frenzy that transformed the Mona Lisa into the globally recognized painting it is today.



#### Leonardo's Unnamed Masterpiece

Leonardo da Vinci painted the Mona Lisa between 1503 and 1506, although some believe that it took him even longer to finish. The painting is thought to depict Lisa Gherardini, the wife of a wealthy Florentine merchant, Francesco del Giocondo, which is why it is also called La Gioconda in Italian. Despite its exquisite quality, the Mona Lisa was not widely acknowledged as one of Leonardo's greatest works during his life. In fact, Leonardo never named the painting and, for much of its early history, it was just another portrait hanging in royal collections.

After being acquired by King Francis I of France in the 16th century, the painting was eventually moved to the Louvre Museum in Paris. For centuries, it remained one of many art pieces in the Louvre and wasn't particularly famous until the early 20th century.

#### The Theft: A Crime That Changed Everything

On August 21, 1911, the Mona Lisa was stolen from the Louvre by Vincenzo Peruggia, an Italian handyman and painter who had worked at the museum. Peruggia believed that the painting belonged in Italy, as he felt it had been wrongly taken by France during Napoleon's conquests. He planned to return the Mona Lisa to Italy and staged a theft to make this happen.

#### A Worldwide Sensation

At first, authorities were baffled by the disappearance. There were no signs of forced entry, and the museum had been locked down for hours. The theft became a media sensation, and newspapers around the world covered the story in great detail. For the first time, the Mona Lisa was thrust into the global spotlight.

Despite the painting's high profile in the Louvre, it had never been considered the most famous or valuable work in the museum. But now, with the Mona Lisa missing, people became obsessed with the mystery of its disappearance. The public became fascinated with the painting itself, and its notoriety soared. The painting had become more than just a work of art, it had become a symbol of intrigue, mystery, and cultural loss.

#### The Recovery: The Painting's Return to France

For more than two years, Peruggia kept the Mona Lisa hidden in his apartment in Florence, Italy. He tried to sell the painting to various art dealers, but no one was fooled. In 1913, Peruggia attempted to sell the painting to Giovanni Poggi, an Italian art dealer, who recognized the painting immediately. Poggi contacted the authorities, and after an investigation, Peruggia was arrested. The painting was returned to the Louvre in 1914, just in time for the start of World War I.

The Mona Lisa's return was a major event, but the painting's fame had already skyrocketed during its absence. The story of its theft had turned the artwork into an international sensation, and its cultural value was now beyond measure. The Mona Lisa was no longer just a beloved portrait, it had become a symbol of art crime, mystery, and national pride.

#### Post-Theft Fame: From Mystery to Icon

After its recovery, the Mona Lisa was placed back on display at the Louvre, but its status had forever changed. The painting had been transformed from a relatively unknown work of art into the most famous painting in the world, thanks to the sensational media coverage of its theft. The media frenzy surrounding its disappearance made it one of the most talked-about paintings in history, and the Mona Lisa's newfound fame has only grown since.

Today, the Mona Lisa is one of the most visited artworks in the world, attracting millions of visitors to the Louvre every year. Its fame continues to grow, and it remains a symbol of the power of art, mystery, and intrigue. What was once a relatively unknown painting has become an icon, its legacy cemented not only by its artistic qualities but by the incredible story of its theft.

#### The Irony: Fame Through Theft

The most ironic part of the Mona Lisa's fame is that Leonardo da Vinci never viewed it as the masterpiece it would later become. He never named it, and it wasn't widely celebrated during his lifetime. It was the painting's theft, its time in hiding, and the intense media coverage that transformed it from a lesser-known work into a global symbol of art. Today, the Mona Lisa's fame is inseparable from the story of its theft and recovery, making its legacy a fascinating example of how art's value can sometimes be shaped as much by the stories surrounding it as by its intrinsic qualities.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# प्रदेश में आरटीई के तहत निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए लॉटरी निकाली

## स्टूडेंट्स के प्रवेश की प्राथमिकता का क्रम तय किया गया

- अब ई-मित्र के माध्यम से ही अभिभावक लॉटरी में अपना नंबर देख सकते हैं, इस साल राज्यभर से करीब 6.34 लाख आवेदन आए थे

**बीकानेर, (निसं)।** प्रदेश में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए गुरुवार को जयपुर के शिक्षा संकुल में लॉटरी निकाली गई। स्टूडेंट्स के प्रवेश की प्राथमिकता का क्रम तय किया गया। पहले यह लॉटरी सुबह 11:30 बजे घोषित होनी थी, लेकिन बाद में इसका समय बदलकर शाम 4 बजे कर दिया गया था। हालांकि दोपहर एक बजे ही लॉटरी निकाली गई और अभिभावकों को सूचना मिलनी शुरू हो गई। अब ई-मित्र के माध्यम से ही अभिभावक लॉटरी में अपना नंबर देख सकते हैं। इस साल राज्यभर से करीब 6.34 लाख आवेदन आए हैं। वहीं निजी स्कूल संचालकों का कहना है कि नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी की फीस का भुगतान सरकार की ओर से नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फ्री शिक्षा योजना सरकार की है, इसलिए भुगतान भी सरकार को ही करना चाहिए।

निजी स्कूलों में आरटीई के तहत निशुल्क प्रवेश के लिए गुरुवार दोपहर जयपुर के शिक्षा संकुल में लॉटरी निकाली गई। इस बार पीपी-3 प्लस, पीपी-4 प्लस, पीपी-5 प्लस और पहली कक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन मांगे गए थे। आवेदन के दौरान अभिभावकों को 5 स्कूलों तक का चयन करने का विकल्प दिया गया था। इसके तहत नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी और फर्स्ट क्लास में एडमिशन होंगे। यू-डाइस आंकड़ों के अनुसार राजस्थान में करीब 33 हजार 548 प्राइवेट स्कूल हैं। इस तरह राज्य में कुल स्कूलों की संख्या एक लाख से ज्यादा है।

शिक्षा विभाग ने आरटीई के तहत प्रवेश के लिए 20 फरवरी से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की थी। आवेदन की अंतिम तिथि 10 मार्च तय की गई थी। प्रदेशभर से 6 लाख 25 हजार 146 बालक-बालिकाओं ने 33 हजार 137 निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए कुल 19 लाख 92 हजार 357 आवेदन किए। इनमें 3 लाख 29 हजार 165 छात्र, 2 लाख 95 हजार 970 छात्राएं तथा 11 थर्ड जेंडर आवेदक शामिल हैं। अब लॉटरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद चयनित स्टूडेंट्स के एडमिशन की आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

उधर, प्राइवेट स्कूल संचालकों ने सरकार पर फीस का भुगतान नहीं करने का आरोप लगाया है। बीकानेर प्राइवेट स्कूल क्लब के अध्यक्ष मनोज व्यास ने कहा कि नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी की फीस का भुगतान सरकार की ओर से नहीं किया जा रहा है।

इस बार निशुल्क एडमिशन के लिए फर्जी डाक्यूमेंट्स लगाने वालों पर स्कूल प्रबंधन की ओर से एफआईआर करवाई जा सकती है। इसी कारण सरकार ने आवेदन के दौरान पैन कार्ड धारकों से पैन नंबर भी मांगा है। अगर आय प्रमाण पत्र गलत पाया गया तो स्कूल प्रबंधन इन्हें दर्ज करवा सकता है। बीकानेर जिले में भी आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए बड़ी संख्या में आवेदन हुए हैं। जिले के प्राइवेट स्कूलों में आरटीई सीटों पर एडमिशन के लिए अभिभावकों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। लॉटरी के बाद चयनित स्टूडेंट्स को तय प्राइवेट स्कूलों में निशुल्क एडमिशन दिया जाएगा।

माध्यमिक एवं प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने बताया कि एक आवेदनकर्ता अधिकतम पांच स्कूलों में आवेदन कर सकता है। लॉटरी जारी होने के बाद अभिभावक अपने स्कूल चयन क्रम में 16 मार्च 2026 तक परिवर्तन कर सकेंगे। इसके बाद 17 मार्च को उपलब्ध सीटों के आधार पर स्टूडेंट्स को विद्यालय आवंटित किए जाएंगे। स्कूलों द्वारा आवेदकों के दस्तावेज का सत्यापन 25 मार्च 2026 तक किया जाएगा। यदि किसी आवेदनकर्ता को प्रवेश संबंधी कोई परिवेदना हो, तो वह अपने लॉगइन के माध्यम से 2 अप्रैल 2026 तक आरटीई पोर्टल पर दर्ज करा सकता है। इन परिवेदनाओं का निस्तारण संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी तथा संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा संभाग स्तर पर किया जाएगा।

यदि प्रथम चरण के बाद भी सीटें रिक्त रहती हैं, तो 7 अप्रैल 2026 को द्वितीय चरण में विद्यालय आवंटन किया जाएगा। इसके बाद भी रिक्तियां रहने पर 22 अप्रैल 2026 को तृतीय चरण में विद्यालय आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। लॉटरी के बाद अभिभावकों को यह जानकारी दी गई है कि उन्होंने जिन पांच स्कूलों का चयन किया था, उनमें उनके बच्चे की प्राथमिकता क्या है। अभिभावकों को अब उन स्कूलों में से ऐसे स्कूल का चयन करना होगा, जहां प्रवेश की संभावना अधिक हो। वहां जाकर मूल दस्तावेज जमा कराने होंगे। इसके बाद स्कूल प्रबंधन दस्तावेज का सत्यापन करेगा। यदि बच्चा उसी नगर निगम वार्ड का है जहां स्कूल स्थित है, तो उसे प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। दूसरे वार्ड के मामले में आपत्ति दर्ज हो सकती है, जिसे संबंधित कार्यालय में आवेदन देकर दूर किया जा सकेगा। सभी स्टूडेंट्स की पढ़ाई एक अप्रैल से शुरू होगी।

# उदयपुर में बीस हजार रूपये की रिश्वत लेते कांस्टेबल गिरफ्तार

- सीओ पूर्व कार्यालय के साथी पुलिस कर्मियों की तलाश जारी

**उदयपुर, (कासं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की स्पेशल टीम ने पीड़ित से बीस हजार रूपये रिश्वत लेने वाले सीओ पूर्व कार्यालय के कांस्टेबल को रंगे हाथों गिरफ्तार किया, जबकि साथी पुलिस कर्मियों की तलाश की जा रही है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो स्पेशल यूनिट उदयपुर पर परिवादी ने शिकायत की कि मेरा एकलिंगपुरा अण्डरपास के पास प्रतापनगर रोड़ की तरफ कार सर्विस का गैराज है, चार-पांच दिन पूर्व तीन-चार पुलिस वाले सादी वर्दी में सरकारी गाड़ी लेकर मेरे गैराज पर आये, जिनमें नागेन्द्रसिंह, शक्तिसिंह,अर्जुनसिंह व अनिल मीणा थे। उन्होंने डिप्टी साहब की स्पेशल टीम में होना बताया। जिन्होंने गाड़ियों के बोनट खोल कर चैक किये और मुझे धमकाया कि चोरी की गाड़ियां काटते हो, तुम्हारे खिलाफ शिकायत है। जिस पर मैने सारी गाड़ियों के कागज उन्हें दिखाये तो कहने लगे कि तुम्हारे गैराज में नाबालिग काम करते हैं, तेरे खिलाफ मुकदमा दर्ज करेंगे, तुम जीएसटी भी नहीं भरते हो, तुम्हारा गैराज सीज करवा देंगे। उसके बाद से सभी आए दिन गैराज पर आकर चैकिंग कर मुझे डरा धमकाकर परेशान कर रहे हैं और मेरे खिलाफ कार्रवाई नहीं करने की एवज में 50 हजार रूपये मांग रहे हैं। इस पर मैने हाथ जोड़ी कर 25 हजार रूपये लेने की सहमति बनी। जिस पर उपमहानिरीक्षक एसीबी उदयपुर के डॉ. रामेश्वरसिह के सुपरविजन में एसीबी स्पेशल यूनिट प्रभारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजीव जोशी के नेतृत्व में सीआई लक्ष्मण डांगी मय टीम ने रिश्वत राशि मांग का सत्यापन किया। जिसमें कांस्टेबल नागेन्द्रसिंह, एएसआई शक्तिसिंह शक्तिसिंह, कांस्टेबल अनिल मीणा द्वारा परिवादी महेन्द्र डांगी को उसके विरूद्ध कार्रवाई नहीं करने एवं गैराज को सुचारू रूप से चलाने देने की एवज में 25 हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परिवादी द्वारा रूपये कम करने की मांग करने पर 20 हजार रूपये लेने की सहमति एंव देने की पुष्टि हुई। जिस पर 11मार्च को ब्यूरो की टीम द्वारा अग्रिम ट्रेप कार्रवाई करते हुए आरोपी नागेन्द्रसिंह वृत्त स्पेशल टीम वृत्त नगर पूर्व उदयपुर द्वारा परिवादी से 20 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ में बताया कि स्पेशल टीम के सदस्य शक्तिसिंह, अर्जुनसिंह, अनिल मीणा हमेशा ही सरकारी वाहन से सर्कल में जाते हैं, आज मैं अकेले ही मोटरसाइकिल पर आया हूं। वृत्त नगर पूर्व की स्पेशल टीम के अन्य आरोपी सदस्य एएसआई शक्तिसिंह, हैड कांस्टेबल अर्जुनसिंह व अनिल कांस्टेबल की तलाश जारी है। इस मामले में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान जयपुर के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्रवाई की जा रही है।

# शराब से भरा टेम्पो पकड़ा, दो तस्कर गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे-48 पर एक टेम्पो से अवैध शराब जब्त की है। गत्तों की आड में 35 कार्टन शराब गुजरात ले जाई जा रही थी। पुलिस ने टेम्पो ड्राइवर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 2 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है।

जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि डीएसटी को बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी की सूचना मिली थी, जिसके बाद निगरानी शुरू की गई। इस दौरान डीएसटी ने एनएच-48 पर बिछीवाड़ा में एक 3 पहिया टेम्पो को रोका। टेम्पो में गत्ते, स्क्रेप और कबाड़ भरा हुआ था। हालांकि, पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस ने तलाशी ली तो कबाड़ के नीचे अवैध शराब के कार्टन छिपाकर रखे गए थे। टेम्पो ड्राइवर शराब के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका और न ही उसके पास शराब परिवहन के कोई वैध दस्तावेज थे। पुलिस ने टेम्पो से 35 कार्टन अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की। टीम ने मौके से नानू पुत्र पोखर गुर्जर निवासी मालक मालिया, थाना देवगढ़, जिला राजसमंद और मुकेश पुत्र कैलाशनाथ जोगी निवासी कोठी, थाना पारोली, जिला भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों और जब्त वाहन को लेकर कानूनी कार्रवाई के लिए बिछीवाड़ा थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

# कोटा : यूडी टैक्स जमा नहीं करवाने पर कार्रवाई

## दो मैरिज गार्डन, तीन शोरूम सीज़ किए

**कोटा, (निसं)।** नगरीय विकास कर जमा नहीं करवा रहे लोगों के खिलाफ नगर निगम ने गुरूवार को एक बार फिर कार्रवाई की। निगम की टीम ने गुरूवार को शहर में दो मैरिज गार्डन व तीन शोरूम सीज कर दिए। यह कार्रवाई होते ही हड़कंप की स्थिति बन गई और शाम तक एक दुकान मालिक ने बकाया करीब 4 लाख रूपए का यूडी टेक्स जमा करवा दिया। आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने बताया कि नगरीय विकास कर के बकाए की वसूली के लिए कार्य योजना तैयार की गई हैं। उपायुक्त राजस्व धीरज कुमार सोनी के नेतृत्व में एक टीम लगातार उन सभी बकायादरों से सम्पर्क कर रही है जो लंबे समय से नगरीय विकास कर जमा नहीं करवा रहे हैं। पूर्व में भी निगम ने आकाश मॉल सहित कई दुकानों को सीज किया था।

अब निगम ने गुरुवार को सबसे पहले रायपुरा स्थित मरियम मैरिज गार्डन और गुलमोहर मैरिज गार्डन तथा मोटर मार्केट स्थित दो व शॉपिंग सेंटर स्थित एक दुकान को सीज कर दिया। इन सभी पर 33 लाख रूपए से अधिक का नगरीय विकास कर बकाया चल रहा था। ऐसे में शॉपिंग सेंटर स्थित साड़ी के शोरूम संचालकों ने कुछ ही देर बाद बकाया 4 लाख रुपए नगरीय विकास कर जमा करवा दिया जिस पर सीज को खोल दिया गया। बाकी दुकानदार भी शाम होते-होते अपना बकाया यूडी टैक्स की जानकारी लेने निगम कार्यालय पहुंच गए।

आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने बताया कि नगरीय विकास कर वर्ष 2007 से संपूर्ण राजस्थान में लागू है। ऐसे में वे सभी आवासीय भवन और प्लॉट जो 2700 वर्ग फीट क्षेत्र से अधिक के हैं तथा व्यावसायिक प्लॉट और भवन जो 900 स्क्वायर फीट से अधिक क्षेत्र के हैं, सभी वर्ष 2007 से ही नगरीय विकास कर के दायरे में आते हैं। इन सभी भूखंड और भवन मालिकों से आग्रह है कि वे निगम कार्यालय में संपर्क कर अपना बकाया यूडी टैक्स जल्द से जल्द जमा करवा दें। आने वाले दिनों में निगम बकायेदारों के खिलाफ सीजिंग की कार्रवाई को और गति देगा।

आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने बताया कि 2700 वर्गफीट से अधिक के आवासीय भवन और प्लॉट तथा 900 वर्गफीट से अधिक वाणिज्यिक भवन और प्लॉट नगरीय विकास कर के दायरे में आते हैं। नगरीय विकास कर भूखण्ड स्वामी के स्वनिर्धारण पर आधारित है, इस कारण कोई भी व्यक्ति नोटिस नहीं मिलने की बात कहकर कर जमा करवाने एसे बच नहीं सकता।

# अलवर के जंगल में लगी भीषण आग आईटीबीपी ट्रेनिंग कैंप तक पहुंची

## तेज हवा से एक किमी तक फैली आग को ग्रामीण और जवान बुझाने में जुटे

**अलवर, (निसं)।** अलवर के जंगल में गुरुवार दोपहर अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग करीब एक किलोमीटर के दायरे में फैल गई।

घटना बेरेबास स्थित आईटीबीपी ट्रेनिंग कैंप के पास की है। तेज हवा से आग की लपटें कैंप के अंदर के हिस्से तक भी पहुंच गई, जिससे कैंप के अंदर के जंगल में भी आग लग गई। इससे कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही आईटीबीपी के जवान मौके पर पहुंचे। आसपास के ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। करीब 45 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काफी हद तक काबू पा लिया, हालांकि कुछ स्थानों पर आग अभी भी सुलग रही है। आग को बुझाने में करीब 50 जवान और 100 ग्रामीण जुटे हैं। इस दौरान बेरेबास गांव और कंवर सिंह का बास के ग्रामीण भी मौजूद हैं।

बेरेबास गांव के ग्रामीण कासम ने बताया कि दोपहर करीब एक बजे जंगल में आग लगी थी। शुरुआत में आग छोटी लग रही थी, लेकिन तेज हवाओं के कारण वह तेजी से फैल गई। देखते ही देखते करीब एक किलोमीटर क्षेत्र में फैल गई। आग कैंप के अंदर के हिस्से तक भी पहुंच गई, जिसके बाद आईटीबीपी के जवान भी बाहर आए और ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाने में जुट गए।

# कॉस्टेबल की हत्या के दोषी दस जनों को उम्रकैद

**कोटा, (निसं)।** पिस्टल से फायरिंग कर गोली मारकर कॉन्स्टेबल की गई हत्या के करीब सात साल पुराने मामले में एससी/एसटी न्यायालय ने सुनवाई करते हुए पकड़े गये दस आरोपियों को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। रंजिश के चलते की गई हत्या के मामले में एससी/एसटी न्यायालय के न्यायाधीश ने सुनवाई करते हुए गोली मारकर अभिमन्यू हत्याकांड के आरोप में पकड़े गये आरोपियों को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा से दंडित किया।

विशिष्ट लोक अभियोजक रितेश मेवाड़ा ने बताया कि 4 फरवरी 2019 को फरियादी पंकज बागरी ने कैथून थाने में रिपोर्ट दी थी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि 3 फरवरी को अपने घर गलाना में सो रहे थे, तब मेघराज नागर अपने बेटों कुशराज, रामराज, तीरथराज अन्य साथियों के साथ घर पर आया और घर पर हमला कर दिया और हमले के दौरान तीरथराज ने उसके चाचा अभिमन्यु पर फायरिंग कर दी और पिता मथुरालाल के साथ मारपीट व हमला कर फरार हो गये। रिपोर्ट में कहा कि हमले में घायल उसके पिता मथुरालाल व चाचा अभिमन्यू को अस्पताल लेकर आये, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद अभिमन्यू को मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट में कहा कि मेघराज व उसके चाचा अभिमन्यू की 2 फरवरी 2019 को किसी बात को लेकर विवाद हो गया था, जिसकी रंजिश के चलते मेघराज ने अपने बेटों व अन्य साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया है, जिसमें अभिमन्यू की मौत हो गई। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मेघराज व उसके बेटों व अन्य के खिलाफ हत्या की धारा सहित अन्य धाराओं व एससी/एसटी एक्ट में मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए गलाना निवासी मेघराज, उसके बेटे कुशराज, रामराज, तीरथराज सहित दिनेश, भगवान, नवीन कुमार, ओमप्रकाश, हेमराज एवं शैलेन्द्र को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अनुसंधान करते हुए आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया। विशिष्ट लोक अभियोजक ने बताया कि मृतक पुलिसकर्मी का भाई था। ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीणा ने बताया कि गोलीकांड में मृतक अभिमन्यु कॉन्स्टेबल के पद पर था। मामले में 40 गवाहों के बयान दर्ज कराये गये।

# सिलेंडरों की किलल्त को लेकर चूरू में प्रदर्शन

**चूरू, (निसं)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार चूरू जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से चूरू जिलाध्यक्ष व सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल के नेतृत्व में गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि, आपूर्ति में बाधित सप्लाई और कालाबाजारी के विरोध में केन्द्र सरकार के खिलाफ जिला कलैक्ट्रेट के आगे धरना-प्रदर्शन किया।

ईंधन की उपलब्धता को लेकर चूरू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व सुजानगढ विधायक मनोज मेघवाल ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मीडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के दूसरे सप्ताह में प्रवेश करने के साथ ही होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री यातायात में व्यवधान के बीच सरकार ईंधन की उपलब्धता को लेकर जनता को गुमराह कर रही है। मेघवाल ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण लगातार महंगाई बढ़ रही है, घरेलू गैस सिलेंडर पर 60 रूपये और व्यावसायिक सिलेंडर पर 110 रूपये की बढ़ोतरी ने आमजन की रसोई में खटास पैदा कर दिया है।

# 33 केवी लाइन की चपेट में आया टेंटकर्मी

## शादी की तैयारियों में हुआ हादसा

**रामगंजमंडी, (निसं)।** क्षेत्र के मायला गांव स्थित सामुदायिक भवन में शादी समारोह की तैयारियों के दौरान बड़ा हादसा हो गया। टेंट लगाने का काम कर रहा एक युवक अचानक 33 केवी बिजली लाइन की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों में दहशत का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार घायल युवक की पहचान विकास कुमार (20) पुत्र बिट्ठल, निवासी दुर्जनपुरा गांव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गांव के सामुदायिक भवन में शादी समारोह के लिए टेंट लगाने का काम चल रहा था। इसी दौरान टेंट की लोहे की पाइप ऊपर उठाते समय वह पास से गुजर रही 33 लकेवी बिजली लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे तेज करंट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

वहीं समारोह के दौरान हुये हादसे के तुरंत बाद वहां मौजूद लोगों ने तुरंत युवक को संभाला और स्थानीय लोगों की मदद से उसे रामगंजमंडी के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत ज्यादा गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए झालावाड़ जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए। शादी की तैयारियों के बीच हुए इस हादसे से गांव में चिंता और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रशासन और बिजली विभाग से मांग की है कि सार्वजनिक स्थानों और कार्यक्रम स्थलों के पास से गुजर रही हाई वोल्टेज बिजली लाइनों के प्रति सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# घर में युवक का शव मिला

**रामगंजमंडी, (निसं)।** आदर्श नगर रामगंजमंडी में गुरुवार सुबह एक युवक का शव उसके ही घर में मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर एकत्रित हो गए। मृतक की पहचान सुरेश सेन पुत्र गोरधन लाल सेन निवासी आदर्श नगर रामगंजमंडी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार सुबह युवक घर के अंदर अचेत अवस्था में मिला। परिजन तुरंत उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेकर कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# रेल दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपये देने का आदेश

- जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने यह भी निर्देश दिया कि 45 दिन के भीतर भुगतान नहीं होने पर 11 जुलाई 2023 से वसूली तक 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देना होगा

**जालोर, (कासं)।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जालोर के पीठासीन अधिकारी धनश्याम यादव ने एक महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए रेल दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिजनों को बीमा क्लेम की राशि दिलाने का आदेश दिया है। आयोग ने संबंधित अधिकारियों को 45 दिन के भीतर 10 लाख रुपये की बीमा राशि भुगतान करने के साथ तीस हजार रूपये का जुर्माना लगाया।

परिवादी फरीदा बानो पत्नी स्व. हकीम खां निवासी खेडा बोरटा ने उपभोक्ता आयोग में परिवाद पेश कर बताया कि उनके पति हकीम खां ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत 24 अप्रैल 2022 को ई-मित्र के माध्यम से बीमा निदेशक राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग जालोर से करवाया था और इसके लिए 850 रुपये प्रीमियम जमा कराया गया था। योजना के अनुसार 1 मई 2022 से 30 अप्रैल 2023 तक बीमा अवधि मान्य थी। 24 अक्टूबर 2022 को उनके पति खेत पर जाते समय रेलवे पटरी पार करते वक्त ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। इसके बाद परिजनों ने दुर्घटना बीमा क्लेम के लिए आवेदन किया, लेकिन यह कहते हुए दावा अस्वीकार कर दिया गया कि बीमा प्रीमियम संबंधित खाते में जमा नहीं हुआ था। मामले की सुनवाई के बाद आयोग ने पाया कि संबंधित विभागों की लापरवाही के कारण परिवादियों को बीमा लाभ नहीं मिल पाया। इस पर आयोग ने राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग और जिला कलैक्टर जालोर को आदेश दिया कि वे संयुक्त रूप से परिवादियों को 10 लाख रुपये बीमा क्लेम राशि अदा करें। आयोग ने यह भी निर्देश दिया कि 45 दिन के भीतर भुगतान नहीं होने पर 11 जुलाई 2023 से वसूली तक 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना होगा। इसके अलावा आयोग ने मानसिक कष्ट व आर्थिक हानि के लिए 20 हजार रुपये तथा परिवाद व्यय के रूप में 10 हजार रुपये सहित कुल तीस हजार रूपये देने का भी आदेश दिया है।

# पावटा में अस्थाई डंपिंग यार्ड में आग लगी, बड़ा हादसा टला

- डंपिंग यार्ड में बड़ी संख्या में गौवंश के रहने के कारण स्थिति गंभीर हो सकती थी
- गौ रक्षकों की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया, फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया

**पावटा, (निसं)।** पावटा कस्बे में गोपाल भैया मंदिर के पास पावटा प्रागपुरा नगरपालिका द्वारा बनाये हुये अस्थाई डंपिंग यार्ड में गुरुवार को अज्ञात कारणों से अचानक आग लगने से आसपास हड़कंप मच गया। डंपिंग यार्ड में बड़ी संख्या में गौवंश के रहने के कारण स्थिति गंभीर हो सकती थी, लेकिन समय रहते गौ रक्षकों की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया।



पावटा पालिका द्वारा बनाये हुये अस्थाई डंपिंग यार्ड में लगी आग को फायर बिग्रेड की मदद से बुझाया।

जानकारी के अनुसार डंपिंग यार्ड में अक्सर बड़ी संख्या में गौवंश कचरे के बीच अपना पेट भरने के लिए पहुंचता है। आग लगने की सूचना मिलते ही गौ रक्षक और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और गौवंश को सुरक्षित स्थान पर हटाया। उनकी तत्परता के चलते कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। वहीं मौके पर पहुंची पालिका फायर बिग्रेड द्वारा आग पर काबू पा लिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि डंपिंग यार्ड में रोजाना बड़ी संख्या में गौवंश कचरे के बीच प्लास्टिक की पॉलीथिन और अन्य हानिकारक सामग्री खाकर अपना पेट भरने को मजबूर हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर चिंता जताते हुए प्रशासन से डंपिंग यार्ड की उचित व्यवस्था करने और गौवंश के लिए सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कचरे के उचित निस्तारण और गौवंश की सुरक्षा को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है।

# जोधपुर में मातृभाषा उत्सव 16 मार्च को

**जोधपुर, (कासं)।** महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश शोध केन्द्र, मेहरानगढ़, राजस्थानी विभाग और बाबा रामदेव शोधपीठ, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मातृ भाषा उत्सव 16 मार्च को समारोह पूर्वक मनाया जायेगा।

महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश शोध केन्द्र के सहायक निदेशक डॉ. महेन्द्रसिंह तंवर एवं राजस्थानी विभागाध्यक्ष डॉ. गजेसिंह राजपुरोहित ने बताया कि जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर (डॉ.) पवन कुमार शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं हेमलता राज्ये की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में ख्यातनाम कवि आलोचक एवं साहित्य अकादमी में राजस्थानी परामर्श मण्डल के संयोजक प्रोफेसर (डॉ.) अर्जुनदेव चारण मुख्य वक्ता होंगे। प्रतिवर्ष दिया जाने वाला "हाजी जफ़र खाँ सिंधी राजस्थानी पुरस्कार" इस वर्ष आकाशवाणी केन्द्र, जोधपुर के प्रतिष्ठित राजस्थानी उद्घोषक गौतम राज नवल 'काकू' को प्रदान किया जायेगा।

# दस लाख का मादक पदार्थ सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** कनवास पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान कार में तलाशी में अवैध मादक पदार्थ 54 किलो 500 ग्राम डोडा-चूरा व 419 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम जब्त की है। पुलिस टीम ने दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। अवैध मादक पदार्थ की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 10 लाख रूपये कीमत बताई गई है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ ऑपरेशन रूट क्लीरियेंस अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्यवाही के लिये ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीना के निर्देशन में पुलिस उप अधीक्षक वृत सांगोद नरेन्द्र जैन के सुपरविजन मे कार्य योजना बनाकर कनवास थानाधिकारी अनूप सिंह ने मय जाब्ता कोटा-झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर नाकाबंदी कर वाहनों की चैकिंग की। वाहन चैकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक कार को रोककर उसकी तलाशी ली गई तो कार में से अवैध मादक पदार्थ 54 किलो 500 ग्राम डोडा-चूरा व 419 ग्राम अफीम बरामद की। ग्रामीण एसपी ने बताया कि कार्यवाही के दौरान पकड़े गये अवैध मादक पदार्थ की अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 10 लाख रूपये बताई गई है। पुलिस टीम ने मौके पर माल व कार को जब्त किया एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जिला कोटपुतली-बहरोड़ ग्राम गवाना निवासी कुलदीप सोनी (24) एवं जिला महेन्द्रगढ़ हरियाणा मातावाला मोहल्ला गोद निवासी संजय (28) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपियों से अनुसंधान किया जा रहा है।

# राजधानी एक्सप्रेस में छूटा बैग बरामद

**कोटा, (निसं)।** पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में यात्रियों के छूटे सामान को सुरक्षित वापस दिलाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान 'ऑपरेशन अमानत' के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल ने तत्परता दिखाते हुए ट्रेन में छूटे यात्री के पिट्ठू बैग को बरामद कर उसे सुरक्षित लौटाया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या 12954 एक्सप्रेस के कोच बी-10 की सीट संख्या 28 पर यात्रा कर रहे यात्री शकील अहमद का पिट्ठू बैग ट्रेन में छूट गया है। बैग में एक लैपटॉप, चार्जर, पॉवर बैंक, एयर बड्र्स, एटीएम कार्ड, क्रेडिट कार्ड तथा दो चश्मे सहित लगभग 45 हजार रुपये मूल्य का सामान होना बताया गया। सूचना मिलते ही ट्रेन के कोटा आगमन पर रेलवे सुरक्षा बल के उपनिरीक्षक हरिओम एवं स्टाफ द्वारा संबंधित कोच की जांच कर बैग को बरामद कर सुरक्षित रूप से कोटा पोस्ट पर जमा कराया गया। उन्होंने बताया कि यात्री को इसकी सूचना दी गई। यात्री के कोटा पोस्ट पर उपस्थित होने पर रेलवे सुरक्षा बल के उपनिरीक्षक रामलाल बंशकार द्वारा आवश्यक सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण कर बैग को सही-सलामत यात्री को सुपुर्द कर दिया गया।

# जिला कलैक्टर ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक

**अलवर, (निसं)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेकर चिकित्सा विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा कर चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।




जिला कलैक्टर ने आज कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली।

■ कलैक्टर ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी बीसीएमओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये

जिला कलक्टर ने टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि अभियान के तहत विगत वित्तीय वर्ष में जिले की 73 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त की गई तथा इस दिशा में निरन्तर कार्य करते हुए जिला प्रशासन की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं चिकित्सा विभाग के प्रयासों से इस वर्ष 174 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त कराया गया है। उन्होंने निर्देश दिये कि शेष रही ग्राम पंचायतों को भी यथाशीघ्र टीबी मुक्त करावे। उन्होंने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी बीसीएमओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत पात्र लाभार्थियों की ईकेवाईसी यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करावे। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु एंटी लार्वा गतिविधियां आयोजित की जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि चिकित्सा संस्थान में इस प्रकार की व्यवस्था करें कि 24 घण्टे प्रसव किए जा सके। साथ ही गर्भवती महिलाओं की सभी आवश्यक जांचे कराई जाए एवं लाभार्थी महिलाओं को प्रोत्साहन राशि का भुगतान समयबद्ध रूप से किया जावे। उन्होंने एनीमिया की रोकथाम हेतु पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीयकृत गर्भवती महिलाओं की समय पर प्रसवपूर्व जांच कराकर उपचार से लाभांवित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना की समीक्षा करते हुए सभी बीसीएमओ एवं चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि समयबद्ध तरीके से पर्ची की एंट्री करावे तथा चिकित्सा संस्थान पर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दवाओं का इंडेंट करें एवं सुनिश्चित करें कि सभी दवा वितरण केंद्रों पर दवाएं उपलब्ध होवे।

## हिंदू नव वर्ष पर निकलेगी भगवा रैली

**शाहपुरा ( निसं )।** शहर में 19 मार्च हिंदू नववर्ष पर विशाल भगवा रैली शोभायात्रा व चोपहिया वाहन रैली निकाली जाएगी। जिसमें भगवान नरसिंह की सजीव झांकी और अघोरी नृत्य लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। रैली की तैयारी जोरों पर हैं। भगवा रेली के पोस्टर का त्रिवेणी धाम के संत शिरोमणि राम रिछपाल दास जी महाराज ने विमोचन किया। जय श्री राम सेवा समिति के संयोजक रमेश कुमावत व अध्यक्ष रोहिताश रूडला ने बताया कि प्रतिवर्ष की बातें इस बार भी हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में विशाल भगवा रैली का आयोजन किया जाएगा जिसमें नासिक का विश्व प्रसिद्ध ढोल ताशा, इंदौर का डबल डेकर डीजे, नरसिंह भगवान की सजीव झांकी व अघोरी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। साथ ही सनातन प्रेमियों का ड्रोन के माध्यम से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा।

# 'रसोई गैस की बढ़ी कीमतों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन'

**भरतपुर (निस)।** केंद्र सरकार द्वारा रसोई गैस की बढ़ाई गई कीमतों एवं कॉमर्शियल सिलेंडर की बिक्री पर रोक लगाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सूपा के निर्देशन में बिजली घर चौराहा भरतपुर पर जिले के समस्त कांग्रेस जनों द्वारा केंद्र की भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया।

■ जिले के समस्त कांग्रेस जनों द्वारा केंद्र की भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया



रसोई गैस की बढ़ी कीमतों एवं कॉमर्शियल सिलेंडर की बिक्री पर रोक लगाने के विरोध में प्रदर्शन।

कांग्रेस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि कार्यक्रम में पुतला दहन से पहले एक सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए दयाचंद पचौरी, सतीश प्रधान, प्रशांत उपाध्याय, श्रीभगवान कटारा एवं बबीता शर्मा सहित कई वक्ताओं ने केंद्र सरकार पर जमकर प्रहार करते हुए भाजपा सरकार को जन विरोधी बताते हुए कहा कि रसोई गैस के दामों को बढ़ाकर केंद्र सरकार ने आम घरों का बजट बिगाड़ दिया है तथा यह विवाह शादियों का सीजन है ऐसी स्थिति में होटल एवं मैरिज होम वाले कॉमर्शियल सिलेंडर की उपलब्धता न हो होने की वजह से पहले कराई हुई विवाह शादियों की बुकिंग कैंसिल कर रहे हैं, जिससे आम आदमी को बेहद कठिनाई एवं असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सभी वक्ताओं ने मोदी सरकार की कमजोर विदेश नीति की आलोचना करते हुए कहा कि अमेरिका, इजरायल एवं ईरान में हो रहे युद्ध के समय देश के हितों को संरक्षित रखने में केंद्रीय भाजपा सरकार पूरी तरह विफल रही है, जिसके परिणामस्वरूप देश में अचानक महंगाई का पारा आसमान छू गया है। जिससे आम आदमी की कमर टूट चुकी है। ऐसी जन विरोधी सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आम आदमी के हितों की रक्षा करने में विफल रहने पर नैतिकता के आधार पर अपने पद का त्याग कर देना चाहिए। केंद्रीय भाजपा सरकार कि इस जन् विरोधी निर्णय के विरोध में प्रदेश के आम नागरिक की आवाज को बुलंद करने हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर पूरे राजस्थान में समस्त जिला मुख्यालयों पर आज और कल ऐसे विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जा रहे हैं।

# स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन के लिए स्वच्छता जरुरी : के. के. गुप्ता

**टोंक, (निसं)।** स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में टोंक जिले की समस्त नगरीय निकायों, रूडीप परियोजना तथा जल जीवन मिशन से संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) राजस्थान के ब्रांड एम्बेसडर के.के. गुप्ता की अध्यक्षता में हुई।

■ सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति, डोर टू डोर कचरा संग्रहण एवं नियमित साफ सफाई के लक्ष्य बनाकर कार्य करें : के.के. गुप्ता



के.के. गुप्ता की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक को संबोधित करते हुए ब्रांड एम्बेसडर श्री के.के. गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन के लिए स्वच्छता बेहद जरुरी है। आपके शहर, मोहल्ले एवं आस पास के क्षेत्र की स्वच्छता शारीरिक एवं मानसिक रुप से सकरात्मक उर्जा देती है।

स्वच्छता एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि वर्षभर सतत रुप से किया जाने वाला कार्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में टोंक जिले के शहरी निकायों को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त एवं स्वच्छ व सुंदर बनाने का लक्ष्य सभी का होना चाहिए। स्वच्छता के कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। बेहतर कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित एवं लापरवाह कार्मिकों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी

आमजन द्वारा दी गई शिकायतो का निस्तारण भी जल्दी ही करवाने का प्रयास किया जाएगा। जिनमें शत प्रतिशत डोर टू डोर कचरा संग्रहण, गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण, 365 दिन कचरा उठाव, जीपीएस के माध्यम से सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग, सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति एवं पेनल्टी की व्यवस्था शामिल है।

## दिगराज सिंह शाहपुरा ने उठाई जरूरतमंद परिवार की जिम्मेदारी

**मनोहरपुर (निसं)।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव कुंवर दिगराज सिंह शाहपुरा ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए शाहपुरा के मनोहरपुर क्षेत्र में रहने वाली असहाय विधवा महिला और उसके दो बच्चों की संपूर्ण जिम्मेदारी उठाने का संकल्प लिया है।

क्षेत्र में रहने वाले आमजन ने दिगराज सिंह शाहपुरा को बताया कि इस परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है और जीवनयापन के लिए उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति को देखते हुए कुंवर दिगराज सिंह शाहपुरा ने व्यक्तिगत रूप से आगे बढ़कर इस परिवार के लिए राशन और अनाज की नियमित व्यवस्था करने का निर्णय लिया है।

उन्होंने यह भी घोषणा की विधवा महिला के दोनों बच्चों की शिक्षा-दीक्षा का पूरा खर्च वे स्वयं वहन करेंगे, और यह जिम्मेदारी तब तक निभाएंगे जब तक दोनों बच्चे कक्षा 12वीं तक अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर लेते यदि समाज के लोग इसी प्रकार सहयोग और संवेदनशीलता के साथ आगे आएं।

# घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति पर्याप्त, आमजन अफवाहों पर ध्यान नहीं दें: कलैक्टर

**टोंक, (निसं)।** वर्तमान में मध्य पूर्व एशिया में युद्ध की परिस्थितियों के मध्यनजर भारत सरकार द्वारा गैस आपूर्ति संबंधी नवीन दिशा निर्देश जारी किये गये है। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति नियमित रुप से जारी रहेगी तथा आमजन को घबराने की आवश्यकता नही है।इसे लेकर गुरुवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों तथा गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर कक्ष में बैठक ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि गत 9 मार्च से व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पर रोक लगा दी गई है परंतु घरेलू उपभोक्ताओं को रसोई गैस आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है।

■ जिला कलैक्टर कल्पना अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति नियमित रुप से जारी रहेगी



जिला कलैक्टर व पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों के साथ कलेक्टर कक्ष में बैठक ली।

उन्होंने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति का जिले में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इस संबंध में घरेलू उपभोक्ताओं को चिंतित होने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों में रसोई गैस की निर्बाध एवं नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर आपूर्ति प्रक्रिया की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए जिले में एसडीओ, पुलिस उपाधीक्षक एवं रसद विभाग के अधिकारियों एवं कार्मिकों की संयुक्त निगरानी समितियां बनाई गई है। यह कमेटी मांग एवं आपूर्ति के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडर की स्टॉकिंग, आवाजाही एवं वितरण प्रक्रिया की प्रभावी मॉनिटरिंग करेगी तथा घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी एवं अन्य उद्देश्य के लिए इस्तेमाल के विरुद्ध प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करेगी।


**इत्तलानामा वास्ते जाहिर करने वजह न जारी होने डिक्री के**
(ओ. 21 रूल 22 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम-5 जयपुर महानगर प्रथम जयपुर
देवेन्द्र कुमार गाँधी बनाम अजय वर्मा व अन्य
डिग्री बाबत विशिष्ठ अनुपालना इकरारनामा
मुकद्दमा नम्बर 8/2025
सी.आई. एस.नम्बर इजराय 158/2025
मुसम्मी अजय वर्मा वल्द श्री आर.पी.वर्मा कौम हिन्दू साकिन प्लाट नम्बर 87 कृष्णा नगर सिरसी रोड जयपुर (राज.)
साकिन....... तहसील.......
चूंकि डीक्रीदार ने डिग्री अदालत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम-5 जयपुर महानगर की दि0 17/12/2016 व मुकद्दमे नम्बर 128/2012 सन को इजराय के लिए दरख्वास्त पेश की है इसलिए आपको इत्तला दी जाती है कि आप इस अदालत में वार 16 तारीख 03 माह 2026 10 ए.एम. को हाजिर होकर अगर कोई उजर वास्ते आपके खिलाफ इजराय किये जाने डिग्री रखते हो तो पेश करें।
आज या तारीख 06/03/2026 व सब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के जारी किया गया।
आज्ञा से-वरिष्ठ रीडर/शरिस्तेदार
मोहर अदालत
अपर जिला न्यायाधीश क्रम-5 जयपुर महानगर प्रथम



**नम्बर मिलाइए**
**9587884433**

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1777
चूंकि प्रार्थी श्री SUSHIL KUMAR JAIN, 153/15 MANSAROVER JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन समिति SECTOR 10 MEERA MARGH AGARWAL FARM MANSAROVER JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 10.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 14.05.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम



**अपील की सुनवाई के लिये नियत दिन की प्रत्यर्थी को सूचना**
(आदेश 41 के नियम 14)
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-01 जयपुर महानगर-द्वितीय
नाम न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-01 जयपुर महानगर द्वितीय
एल.बी.एल.माथुर विरूद्ध नेहरू निशा वगै.
अपील C.R.A.
अपील नं. 64/17 CIS No. 108/17
A.M.5 जयपुर नगर के न्यायालय की तारीख 22/2/17 को निर्णय की अपील
नाम (1) नाम स्वास्तिक गृह निर्माण सहकारी समिति लि. द्वारा अवसायक सहायक पंजीयक सहकारी समितियाँ मिनी सचिवालय बनीपार्क जयपुर (2) श्री मोहम्मद तारीक पुत्र स्व.श्री मोहम्मद मुनीर खां ई-177 रमेश मार्ग, सी-स्कीम जयपुर व अन्य पता खसरा नं. 337, लुहारू हाउस के सामने, सिविल लाइन्स, जयपुर
आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में.... की डिक्री को अपील वादी द्वारा उपस्थित की गई है और इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिये इस न्यायालय द्वारा ता.23 माह 03 सन् 2026 नियत की गई है। यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिये कार्य करने के लिये विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जावेगी।
यह आज तारीख 07 माह 03 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
रीडन ग्रेड-प्रथम
मोहर अदालत
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-01 जयपुर महानगर-द्वितीय



प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1774
चूंकि प्रार्थी श्री ABU TALIB, ABU TALIB ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास अल रहमान ट्रस्ट PLOT NO.378 KAMLA NEHRU NAGAR HASANPURA C JAIPUR 302006 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 10.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 14.05.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम



प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, अजमेर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/AJMER/TRUST/2026/894
चूंकि प्रार्थी श्री MANOJ JAIN, BAKALIWAL HOUSE POLICE THANE KE PASS PURANI TONK DISST TONK ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास सामाजिक जन चेतना एवम् ग्रामीण विकास संस्थान टोंक BAKALIWAL HOUSE POLICE THANE KE PASS PURANI TONK ROAD TONK के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 09.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 01.06.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, अजमेर



प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1852
चूंकि प्रार्थी श्री HEMAN DAS RAMCHANDANI, 2/291 JAWAHAR NAGAR JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास पूज्य संत श्री गंगाराम साहिब चैरिटेबल ट्रस्ट जयपुर 3/186 MALVIYA NAGAR JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 10.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 22.05.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम



प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, अजमेर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/AJMER/TRUST/2026/795
चूंकि प्रार्थी श्री RAMESH KUMAR MUKUL, HOUSE NO. 6, VIVEKANAND COLONY, DEOLI, TONK, RAJASTHAN 304804 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास दी देवनारायण ग्राम विकास संस्थान टोंक CIVIL LINE, TONK, RAJASTHAN के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 22.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 26.05.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, अजमेर



प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1850
चूंकि प्रार्थी श्री SUBHASH GUPTA, 3 SMS COLONY MAHARANI FARM DURGAPURA JAIPUR RAJASTHAN 302018 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्री 1008 पदमप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर प्लेटिनम ग्रीन PLATINUM GREENS MUHANA MANDI MANSAROVER JAIPUR 302020 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 10.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 21.05.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम



**कार्यालय ग्राम पंचायत हिम्मतपुरा पंचायत समिति स.मा. जिला सवाई माधोपुर**
क्रमांक-ग्रापहि/2526/77 दिनांक-09.03.2026
**ई-निविदा सूचना संख्या 07/2025-26**
पंचायत समिति सवाई माधोपुर के अधीन ग्राम पंचायत हिम्मतपुरा में विभिन्न योजना में स्वीकृत कार्यो हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित नियम, शर्ते व सम्बन्धी दस्तावेज लोक उपापन की वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते है।
(विजेन्द्र मीना) ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत हिम्मतपुरा पं.स. सवाई माधोपुर
NIB CODE- ZSM2526A0867
UBN NO.- ZSM2526WSOB00992
प्रशासक ग्राम पंचायत हिम्मतपुरा पं.स. सवाई माधोपुर



**कार्यालय पंचायत समिति गोविन्दगढ़, जयपुर**
Email ID:bdo.jai.gov@gmail.com Phone No. 01423-230025
क्रमाकः-पंसगो/लेखा/ई-निविदा/2025/265 दिनांकः-12.03.2026
**निविदा सूचना संख्या /2025-26**
वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचायत समिति गोविन्दगढ एवं अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में विभिन्न योजनओं में स्वीकृत कार्यों/संकर्म/सेवा हेतु सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत प्रतिष्ठानों / संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र मे निविदाये आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।
NIB NO online PFA2526A0512 to PFA2526A0513
UBN NO online- PFA2526WSOB00514 to PFA2526WSOB00515
NIB NO OFFLINE- PFA2526A0511 (HADDI THEKA)
UBN NO OFFLINE- PFA2526SSRC00513 (HADDI THEKA)
विकास अधिकारी
पंचायत समिति गोविन्दगढ़ (जयपुर)



प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1856
चूंकि प्रार्थी श्री Purushottam Agarwal, 51 Civil Line Gourav Nagar Ward No 26 Jaipur Station Road Rajasthan ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास जी डी सिधी शिक्षा संस्थान ग्राम भुरटिया तहसील निवाई जिला टोंक 51 Vrindavan Gourav Nagar Civil Lines Ajmer Road Jaipur के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 10.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 22.05.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम



**नाम परिवर्तन**

मेरी पुत्री का नाम वैभवी पारीक है जबकि जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम आरोही पारीक दर्ज हो गया। वैभवी पारीक और आरोही पारीक दोनों ही मेरी पुत्री के नाम है। भविष्य में उसे वैभवी पारीक पुत्री अभिषेक पारीक के नाम से जाना जावें। निवासी मालपुरा तहसील तहसील मालपुरा जिला टोंक राजस्थान

मै अन्जू कुमारी सैनी पुत्री श्री धर्मपाल सैनी निवासी वार्ड नं.-1, रिंगस रोड, चौमू, जयपुर। मैंने अपना नाम अंजू कुमारी सैनी से बदलकर अंजू सैनी रख लिया है। भविष्य में मुझे अंजू सैनी के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

I have changed my name from Krati Alok Maheshwari to Krati A Maheshwari D/o Alok Kumar Maheshwari R/o E-148, Jain Mandir, Ambabari, Jaipur, For all purpose.

My name has been changed from Lalaram to Lalit Raj Panwar. From now on I will be known by this name. S-1-60 Sarna Dungri Jaipur



**आम सूचना** मेरे अभिभाष्य श्री सुरजन सिंह पुत्र हरसहाय सिंह, उम्र 78 वर्ष (आधार नंबरः 855323065384) ने अपने पुत्र श्रवण सिंह शेखावत उम्र 47 वर्ष (आधार नंबरः 639611415190) को उनके गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से पूर्णतः बेदखल कर दिया है। अब से वह किसी भी प्रकार की चल-अचल सम्पत्ति पर कोई दावा नहीं कर सकेगा। कोई भी व्यक्ति उसके साथ कोई लेन-देन न करे, अन्यथा वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
जरियेः मनोज कुमार सिंह, एडवोकेट
मोबाइलः 7742189421



**कार्यालय उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मंडल वृत अलवर**
**आवश्यक सूचना**
आवास संख्या 3/12, एस.डब्ल्यू. बी. योजना अलवर जोकि मूलतः श्रीहरिवंश तलवार पुत्र स्व. श्री प्यारेलाल तलवार व श्रीमती सरोज तलवार पत्नि श्रीहरिवंश तलवार को संयुक्त रूप से जरिये आवंटन पत्रांक 890 दिनांक 23.04.1987 एवं संशोधित आवंटन पत्रांक 3443 दिनांक 22.08.1987 के द्वारा आवंटित किया गया था। मण्डल द्वारा आवास का अदेय प्रमाणपत्र क्रमांक 6594 दिनांक 31.03.2002 को श्री हरिवंश तलवार व श्रीमती सरोज तलवार के पक्ष में संयुक्त नाम से जारी कर दिया गया था। श्रीहरिवंश तलवार व श्रीमती सरोज तलवार द्वारा आवास की रजिस्ट्री स्वयं के संयुक्त नाम से दिनांक 31.03.2002 को उपपंजीयक कार्यालय अलवर मे पंजीकृत करवाई जा चुकी है। श्रीहरिवंश तलवार की मृत्यु दिनांक 07.01.2014 को हो जाने के उपरांत उनकी उत्तराधिकारिणी पत्नि श्रीमती सरोज तलवार द्वारा प्रस्तुत पंजीकृत रिलीजडीड (हकत्याग पत्र) दिनांक 12.08.2015 व मण्डल नियमानुसार प्रस्तुत शपथपत्रों एवं अन्य प्रपत्रों के आधार पर उक्त आवास का मृत्यु उपरान्त नाम प्रतिस्थापन हस्तांतरण किये जाने हेतु शुल्क जमा करा कर आवेदन किया गया है।
अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त आवास संख्या 3/12, एस.डब्ल्यू. बी. योजना अलवर के सम्बन्ध मे पिता, पुत्र, पुत्री, भाई, अन्य किसी रिश्तेदार व्यक्ति विशेष या हितकारी को एवं आम व्यक्ति विशेष को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस मे, राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त अलवर मे अपना एतराज लिखित मे प्रस्तुत करें अन्यथा श्रीमती सरोज तलवार पत्नि स्व. श्रीहरिवंश तलवार के पक्ष मे आवास का मृत्यु उपरान्त नाम प्रतिस्थापन हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर



**खोया पाया**

मेरा गोमती देवी पत्नी कानाराम गुर्जर निवासी दहमी कला बगरू का ग्राम पंचायत दहमी कला द्वारा जारी किये प्लाट नं.54 का रजिस्ट्रेशन बगरू के आस-पास खो गया है। सम्पर्क सूत्र- 7619720966

मेरे भूखण्ड संख्या - 252/298-11 योजना ग्राम बस्सी सीतारामपूरा जयपुर का मूल पट्टा व साईट प्लान कही गुम हो गया है मिलने पर संपर्क करेंसंदेश गोयल मो.- 9829880804

प्रॉपर्टी दस्तावेज खसरा नं. 281 पटवार हल्का हाथीदेह श्रीमाधोपुर दुकान नं. 08 और 10 रकबा 0.13 में से 38.88 वर्ग गज या 32.52 वर्ग मीटर रजिस्ट्री श्री कैलाश चन्द यादव पुत्र प्रभुदयाल यादव गांव - हाथीदेह के नाम से रजिस्ट्री दिनांक 26.05.2026 रजिस्ट्री दस्तावेज था उक्त प्रॉपर्टी मै स्वयं रोहिताश कुमार जांगिड़ पुत्र जगदीश प्रसाद जांगिड़ निवासी हाथीदेह तह0 अजीतगढ़निवासी के नाम से रजिस्ट्री दिनांक 01-09-2025 को मैंने यह प्रॉपर्टी कैलाश चन्द यादव से रोहिताश कुमार जांगिड़ के नाम हो गई। यह प्रॉपर्टी दस्तावेज जो कैलाश चन्द जांगिड़ के नाम था वह मेरे पास गुम हो गया।



**कार्यालय ग्राम पंचायत बालेर पंचायत समिति खण्डार जिला सवाई माधोपुर**
क्रमांक / 2025-26/SPL-01 **ई-निविदा सूचना संख्या 07/2025-26** दिनांक 11.03.2026
पंचायत समिति खण्डार के अधीन ग्राम पंचायत बालेर में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत कार्य "सीसी सड़क निर्माण कार्य कैलाश की मील से पूरण खटीक के मकान की ओर ग्राम बालेर हेतु इच्छुक बोली दाताओं / फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोकूमेन्ट प्रक्रिया द्वारा दिनांक 17.03.2026 तक सांय 06.00 बजे ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण एवं दस्तावेज राजस्थान के लोक उपापन पोर्टल https://eproc.rajasthan.gov.in एवं एसपीपीपी पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।
EPROC TENDER ID 2026_PRD_545265_1
NIB No.: ZSM2526A0870
UBN No.: ZSM2526WSOB00995
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत बालेर
प्रशासक ग्राम पंचायत बालेर



**कार्यालय ग्राम पंचायत बालेर पंचायत समिति खण्डार जिला सवाई माधोपुर**
क्रमांक/2025-26/SPL-01 **ई-निविदा सूचना संख्या 08/2025-26** दिनांक 12.03.2026
पंचायत समिति खण्डार के अधीन ग्राम पंचायत बालेर में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत कार्य "सोर उर्जा बोर मोटर टंकी निर्माण कार्य स्कूल परिसर में ग्राम ईसरदा" हेतु इच्छुक बोली दाताओं / फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोकूमेन्ट प्रक्रिया द्वारा दिनांक 18.03.2026 तक सांय 06.00 बजे ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण एवं दस्तावेज राजस्थान के लोक उपापन पोर्टल https://eproc.rajasthan.gov.in एवं एसपीपीपी पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।
EPROC TENDER ID 2026_PRD_545319_1
NIB No. ZSM2526A0872
UBN No. ZSM2526WSOB00997
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत बालेर
प्रशासक ग्राम पंचायत बालेर



**कार्यालय ग्राम पंचायत पढाना, पंचायत समिति सवाई माधोपुर**
क्रमांक :- 209 **ई-निविदा सूचना संख्या - 06/2025-26** दिनांक: 11.03.2026
पंचायत समिति सवाई माधोपुर के अधीन ग्राम पंचायत पढाना में विभिन्न योजना में स्वीकृत कार्यो हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित नियम, शर्ते य सम्बन्धी दस्तावेज लोक उपापन की वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते है। :-
Bid document uploaded on NIB code ZSM2526A0874 an
UBN is: ZSM2526WSOB00999
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत पढाना
प्रशासक ग्राम पंचायत पढाना पं. स. सवाई माधोपुर (राज.)



प्रपत्र-10
(नियम 6 (7) देखिए)
**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय, नगर पालिका मण्डल, फुलेरा**
क्रमांक / न.पा.फु./ 2025-26/3667 **लोक सूचना** दिनांक:12.03.2026
श्री सौरभ शर्मा पुत्र श्री श्रीधर शर्मा जाति ब्राहम्ण निवासी 58 गोम डिफेन्स कॉलोनी, 5 ऐवेन्यू वैशाली नगर जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग (भू-रुपान्तरण) हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हैं, अर्थात् :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला जयपुर जयपुर तहसील फुलेरा | बाघपुरा | खसरा न0 97 रकबा 0.6575 हैक्टेयर | 0.6575 हैक्टेयर अर्थात् 6575 वर्गमीटर |

इस लिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोगार्थ हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 12.03.2026 को जारी की गयी।
(सुनील कुमार शर्मा)
प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका मण्डल फुलेरा



प्रपत्र-10
(नियम 6 (7) देखिए)
**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय, नगर पालिका मण्डल, फुलेरा**
क्रमांक / न.पा.फु./2025-26/3064 **लोक सूचना** दिनांक:12.03.2026
श्री सौरभ शर्मा पुत्र श्री श्रीधर शर्मा जाति ब्राहम्ण निवासी 58 गोम डिफेन्स कॉलोनी, 5 ऐवेन्यू वैशाली नगर जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग (भू-रुपान्तरण) हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हैं, अर्थात् :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला जयपुर जयपुर तहसील फुलेरा - | बाघपुरा | खसरा न0 11 रकबा 0.7461 हैक्टेयर व खसरा न. 12 रकबा 0.5690 कुल किता 2 कुल रकबा हैक्टेयर 1.3151 हैक्टेयर | 1.3151 हैक्टेयर अर्थात् 13151 वर्गमीटर |

इस लिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोगार्थ हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 12.03.2026 को जारी की गयी।
(सुनील कुमार शर्मा)
प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका मण्डल फुलेरा



प्रपत्र-10
(नियम 6 (7) देखिए)
**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय, नगर पालिका मण्डल, फुलेरा**
क्रमांक / न.पा.फु./2025-26/3070 **लोक सूचना** दिनांक:12.03.2026
श्री सौरभ शर्मा पुत्र श्री श्रीधर शर्मा जाति ब्राहम्ण निवासी 58 गोम डिफेन्स कॉलोनी, 5 ऐवेन्यू वैशाली नगर जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग (भू-रुपान्तरण) हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हैं, अर्थात् :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला जयपुर जयपुर तहसील फुलेरा | बाघपुरा | खसरा न0 385/12 रकबा 0.5690 हैक्टेयर व खसरा न. 386/12 रकबा 0.2529 व खसरा न. 387/12 रकबा 0. 3161, खसरा न. 109 रकबा 0.4552 हैक्टेयर कुल किता 4 कुल रकबा हैक्टेयर 1.5932 हैक्टेयर | 1.5932 हैक्टेयर अर्थात् 15932 वर्गमीटर |

इस लिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोगार्थ हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 12.03.2026 को जारी की गयी।
(सुनील कुमार शर्मा)
प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका मण्डल फुलेरा

# प्रदेश में घरेलू रसोई गैस आपूर्ति हेतु पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध, घबराने की जरूरत नहीं : एडीएम

- अतिरिक्त जिला कलेक्टर सहारण ने कोटपूतली की मीणा गैस एजेंसी का निरीक्षण कर लिया सिलेंडर आपूर्ति व्यवस्था का जायजा

**कोटपूतली( निसं )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति के संबंध में दिए निर्देशों की अनुपालना में गुरुवार को कोटपूतली की मीणा गैस एजेंसी का निरीक्षण कर गैस सिलेंडर की उपलब्धता एवं आपूर्ति के संबंध में जायजा लिया। इस दौरान जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा भी मौजूद रहे। एडीएम ने गैस एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया कि किसी प्रकार का पैनिक माहौल नहीं बनायें, अधिकारियों से समन्वय रखते हुए दिशा निर्देशानुसार गैस सिलेंडर आपूर्ति करें साथ ही आमजन को जागरूक करें कि पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध किसी प्रकार से चिंता का विषय नहीं हैं। एडीएम ने कहा कि जिले में घरेलू उपभोक्ताओं को रसोई गैस आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है, घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति हेतु जिले में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इस संबंध में घरेलू उपभोक्ताओं को चिंतित होने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही अस्पतालों, शैक्षिणक संस्थानों में रसोई गैस की निर्बाध एवं नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को जिले में संचालित सभी अन्नपूर्णा रसोइयों में भी रसोई गैस का उचित प्रबंध करने हेतु निर्देशित किया।



एडीएम सहारण ने कोटपूतली की मीणा गैस एजेंसी का निरीक्षण किया।

**जिला स्तर पर निगरानी कमेटी:** एडीएम ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर आपूर्ति प्रक्रिया की प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु जिला स्तर पर निगरानी समितियां बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि इन समितियों में प्रशासन, पुलिस और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभागों के अधिकारी एवं ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हैं। यह कमेटी जिला स्तर पर मांग एवं आपूर्ति के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडर की स्टॉकिंग, आवाजाही एवं वितरण प्रक्रिया की प्रभावी मॉनिटरिंग कर रही है तथा घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी एवं अन्य उद्देश्य के लिए इस्तेमाल के विरुद्ध प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करेगी।

**गैस सिलेंडर की कालाबाजारी रोकने हेतु हेल्पलाइन:** एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 112 पर एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी, अवैध भंडारण आदि के संबंध में आई शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी संज्ञान लेकर कार्रवाई करें। साथ ही, राजस्थान संपर्क की हेल्पलाइन नंबर 181 पर भी गैस सिलेंडर की कालाबाजारी की शिकायत की जा सकेगी। उपभोक्ता मामले विभाग के हेल्पलाइन नंबर 14435 पर भी इस संबंध में शिकायत दर्ज की जा सकेगी।

उन्होंने कहा कि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी एवं अन्य उद्देश्य के लिए इस्तेमाल रोकने हेतु जिला स्तर पर गठित कंट्रोल रूम निरंतर कार्य करेंगे एवं रसोई गैस आपूर्ति की प्रभावी निगरानी कर आमजन को सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि आमजन में घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति की वस्तुस्थिति के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता आवश्यक है ताकि किसी प्रकार की भ्रामक स्थिति उत्पन्न न हो। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि रसोई गैस की आपूर्ति के संबंध में स्थिति नियंत्रण में है। गैस कंपनियों द्वारा लगातार घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। ई- केवाईसी एवं डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड के माध्यम से वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से संपन्न किया जा रहा है।

## संक्षिप्त

### बालिकाओं को निःशुल्क साईकिलों का वितरण

**कोटपूतली, ( निसं )।** निकटवर्ती ग्राम जयसिंहपुरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एसीबीईओ पूरण चन्द कसाना के मुख्य आतिथ्य में बालिकाओं को निःशुल्क साईकिलों का वितरण किया गया। इस मौके पर एसीबीईओ कसाना ने राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला एवं विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया। इस दौरान प्रधानाचार्य सुरेश चन्द्र यादव एवं विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा। इसी प्रकार निकटवर्ती ग्राम पंचायत भालोजी के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में कक्षा 09 में अध्ययनरत 13 बालिकाओं को निःशुल्क साईकिलें वितरित की गई। साईकिलें पाकर बालिकाओं के चेहरे खिल उठे अब उन्हें विद्यालय आने जाने में आसानी रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य नेतराम गुर्जर ने की। मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण कुमार ने बालिकाओं को लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अध्ययन से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य नेतराम गुर्जर ने राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग की विभिन्न लाभकारी एवं प्रोत्साहन योजना के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर ग्रामीण एवं स्टॉफ उपस्थित रहें।

### अवैध बंदूक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**निवाई( निसं )।** निवाई थाना पुलिस ने गांव जयसिंहपुरा के तन से एक आरोपी को अवैध हथियार टोपीदार बंदूक के साथ गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान गांव जयसिंहपुरा के तन से स्वराज मोग्या पुत्र कजोड मोग्या निवासी ललवाडी हाल निवासी झांपडी को गिरफ्तार करके बंदूक को जब्त किया है।

### डॉ. गर्ग ने विभिन्न कार्यक्रमों में की शिरकत

**भरतपुर ( निस )।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग गुरूवार को तीन दिवसीय दौरे पर भरतपुर पहुंचे। जहां उन्होंने विभिन्न सामाजिक व वैवाहिक कार्यक्रमों में शिरकत की तथा क्षेत्र की समस्याओं को जानकर शीघ्र ही समाधान कराने का विश्वास दिलाया। डॉ. गर्ग ने दौरे के प्रथम दिन गुरूवार को दीनदयाल नगर, ठेई, पक्का बाग, खैमरा, पीपला सहित अन्य क्षेत्रों में पहुंचकर वैवाहिक कार्यक्रमों में भाग लेकर शुभकामनायें व बधाई दी। इसके साथ ही कई सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लिया और लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। जिनका शीघ्र समाधान कराने का भरोसा दिलाते हुये सम्बन्धित अधिकारियों से समस्या समाधान के निर्देश दिये। इस दौरान डॉ. गर्ग का कई स्थानों पर साफा, माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया।

### नदीम प्रदेश सचिव बने

**मनोहरपूर ( निसं )।** अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी के निर्देशानुसार अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जनाब एम ड़ी चोपदार ने अपनी प्रदेश कार्यकारिणी में आँधी के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नदीम खान पठान को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी दी है। पठान ने कहा कि हम जिम्मेदारी को पूर्ण तरीके से निर्वहन करेंगे और कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। पठान ने राहुल गांधी अशोक गहलोत इमरान प्रतापगढ़ी एम ड़ी चोपदार आदि का आभार व्यक्त किया हैं। नदीम खान पठान राहुल गांधी अशोक गहलोत इमरान प्रतापगढ़ी व एम ड़ी चोपदार के सच्चे सिपाही हैं। पठान कॉंग्रेस की रीति व नीति को बताकर लोगो को कॉंग्रेस में जोड़ने का कार्य करते आ रहे हैं।

### साइबर क्राइम की दी जानकारी

**निवाई(निसं)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में पुलिस विभाग के तत्वावधान में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर साइबर सेफ्टी व महिला सुरक्षा एवं नवीन न्याय संहिता जागरूकता विषय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इंटरफेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर प्रीति जैन ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा ऑनलाइन कांफ्रेंस के माध्यम से छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने के उपाय, साइबर क्राइम के प्रकार एवं भेद एवं न्याय प्रणाली में जो भी संशोधन हुए हैं, उनके बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## सरसों-चना खरीद के लिए 15 मार्च पंजीयन, 25 से खरीद शुरू होगी

**खैरथल( निसं )।** राजफैड की और से जिले में सरसों एवं चना की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद शीघ्र प्रारम्भ की जाएगी। इसके लिए किसानों का ऑनलाइन पंजीयन 15 मार्च से प्रारम्भ कर खरीद 25 मार्च से शुरू की जाएगी। सरकार द्वारा सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 6200 रुपये प्रति क्विंटल तथा चना का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5875 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। राजफैड ने जिले में समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए खैरथल व तिजारा मंडी परिसर तथा गंगापुरी जीएसएस, गुणसार जीएसएस तथा उजौली जीएसएस को खरीद केंद्र के रूप में प्रस्तावित किया है। उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां ने बताया कि समर्थन मूल्य खरीद की सफल क्रियान्विति के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। किसान स्वयं कोड स्कैन कर या ई-मित्र केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कर सकेंगे।

## परिवहन विभाग ने बिना टैक्स के संचालित वाहनों पर की कार्रवाई

- सघन जांच अभियान के तहत 5 बसें, 9 कन्ट्रक्शन इक्विपमेंट (क्रेन) सहित 14 वाहन जब्त किए। लगभग 1 करोड़ से अधिक की प्रशमन राशि एवं राजस्थान राज्य का कर बकाया पाया गया है

**अलवर, (निसं)।** परिवहन विभाग की ओर से बिना टैक्स के संचालित वाहनों के विरूद्ध चलाए गए सघन जांच अभियान में विभाग ने बिना टैक्स के संचालित 5 बसें एवं 9 कन्ट्रक्शन इक्विपमेंट (क्रेन) सहित 14 वाहन जब्त किए हैं।

प्रादेशिक परिवहन अधिकारी रविन्द्र जोशी ने बताया कि जिला परिवहन अधिकारी सविता भारद्वाज के नेतृत्व में जिले के जटियाना में बिना कर एवं अवैध रूप से संचालित बसों पर कार्रवाई करते हुए 4 बसों को जब्त किया गया। जब्त बसों के वाहन स्वामियों के नाम से पंजीकृत अन्य वाहनों के कर भी बकाया पाए गए हैं।

इसके अलावा बहरोड क्षेत्र के काठूवास में इनलैण्ड कन्टेनर डिपो में विभागीय टीम द्वारा वाहनों की सघन जांच करते हुए 9 कन्ट्रक्शन इक्विपमेंट (क्रेन) पर कार्रवाई की गई, जिसमें कुछ कन्ट्रक्शन इक्विपमेंट विदेशी कैटेगरी के मौजूद थे। इन सभी वाहनों पर लगभग 1 करोड से अधिक की प्रशमन राशि एवं राजस्थान राज्य का कर बकाया पाया गया।

इसके अतिरिक्त काठूवास में कार्रवाई करते हुए 1 बस जब्त की गई जिसका ऑल इंडिया परमिट समाप्त होना पाया गया। उन्होंने बताया कि ऐसे समस्त वाहनों की कार्यालय में जांच कर प्रशमन राशि एवं कर जमा होने के पश्चात ही वाहनों को रिलीज करने की कार्यवाही की जा रही है। बिना टैक्स एवं अवैध रूप से संचालित वाहनों पर आगामी दिवसों में भी कार्रवाई जारी रहेगी।

परिवहन विभाग ने समस्त वाहन मालिक/कम्पनी अपने वाहन अथवा परिसर में संचालित कन्ट्रक्शन इक्विपमेंट का कर जमा कराने के लिए अपील की है ताकि चालान व जुर्माने से बचा जा सके। विभाग ने कहा कर जमा नहीं कराने पर ऐसे वाहनों पर प्रवर्तन कार्यवाही कर राजस्थान राज्य कर एवं कर के अतिरिक्त 15 गुणा पेनल्टी के साथ जुर्माना वसूल की जावेगी।

## सड़क हादसे में ट्रक पलटा, चालक सुरक्षित

**टोंक( निसं )।** निवाई सदर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात्रि को हरभांवता के पास सडक हादसे के दौरान चावल की भूसी से भरा एक ट्रक टायर फटने से बेकाबू होकर पलट गया। घटना में ट्रक चालक को मामूली चोटें आईं, जबकि क्लीनर सुरक्षित बच गया। निवाई सदर प्रभारी ने बताया हादसा में ट्रक ग्वालियर से चावल की भूसी भरकर जोधपुर जा रहा था, जिसमें ट्रक चालक कुंवर सिंह पुत्र लाखन सिंह मीणा उम्र 32 साल निवासी लेड़ियापुरा जिला धौलपुर था। ट्रक जब हरभांवता के पास पंहुचा तो ट्रक का टायर फटने से उसका संतुलन बिगड़ गया और ट्रक सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गया, जिससे खंभा टूट गया। ट्रक पलटने से उसमें भरी चावल की भूसी के कट्टे सड़क किनारे बिखर गए। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

## तरुण खटीक हत्याकांड से निवाई में भारी आक्रोश

**निवाई ( निसं )।** दिल्ली के उत्तम नगर में होली के पर्व पर हुई युवक तरुण खटीक की निर्मम हत्या को लेकर लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उक्त घटना के विरोध में खटीक समाज नवयुवक मंडल एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता आक्रोश रैली के साथ नारे लगाते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां खटीक समाज ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नाम व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम प्रीति मीणा को अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर पीडित परिवार के लिए न्याय और आर्थिक सहायता की मांग की है। कार्यकर्ताओं ने बताया कि 4 मार्च को होली के दौरान बच्चों द्वारा पानी के गुब्बारे फैंकने जैसी मामूली बात को लेकर विवाद में तरुण खटीक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। जिससे खटीक समाज व हिन्दु समाज में जबरदस्त रोष व्याप्त है। उन्होंने उक्त घटना की कडी निंदा करते हुए मामले की त्वरित और निष्पक्ष जांच कर सभी दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने एवं आरोपियों को कठोर सजा देने की मांग की है। उन्होंने बताया कि पीडित परिवार की दयनीय स्थिति को देखते हुए उन्हें कम से कम 1 करोड़ रुपये का उचित मुआवजा देने, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि पीडित परिवार को जल्द न्याय नहीं मिला तो हिंदू समाज उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में रामनिवास शर्मा, सुरेशचन्द परिडवाल, अनिल जाट नोहटा, नरेश परिडवाल, मायाराम शर्मा, मुकेश परिडवाल, टीकमसिंह राजावत, अमृत परिडवाल, राजेश शर्मा, मोनू पारीक, राकेश खारोल, मक्खन परिडवाल एवं कमलेश किराड सहित खटीक समाज व बजरंग दल के कई पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद थे।



बजरंग दल व खटीक समाज ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा ।

## टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन

- कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ हिमांशु मित्तल ने टीबी के वालनरेबल समूहों के बारे में विस्तार से जानकारी दी

**टोंक** (निसं)। प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान को धरातल पर उतारने के संकल्प के साथ आज सर्वपल्ली राधाकृष्णन यूनानी मेडिकल कॉलेज, टोंक में एक विशाल जागरूकता कार्यक्रम एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ हिमांशु मित्तल ने टीबी के वालनरेबल (अति संवेदनशील) समूहों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुपोषित बच्चे, बुजुर्ग, एचआईवी संक्रमित व्यक्ति और सिलिकोसिस पीड़ित मजदूरों में टीबी का खतरा सबसे अधिक होता है। दवाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ. मित्तल ने कहा, टीबी का इलाज अब पूरी तरह संभव और मुफ्त है। मरीजों को 6 महीने का नियमित कोर्स करना अनिवार्य है। यदि दवा बीच में छोड़ी जाती है, तो यह मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट टीबी का रूप ले लेती है, जो और भी खतरनाक है। उन्होंने टीबी और डायबिटीज के डबल खतरे पर भी जोर दिया, जहाँ शुगर के मरीजों में संक्रमण की संभावना 3 गुना अधिक होती है।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अकमल ने कार्यक्रम के दौरान एक सराहनीय घोषणा करते हुए कॉलेज के समस्त शैक्षणिक, नर्सिंग और प्रशासनिक स्टाफ से निक्षय मित्र बनने की अपील की। उन्होंने कहा,सिर्फ इलाज काफी नहीं है, मरीजों को पोषण की भी सख्त जरूरत होती है। हमारा पूरा स्टाफ टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें मासिक पोषण किट उपलब्ध कराएगा।

## सभी विभाग त्रिस्तरीय जनसुनवाई को गम्भीरता से लेकर आमजन को राहत दें : संभागीय आयुक्त

- संभागीय आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप नागरिकों की समस्याओं को स्थानीय स्तर पर समयबद्धता से निराकरण किया जाये

**भरतपुर ( निस )।** संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया ने गुरूवार को ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई में पंचायत समिति रूपवास में भाग लेकर आमजन के परिवाद सुने तथा संबन्धित अधिकारियों से वस्तुस्थिति के बारे में जानकारी लेकर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप नागरिकों की समस्याओं को स्थानीय स्तर पर समयबद्धता से निराकरण किया जाये जिससे बार-बार कार्यालयों के चक्कर नही लगाने पड़े। उन्होंने कहा कि सम्पर्क पॉर्टल पर दर्ज समस्या हो या कार्यालय में नियमित सुनवाई के समय प्राप्त हुई हो अधिकारी स्वयं के स्तर पर जांच कर संवेदनशीलता से समस्याओं का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि आमजन को प्रभावित करने वाली मूलभूत सुविधाओं से संबन्धित समस्याओं का त्वरित निराकरण कर परिवादी को विभागीय कार्यवाही से भी अवगत कराऐं। उन्होंने मौसम को देखते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति, पेयजल उपलब्धता के लिए संबन्धित विभागों को कार्ययोजना बनाकर सुदृढ व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रबी फसल कटाई का समय है ऐसे में अग्निजनित घटनाऐं नहीं हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। सभी चिकित्सा संस्थानों में मौसम जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक दवाओं के साथ मुख्यालय पर रखने के लिए पाबंद करें।



संभागीय आयुक्त ने रूपवास में जनसुनवाई की।

संभागीय आयुक्त ने जनसुनवाई करते हुए अतिक्रमण से संबधित परिवादों में तहसीलदार को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन, विभिन्न योजनाओं के पात्रजनों के दस्तावेज तैयार करने में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतने की बात कही। उन्होंने खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थियों से संबंधित शिकायतों के लिए प्रवर्तन अधिकारी को जांच कर पात्रता के आधार पर राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में तहसील से संबंधित 07, विद्युत निगम से संबंधित 03, रसद विभाग की 04, चम्बल परियोजना से संबंधित 02, पंचायती राज, जलदाय विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर पालिका से संबंधित 01-01 परिवाद प्राप्त हुए जिनका समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

## सार-समाचार

### भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी का अमरपुरा में भव्य स्वागत



**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अमरपुरा में भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री रत्ना कुमारी शाहपुरा का ग्रामीणों द्वारा आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। हाल ही में भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान द्वारा उन्हें प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में मनोनीत किए जाने के उपलक्ष्य में ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर ग्राम अमरपुरा पहुंचने पर ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने रत्ना कुमारी का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उन्हें पुष्पमालाएं पहनाकर सम्मानित किया। स्वागत से अभिभूत रत्ना कुमारी ने ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी का स्नेह, सम्मान और प्रोत्साहन मेरे लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि जनता का यह विश्वास उन्हें निरंतर जनसेवा, क्षेत्र के विकास तथा समाज कल्याण के कार्यों के लिए और अधिक समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। रत्ना कुमारी ने कहा कि वह प्रदेश नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगी तथा क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाएंगी।इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों जोरों पर

**निवाई।** श्री श्याम धर्मार्थ सेवा संस्थान के तत्वावधान में रामनवमी पर श्याम मंदिर परिसर में आठवां सर्व समाज निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। संस्थान के अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया कि संस्थान के तत्वावधान में रामनवमी को आठवां विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन को लेकर 26 मार्च को रामनवमी पर आयोजित विवाह सम्मेलन में ग्यारह जोड़ों का लक्ष्य रखा गया है। जिसको लेकर 10 जोडों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। जिनमें 8 हिन्दु व 2 मुस्लिम जोडे है। हिन्दु जोडों का हिन्दु रीति रिवाज से पाणिग्रहण किया जाएगा व मुस्लिम समाज के जोडों का निकाह किया जाएगा। इस दौरान सुलेखचंद गुप्ता, रमेश विजय, शहर अध्यक्ष नितिन छाबड़ा, राजू मालावत, प्रदीप पारीक, अविनास पारीक, मोहित चँवरिया, राकेश घांसी व सर्वेश द्विवेदी सहित संस्थान के कई सदस्य व्यावस्थाओं में जुटे हुए है।

### छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिलें, छात्राओं के चेहरों पर खुशी की लहर

**पावटा( निसं )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भांकरी (पावटा), कोटपुतली-बहरोड़ में गुरुवार को राज्य सरकार की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 9वीं में अध्ययनरत 30 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया, जिसमें छात्राओं के साथ अभिभावकों और ग्रामीणों में भी खुशी का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य शेर सिंह ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि हेमन्त धनखड़ तथा विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य मुखराम धनखड़ और बुधराम गढ़वाल रहे। इस अवसर पर गांव के गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा। इस मौके पर मुख्य अतिथि हेमन्त धनखड़ और पंचायत समिति सदस्य मुखराम धनखड़ ने कहा कि राज्य सरकार की इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं को विद्यालय आने-जाने में काफी सुविधा मिलेगी। साइकिल मिलने से छात्राओं का समय बचेगा और वे नियमित रूप से विद्यालय आकर अपनी पढ़ाई को बेहतर ढंग से जारी रख सकेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को साइकिलें सौंपते ही उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय परिवार ने भी सरकार की इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे बालिकाओं की शिक्षा को नई गति मिलेगी।

### दांडी मार्च यात्रा निकाल कर दिया गांधी संदेश



**टोंक( निसं )।** महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति (पूर्व शांति एवं अहिंसा विभाग राजस्थान सरकार) द्वारा जिला मुख्यालय पर गुरुवार को महात्मा गांधी दांडी मार्च का शुभारंभ किया गया। इस दौरान समिति जिला संयोजक सुनील बंसल एवं युवा संयोजक कैलाश सेनी ने बताया कि यात्रा बस स्टैंड पर स्थित गांधी वाटिका पर दांडी मार्च यात्रा की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर प्रारम्भ किया, जो बाद में बस स्टैंड से कंकाली माता मंदिर होते हुए गांधी पार्क घंटाघर पहुंची। समिति महात्मा गांधी जीवन दर्शन के सदस्यो ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन एवं दांडी मार्च पर प्रकाश डाला तथा महात्मा गांधी के सिद्धांत पर चलने की बात कही। इस अवसर पर जिला सह संयोजक शंकर लाल कच्छावा, भंवरलाल बेरवा, मनराज गुर्जर, नवीन त्रिपाठी हारून भाटी, जुनैद खान सहित गांधी विचारक उपस्थित रहे।

### तृतीय एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन

**कोटपूतली, ( निसं )।** राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों ईकाईयों के संयुक्त तत्वाधान में तृतीय एक दिवसीय शिविर का प्रारंभ मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वयंसेवक सोहनलाल प्रजापत द्वारा तैयार राष्ट्रीय सेवा योजना गीत के विडियो का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संदीप कुमार आर्य ने इस सत्र की समस्त गतिविधियों की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। प्राचार्य प्रो. राजेंद्र कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों द्वारा सत्र पर्यंत की गई गतिविधियों एवं कार्यों के लिये सराहना की एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों में स्वयंसेवकों की बहुमुखी भूमिकाओं पर चर्चा की एवं निष्ठापूर्वक उन्हें पूर्ण करने के लिये प्रतिबद्ध किया। बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता प्रो. देशराज यादव ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्त्व पर विचार व्यक्त करते हुये स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा के लिये हमेशा समर्पित रहने का संदेश दिया। पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छता, श्रमदान, घूमन्तु एवं पिछड़े वर्गों को शिक्षा से जोड़ने, विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का हिस्सा बन अग्रणी भूमिका निर्वहन के लिये हमेशा तत्पर रहने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने महाविद्यालय में संचालित राजस्थान फिनिशिंग स्कूल प्रोग्राम की भी विस्तृत जानकारी दी। संचालन स्वयंसेविका सरिता रावत ने किया। स्वयंसेवक जसवंत ने राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों एवं आयोजित कार्यक्रमों पर फीडबैक प्रस्तुत किया। स्वयंसेवक सुंदर लाल गुर्जर ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शुभलता यादव, प्रो. शीशराम मीणा, प्रो. चंदन सिंघल, प्रो. सुमन पूनियां, प्रो. पी. सी. जाट एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। बौद्धिक सत्र के पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने पतंजलि उद्यान एवं खेल के मैदान में साफ-सफाई की। कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण किया। पौधों के चारों तरफ गड्डों की खुदाई कर मेडबंदी की।



मैं हमेशा से ही चुनौतीपूर्ण काम करना चाहता था। मैंने क्रिकेट इसी उद्देश्य से खेला है। मैंने क्रिकेट की शुरुआत इसी उद्देश्य से की थी। जब मैं टीम के लिए कुछ कर पाता हूं, तो मुझे बहुत खुशी मिलती है। – **जसप्रीत बुमराह**

**भारतीय गेंदबाज, अपनी गेंदबाजी को लेकर बोलते हुए।**




**आज का खिलाड़ी**

## बासित अली



**पाकिस्तान** के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने बुरी तरह पाकिस्तान टीम और पीसीबी को लताड़ा है। बासित अली ने पाकिस्तान क्रिकेट मैनेजमेंट पर सवाल उठाए हैं और उनकी प्लानिंग को भी घेरे में लिया है। उन्होंने सबसे पहले पाकिस्तान की पहले 10 ओवर में धीमे खेलने और सधी शुरुआत करने की स्ट्रेटजी पर सवाल उठाए। वहीं उन्होंने एकसाथ कई सारे युवा खिलाड़ियों को उतारने को लेकर भी सवाल उठाए। बासित अली ने पाकिस्तान टीम मैनेजमेंट को लताड़ते हुए कहा कि, सबसे पहले गोली मार दो उस आदमी को जिन्होंने बोला पॉवरप्ले के 10 ओवर में कम से कम 60 रन बनाने का कहा।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 17 टी-20 मैचों में से 14 में जीत दर्ज की है, जो एक बहुत बड़ा रिकॉर्ड है।

# गिल को क्रिकेटर ऑफ द ईयर, द्रविड़ को मिलेगा बीसीसीआई लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

नई दिल्ली, 12 मार्च। पूर्व भारतीय कोच राहुल द्रविड़ को बीसीसीआई द्वारा 15 मार्च को दिल्ली में आयोजित सालाना नमन अवॉर्ड्स में कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा जबकि भारत के टेस्ट व वनडे कप्तान शुभमन गिल को क्रिकेटर ऑफ द ईयर के सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

भारत की पूर्व महिला कप्तान मिताली राज को भी लाइफटाइम अवॉर्ड देने पर विचार किया जा रहा है। जबकि मुंबई के आयुष म्हात्रे को उनके प्रदर्शन के लिए घरेलू लिमिटेड ओवर क्रिकेट में बेस्ट ऑलराउंडर के लिए अमरनाथ अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। बता दें कि, राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली और वीवीएस लक्ष्मण के साथ भारत की मशहूर बिग फोर बैटिंग लाइन-अप का हिस्सा थे। द्रविड़ ने इस सभी स्टार





बल्लेबाजों की टीम में मौजूदगी के बावजूद अपना खास स्थान बनाया था और उन्हें अपनी पीढ़ी के बेस्ट टेस्ट बल्लेबाजों में से एक माना जाता है। राहुल द्रविड़ ने वनडे प्रारूप में भी 10 हजार से ज्यादा रन बनाए थे और टेस्ट क्रिकेट में वो काफी असरदार रहे थे और उन्होंने घर में साथ ही विदेशी धरती पर भी खूब बन बनाए थे। साल 2012 में क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद उन्होंने शुरू में कमेंट्री किया और फिर कोचिंग में आ गए। बाद में उन्होंने इंडिया अंडर 19 टीम की कमान संभी और शुभमन गिल और पृथ्वी शॉ जैसे खिलाड़ियों वाली टीम को साल 2018 में अंडर 19 वर्ल्ड कप का खिताब दिलाया।

इस दौरान उन्होंने इंडिया ए टीम के साथ मिलकर भी काम किया। राहुल द्रविड़ को इसके बाद साल 2021 में रवि शास्त्री की जगह भारतीय सीनियर टीम का हेड कोच बनाया गया और उनके कार्यक्रम में भारत ने 2023 वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बनाई, लेकिन टीम चैंपियन बनने से चूक गई। वहीं साल 2024 में भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज में टी20 वर्ल्ड कप टाइटल अपने नाम किया। इस बीच मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को घरेलू क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट एसोसिएशन के रूप में सम्मानित किया जाएगा।

# हार्दिक पंड्या के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई, तिरंगे का अपमान करने का लगा आरोप

नई दिल्ली, 12 मार्च। भारतीय स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दरअसल, वह कानूनी मुश्किल में फंसते हुए दिख रहे हैं। क्रिकेटर हार्दिक पंड्या के खिलाफ तिरंगे के अपमान को लेकर बेंगलुरु में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुणे के वकील वाजिद खान बिडकर ने यह शिकायत की है। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत के बाद अहमदाबाद में जश्न के दौरान पंड्या पर तिरंगे का सम्मान न करने का आरोप लगाया गया है।

वायरल वीडियो के आधार पर शिकायत- शिकायतकर्ता के अनुसार, टीम इंडिया की जीत के बाद मैदान पर जश्न मनाते हुए कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। एक वीडियो में पंड्या अपने कंधे पर तिरंगा ओढ़कर मैदान पर नाचते और दौड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

आरोप है कि जश्न के दौरान पंड्या अपनी गर्लफ्रेंड के साथ मंच पर लेटे दिखे। उस समय भी उनके कंधे पर तिरंगा था। शिकायतकर्ता का कहना है कि यह राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के खिलाफ है। वकील वाजिद खान ने कहा कि द प्रिवेंशन ऑफ इंसल्ट्स टु नेशनल ऑनर एक्ट, 1971 के अनुसार तिरंगे की गरिमा बनाए रखना



अनिवार्य है। उनका आरोप है कि जश्न के दौरान हार्दिक पंड्या इस बात का ध्यान नहीं रख पाए, जिसे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान माना जा सकता है। इस मामले में उन्होंने इसी कानून की धारा 2 के तहत शिकायत दर्ज कराई है।

यह कानून राष्ट्रीय ध्वज, संविधान और राष्ट्रगान जैसे राष्ट्रीय प्रतीकों के अपमान को रोकने के लिए बनाया गया है। इसके तहत तिरंगे को जमीन पर गिरने देना, उसे अनुचित तरीके से पहनना या किसी भी तरह उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाना दंडनीय माना जाता है। खान ने बताया कि उन्होंने शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दी है। शुरुआत में पुलिस ने कहा कि घटना अहमदाबाद में हुई है, इसलिए मामला वहीं दर्ज होना चाहिए। हालांकि, खान ने तर्क दिया कि तिरंगा पूरे देश का राष्ट्रीय प्रतीक है, इसलिए इसकी शिकायत कहीं भी दर्ज कराई जा सकती है। बाद में पुलिस ने उनकी शिकायत स्वीकार कर ली और उसकी कॉपी भी उन्हें दे दी।

### ट्वंटी-20 वर्ल्ड कप 2026

## आईसीसी ने 103.8 करोड़ की प्राइज मनी का किया बंटवारा

नई दिल्ली, 12 मार्च। आईसीसी ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपनी प्राइज मनी में इजाफा किया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल द्वारा इस टूर्नामेंट की प्राइज मनी के विभाजन की विस्तृत जानकारी शेयर की गई है। इस जानकारी के मुताबिक तकरीबन 103.8 करोड़ रुपये यानी 11.25 मिलियन यूएस डॉलर की इनामी राशि का बंटवारा किया गया है। विजेता भारतीय टीम को सबसे ज्यादा तकरीबन 2.6 मिलियन यूएस डॉलर यानी 24.3 करोड़ रुपये मिले हैं। वहीं भारत के अलावा रनर अप न्यूजीलैंड, सेमीफाइनल में हारने वाली साउथ अफ्रीका की टीम को भी 11 मिलियन यूएस डॉलर से ज्यादा की राशि मिली है। दरअसल, ये राशि प्रत्येक टीम के राउंड वाइज जगह बनाने और प्रत्येक मैच जीतने के हिसाब से बांटी गई है। वहीं प्रत्येक मैच जीतने के लिए एक टीम को 26 लाख रुपये मिले हैं। वहीं जो टीम एक भी मैच नहीं जीता पाईं और उन्होंने टूर्नामेंट में हिस्सा लिया, जैसे कनाडा, नामीबिया और ओमान, उन्हें भी 2.25 लाख यूएस डॉलर यानी तकरीबन 2 करोड़ से ज्यादा रुपये मिले हैं। इसका मतलब है कि कोई भी टीम टी20 वर्ल्ड कप से खाली हाथ नहीं लौटी है।

**ये है सभी टीमों को मिली धनराशि**

| | |
|---|---|
| भारत | 24,35,91,556.84 करोड़ |
| न्यूजीलैंड | 13,12,99,817.87 करोड़ |
| साउथ अफ्रीका | 9,28,04,399.66 करोड़ |
| इंग्लैंड | 8,99,29,206.34 करोड़ |
| वेस्टइंडीज | 4,96,76,684,53 करोड़ |
| पाकिस्तान | 4,82,39,087.87 करोड़ |
| जिम्बाब्वे | 4,53,63,894.56 करोड़ |
| श्रीलंका | 4,39,26,390.19 करोड़ |
| यूएसए | 2,85,92,087.38 करोड़ |
| ऑस्ट्रेलिया | 2,85,92,087.38 करोड़ |
| अफगानिस्तान | 2,85,92,087.38 करोड़ |
| स्कॉटलैंड | 2,57,16,894.06 करोड़ |
| आयरलैंड | 2,50,77,972.47 करोड़ |
| इटली | 2,36,40,375.81 करोड़ |
| नीदरलैंड्स | 2,36,40,375.81 करोड़ |
| यूएई | 2,36,40,375.81करोड़ |
| नेपाल | 2,36,40,375.81 करोड़ |
| कनाडा | 2,07,65,182.50 करोड़ |
| नामीबिया | 2,07,65,182.50 करोड़ |
| ओमान | 2,07,65,182.50 करोड़ |

# स्मृति मंधाना की द हंड्रेड में धमाकेदार एंट्री

### 50,000 पाउंड में मैनचेस्टर सुपर जायंट्स ने खरीदा

नई दिल्ली, 12 मार्च। आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 को जीतने वाली भारतीय महिला टीम के खिलाड़ियों की डिमांड पूरे वर्ल्ड में बढ़ती जा रही है। इसका नया उदाहरण इंग्लैंड की लीग द हंड्रेड में देखने को मिला। भारतीय महिला टीम की ओपनर स्मृति मंधाना की अगुवाई में द हंड्रेड के महिला खिलाड़ियों के ड्राफ्ट में भारतीय खिलाड़ियों की मौजूदगी देखने को मिली। ऋषा घोष को 50,000 पाउंड का कॉन्ट्रैट हासिल किया।

द हंड्रेड के महिला खिलाड़ियों के ड्राफ्ट में कुल 178 खिलाड़ियों की बोली लगी, जबकि 28 खिलाड़ियों को टूर्नामेंट से पहले ही फ्रेंचाइजी ने रिटेन कर लिया था या सीधे साइन किया था।



इस लीग की शुरुआत 21 जुलाई से होगी और 16 अगस्त को खत्म होगा। मैनचेस्टर सुपर जायंट्स ने ऋचा को 50,000 पाउंड में खरीदा, जो भारतीय रुपये में करीब 61 लाख होता है। इस भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज को खरीदने के लिए नीलामी में सिर्फ इसी फ्रेंचाइजी ने बोली लगाई थी।

मैनचेस्टर सुपर जायंट्स ने नीलामी के पहले ही स्मृति मंधाना के साथ ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज बल्लेबाज मेग लैनिंग को अपनी टीम में सीधे साइन किया था जबकि इंग्लैंड की स्पिनर सोफ एक्लेस्टोन को फ्रेंचाइजी ने रिटेन किया था। इस बीच दीप्ति शर्मा को सनराइजर्स लीड्स ने 27,500 पाउंड यानी करीब 34 लाख में अपनी टीम के साथ जोड़ा। इस अनुभवी भारतीय ऑलराउंडर को लेने के लिए फ्रेंचाइजी ने बोली शुरू की और किसी और से मुकाबला नहीं करना पड़ा। हालांकि, भारत की यास्तिका भाटिया और श्री चरणी को ड्राफ्ट में किसी ने नहीं खरीदा।

## आईपीएल 2026 से पहले सामने आया मैच फिक्सिंग का मामला आईसीसी ने दो लोगों पर लिया कड़ा एक्शन

नई दिल्ली, 12 मार्च। आईसीसी ने भ्रष्टाचार विरोधी नियमों के उल्लंघन के मामले में बड़ा एक्शन लिया है। इस कड़ी में आईसीसी ने वेस्टइंडीज के फास्ट बॉलिंग ऑलराउंडर जेवोन सर्ल्स को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। आईसीसी के मुताबिक सर्ल्स को एंटी-करप्शन कोड का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है। ये मामला 2023-34 में बारबाडोस में खेले गए बिम10 लीग से जुड़ा है।

वहीं सर्ल्स के अलावा आईसीसी ने टाइटन्स टीम के मालिक चित्ररंजन राठौड़ और टीम अधिकारी ट्रेवन ग्रिफिथ को भी सभी प्रकार के क्रिकेट से निलंबित कर दिया है। बिम10 एक 10-10 ओवर की पारियों वाला टूर्नामेंट हैं जिसमें छह टीमें वॉयजर्स, गार्डियंस, टाइटन्स, सेटलर्स, वॉरियर्स और पेलिकन्स टीम खेलती हैं। यह टूर्नामेंट आखिरी बार 2023-24 में आयोजित हुआ था जो क्रिकेट वेस्टइंडीज के भ्रष्टाचार-रोधी नियमों के अंतर्गत आता है।

आईसीसी और क्रिकेट वेस्टइंडीज दोनों ने अपने-अपने भ्रष्टाचार रोधी संहिता के अंतर्गत ये आरोप लगाए हैं। आईसीसी ने कहा कि तीनों को 11 मार्च 2026 से 14 दिनों के भीतर इन आरोपों का जवाब देने का समय दिया गया है। आरोपों में मैच फिक्सिंग, खिलाड़ियों को भ्रष्ट गतिविधियों के लिए उकसाना और भ्रष्टाचार-रोधी अधिकारियों को संदिग्ध संपर्कों की जानकारी नहीं देना शामिल है।

सर्ल्स ने वेस्टइंडीज अंडर-19 टीम का प्रतिनिधित्व किया है। वह कैरेबियाई प्रीमियर लीग में त्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए खेले थे और 2018 में आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए भी खेल चुके हैं। उन पर क्रिकेट वेस्टइंडीज की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के तहत चार आरोप लगाए गए हैं। राठौड़ पर अपनी फ्रेंचाइजी के भीतर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप है।

# फीफा वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा नहीं लेगा ईरान, सुरक्षा का दिया हवाला

नई दिल्ली, 12 मार्च। ईरान के स्पोर्ट्स मिनिस्टर ने ऐलान किया है कि, उनका देश फीफा वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा नहीं लेगा। उन्होंने अपने लीडर की यूएस द्वारा हत्या और हाल की गलत हरकतों का जिक्र किया। ईरानी फुटबॉल फेडरेशन के प्रेसिडेंट ने भी यही बात दोहराई है। हालांकि, फीफा के प्रेसिडेंट ने पहले कहा था कि ईरानी टीम का यूएस में स्वागत किया जाएगा, जो टूर्नामेंट को होस्ट कर रहा है। ईरान के स्पोर्ट्स मिनिस्टर अहमद दोन्यामाली ने बुधवार को कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की अमेरिका द्वारा हत्या के बाद उनका देश 2026 फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं ले सकता। रिपोर्ट के मुताबित अहमद दोन्यामाली ने बुधवार को सरकारी टेलीविजन से कहा कि, ये देखते हुए कि इस भ्रष्ट सरकार ने हमारे लीडर की हत्या की है, हम किसी भी हालात में वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं ले सकते। दोन्यामाली ने कहा कि, हमारे बच्चे सुरक्षित नहीं हैं और असल में हिस्सा लेने के लिए ऐसे हालात मौजूद नहीं हैं। ईरान के खिलाफ उन्होंने जो गलत काम किए हैं उन्हें देखते हुए उन्होंने आठ या 9 महीनों में हम पर दो जंग थोपी हैं। और हमारे हजारों लोगों को मारा और शहीद किया। इसलिए हम निश्चित रूप से ऐसी मौजूदगी नहीं रख सकते। बता दें कि, फीफा वर्ल्ड कप 2026 में 104 मैच होंगे। साथ ही इसका आयोजन 11 जून को मेक्सिको सिटी के एस्टाडियो एज्टेका में शुरू होगा और न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड के मेटलाइफ स्टेडिया में खत्म होगा।


**Rajasthan University of Health Sciences**
सेक्टर-18, कुम्भा मार्ग, प्रताप नगर, जयपुर-302033
दूरभाष: 0141-2279515, 0141-2795508, 2795536 Email: registrar@ruhsraj.org,

No. :- F.6 ( ) Store/RUHS/2025-26/40550 Date :- 06/03/2026

**Notice Inviting e-Bids**

Single Stage Two envelope bids are invited up to 02.00 pm of 18/03/2026 for Rate Contract of Event Management Work as per Scope of Work for Rajasthan University of Health Sciences, Jaipur (Total Est. Cost Rs. 30 Lacs). Details may be seen in the Bidding Documents at the Website **sppp.raj.nic.in or eproc.rajasthan.gov.in.**

**(UBN No. RUH2526SLRC00031)**

Registrar,
Rajasthan University of Health Sciences

Raj.Samwad/C/25/22228

**कार्यालय जिला परिषद बीकानेर**

क्रमांक :- 56 Date :- 05/03/2026

**ई-निविदा सूचना 07/2025**

कार्यालय जिला परिषद बीकानेर द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य ग्रामीण विकास हेतु राजीविका मार्केट विकास केन्द्र बीकानेर को करवाने हेतु दिनाक 18.03.2026 तक ऑन लाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण कार्यालय बीकानेर **http://sppp.rajsthan.gov.in & http://eproc.rajsthan.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**NIB Code : ZBK2526A0169**

**UBN No. : ZBK2526WSRC00334**

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जिला परिषद बीकानेर

राज.संवाद/सी/25/22215

राजस्थान सरकार

**कार्यालय नगर पालिका, सादड़ी (जिला-पाली) राज.**

(आपकी सेवा में सदैव तत्पर)

पता: मैन बस स्टेण्ड, सादड़ी

Ph.-02934-285022 email: npsadri1979@yahoo.com, gmail.com

क्रमांक : न.पा.सा. / 2026 / 4976–4977 दिनांक 29.01.2026

**-:: Notice Inviting Bid ::-**

Bid for subject matters of procurement are invited from intreseted bidders upto (date)& (time). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. (https://sppp.rajasthan.gov.in, eproc.rajasthan.gov.in) of the state departmental website.

UBN NO :- DLB2526WSOB37198

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका सादड़ी

राज.संवाद / सी / 25 / 22194

**कार्यालय नगर पालिका, जैतारण (ब्यावर) राज.**

Municipal Board, Jaitaran (Beawar) Rajasthan E-mail: eojaitaran@rediffmail.com

क्रमांक:– न.पा.जै / स्टोर / ई–निविदा / 2025–26 / 8649 दिनांक : 09.03.2026

**:: ई -निविदा सूचना ::**

(NIB NO. DLB2526B2649)

नगर पालिका जैतारण की ओर से नगर पालिका जैतारण एवं राजकीय विभाग मे नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र मे ई– प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया ऑनलाईन निविदाएं आंमत्रित की जाती है । नगर पालिका क्षेत्र के कुल 05 कार्य अनुमानित लागत 180.95 (लाख) रू की निविदा बेचे जानी प्रारम्भ की दिनांक 09.03.2026 एवं 23.03.2026 प्राप्त करने की दिनांक निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajashtan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है ।

राज.संवाद / सी / 25 / 22199 प्रशासक अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल जोबनेर (जयपुर)**

क्रमांक / न.पा.जो. / 2025–2026 / 3409 दिनांक 09.03.2026

**निविदा आमन्त्रण सूचना/2025-2026**

नगर पालिका जोबनेर द्वारा केश / विकास / स्टोर शाखा से कार्य करवाने हेतु कार्य संख्या 9 कार्यो की निविदा आमन्त्रित की जा रही है। उक्त कार्यो की अमानता राशि, बिड की शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर अथवा अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है।

**UBN NO. - 1- DLB2526WSOB37558, 2- DLB2526WSOB37560, 3- DLB2526WSOB37562, 4- DLB2526WSOB37564, 5- DLB2526WSO37566, 6-DLB2526WSOB37570, 7- DLB2526WSOB37573, 8- DLB2526WSOB37575, 9- DLB2526WSOB37579**

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका जोबनेर

राज.संवाद / सी / 25 / 22207

**जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता (टीडब्ल्यू), पुराना पॉवर हाऊस, बनीपार्क, जयपुर

प्रभास्मि शशि सूर्ययोः

टेलीफैक्स: 0141-2201022 ईमेल : setw@jvvnl.org

**ई-निविदा सूचना**

ई–निविदा दो भागों में (तकनीकी–वाणिज्यिक), जयपुर डिस्कॉम के अन्तर्गत चिन्हित 33/11 केवी उपकेन्द्रों के परिचालन एवं संधारण के कार्य हेतु टीएन संख्या–617 में योग्य निविदादाताओं से श्रम दर पर आमंत्रित किऐ जाते है। योग्य निविदादाता सम्पूर्ण निविदा सम्बन्धित दस्तावेज ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल **http://www.eproc.rajasthan.gov.in** से डाउनलोड कर सकते है। निविदाऐं ऑनलाईन ई–पोर्टल पर दिनांक 10.04.2026 को सांय 5.00 बजे तक ही स्वीकार की जावेगी। निविदा सम्बन्धी जानकारी, कार्य का विवरण इत्यादि जयपुर विद्युत वितरण निगम की वेब साईट **http://energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, http://www.sppp.rajasthan.gov.in & http://www.eproc.rajasthan.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है। **UBN: VVN2526SLOB01050**

राज.संवाद/सी/25/22256 जेपीआर - 3129 (2026) अधीक्षण अभियन्ता (टीडब्ल्यू)

बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507

**कार्यालय नगरपालिका धरियावद जिला-प्रतापगढ़ (राज.)**

क्रमांक / न.पा.धरि. / स्टोर / 2025–26 / 1430 दिनांकः– 07.03.2026

**ई निविदा सूचना-07**

नगरपालिका द्वारा वित्तिय वर्ष 2025–26 हेतु निम्न कार्य कराये जाने हेतु नीचे अंकितानुसार खुली बोली पद्धती से ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विस्तृत विवरण www.sppp.raj.gov.in एंव www.eproc.raj.gov.in पर उपलब्ध है।

| क्र.सं. | यूबीएन संख्या |
|---|---|
| 01 | DLB2526GLOB36767 |

Important Date

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | 28 / 02 / 2026 से 13 / 03 / 2026 तक (सांय 06:00 बजे तक) |
| 2 | निविदा अपलोड करने की दिनांक | 28 / 02 / 2026 से 13 / 03 / 2026 तक (सांय 06:00 बजे तक) |
| 3 | धरोहर राशि / निविदा शुल्क / प्रोसेसिंग फीस एंव ESI, EPS, GST, PAN No. के दस्तावेज भौतिक रूप से जमा करने की दिनांक | 16 / 03 / 2026 दोपहर 02:00 बजे तक |
| 4 | तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | 16 / 03 / 2026 सांय 04:00 बजे |
| 5 | वित्तीय बिड खोलने की दिनांक | तकनिकी बिड परीक्षण पश्चात्। |

अधिशाषी अधिकारी
धरियावद

राज.संवाद / सी / 25 / 22202




# टीम जयपुर ने 7-4.5 के स्कोर से नाहरगढ़ को हराकर जीता मैच

जयपुर, 12 मार्च। जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत आयोजित श्री सीमेंट कप (आउट ऑफ हैट) टूर्नामेंट का दूसरा मुकाबला राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर खेला गया। यह मैच टीम जयपुर और टीम नाहरगढ़ के बीच हुआ, जिसमें टीम जयपुर 7-4.5 के स्कोर से नाहरगढ़ को हराकर विजेता बनी। टीम जयपुर से महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 गोल हासिल किए। वहीं, रघुराम हरि ने 1 गोल किया। टीम से खेलने वाले अन्य खिलाड़ियों में नरेंद्र सिंह और प्रताप सिंह कानोता भी शामिल रहे। दूसरी ओर, टीम नाहरगढ़ की ओर से दिव्यमान सिंह दूजोद ने 2 गोल, तरुण बिलवाल और विशाल सिंह राठौड़ ने 1-1 गोल किया। टीम से विग्रहराज सिंह कोठारिया भी खेले। यहां टीम नाहरगढ़ को आधे गोल का एडवांटेज भी प्राप्त हुआ। पहला सेमीफाइनल कल- टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मैच 13 मार्च, शुक्रवार को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर शाम 5 बजे से खेला जाएगा। इस मुकाबले में टीम जयपुर और टीम जयगढ़ आमने-सामने होंगी। वहीं, दूसरा सेमीफाइनल 14 मार्च, शनिवार को खेला जाएगा। टूर्नामेंट की फाइनल टक्कर 15 मार्च, रविवार को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर होगी।

## राजस्थान रॉयल्स 17 से जयपुर में प्री-सीजन ट्रेनिंग कैम्प शुरू करेगी

जयपुर, 12 मार्च। राजस्थान रॉयल्स ने आज आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सीज़न के लिए जयपुर में अपने पहले प्री-सीजन ट्रेनिंग कैंप की शुरुआत की घोषणा की। मंगलवार, 17 मार्च 2026 से टीम का स्क्वाड पिंक सिटी में एकत्र होगा, जहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में ट्रेनिंग, फिटनेस और नेट सत्रों के साथ कैंप की शुरुआत होगी। हेड कोच और डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट कुमार संगकारा के मार्गदर्शन में यह कैंप टीम बॉन्डिंग, गहन अभ्यास और रणनीतिक योजना पर केंद्रित रहेगा। इसके साथ ही खिलाड़ियों के लिए स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। इससे पहले खिलाड़ियों के एक छोटे समूह रवि बिश्नोई, वैभव सूर्यवंशी, संदीप शर्मा और हाल ही में टीम से जुड़े रविंद्र जडेजा ने फ्रेंचाइज़ी के नागपुर स्थित हाई परफॉर्मेंस सेंटर में एक छोटे कैंप और फिटनेस असेसमेंट सत्र में हिस्सा लिया था। जयपुर कैंप इस सीज़न से पहले पहली बार होगा जब टीम का पूरा स्क्वाड, जिसमें नए खिलाड़ी जडेजा और सैम करन भी शामिल हैं, आईपीएल गवर्निंग काउंसिल द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार, फ्रेंचाइज़ी 26 मार्च 2026 को गुवाहाटी के लिए रवाना होने की संभावना है, जहां 30 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ सीज़न का पहला मुकाबला खेला जाएगा।

### जयपुर में शुरू हुआ अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाजी कोचिंग सेमिनार

## देशभर के 40 प्रशिक्षकों को दी जा रही ट्रेनिंग




जयपुर , 12 मार्च। भारतीय तीरंदाजी संघ द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर के टरिकर्व कोचचेंज सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला राजस्थान तीरंदाजी संघ के सहयोग से 11 मार्च से 16 मार्च तक आयोजित की जा रही है। इस सेमिनार में देशभर से चयनित 40 तीरंदाजी प्रशिक्षकों को आधुनिक तकनीक, अंतरराष्ट्रीय नियमों और उन्नत प्रशिक्षण पद्धितयों की जानकारी दी जा रही है। कार्यशाला का उद्घाटन जयपुर के एक होटल में आयोजित समारोह में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नीरज के. पवन (अध्यक्ष, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद) ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस प्रकार के तकनीकी सेमिनार प्रशिक्षकों के ज्ञान और कौशल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जब प्रशिक्षक आधुनिक तकनीकों और नए अंतरराष्ट्रीय नियमों से अपडेट रहेंगे, तब हमारे खिलाड़ी भी वैश्विक स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। उन्होंने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के सेमिनार समय-समय पर सभी खेलों में आयोजित किए जाने चाहिए। इस अवसर पर गुंजन अब्रॉल (एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिसर, भारतीय तीरंदाजी संघ) ने संगठन की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय तीरंदाजी संघ समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है ताकि भारतीय तीरंदाजों और प्रशिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की जानकारी और प्रशिक्षण मिल सके।

# आरयूएफसी और एनएफसी का पहला मैच आज

जयपुर, 12 मार्च। राजस्थान में फुटबॉल को नई पहचान दिलाने की दिशा में काम कर रहा राजस्थान यूनाइटेड एफ सी अब आईएफएल 2025-26 सीजन के अपने पहले होम मैच के लिए पूरी तरह तैयार है। टीम 13 मार्च को जयपुर के विद्यासागर नगर स्टेडियम में नामधारी फुटबॉल क्लब के खिलाफ मैदान में उतरेगी। इस मुकाबले को लेकर क्लब प्रबंधन और खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। सीजन के पहले होम मैच को खास बनाने के लिए क्लब की ओर से विशेष उद्घाटन समारोह का आयोजन भी किया जाएगा।

इस कार्यक्रम के जरिए राजस्थान में तेजी से बढ़ रहे फुटबॉल कल्चर का जश्न मनाया जाएगा और स्थानीय खिलाड़ियों को भी प्रेरित करने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर क्लब के चेयरमैन कृष्ण कुमार टाक ने हाल ही में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से मुलाकात कर उन्हें मैच में शामिल होने के लिए औपचारिक निमंत्रण दिया। टीम में इस बार कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिनमें स्पेन के फुटबॉलर पेड्रो स्त्री लोपेज और गेरार्ड आर्टिगस भी मैदान में नजर आएंगे। इन खिलाड़ियों की मौजूदगी से टीम की ताकत बढ़ी है, प्रशंसकों को भी एक रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है।

## अब नेट्स शेयर नहीं कर सकेंगी टीमें

नई दिल्ली, 12 मार्च। बीसीसीआई ने आईपीएल टीमों के प्रैक्टिस सेशन को लेकर नई गाइडलाइन जारी की हैं। कोई भी टीम उस नेट या पिच पर प्रैक्टिस नहीं कर सकेगी, जिस पर दूसरी टीम पहले अभ्यास कर चुकी हो। हर टीम को अभ्यास के लिए अलग और नए नेट उपलब्ध कराए जाएंगे। अगर दो टीमें अलग-अलग समय पर अभ्यास करती हैं तो भी पहली टीम के इस्तेमाल किए नेट दूसरी टीम को नहीं दिए जाएंगे।

# हमने प्रदेश में उद्योगों के लिए बेहतर वातावरण तैयार किया- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने सीआईआई (राजस्थान) के वार्षिक सत्र में कहा कि राजस्थान में उद्यमियों को परेशानी नहीं आने दी जायेगी

जयपुर, 12 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में विकास की अपार संभावनाएं हैं। हमारी सरकार ने निवेशपरक वातावरण, नवाचारों को प्रोत्साहन, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस तथा सिंगल विंडो क्लीयरेंस सहित विभिन्न ऐसे निर्णय किए हैं, जिससे प्रदेश में उद्योगों के लिए बेहतर वातावरण तैयार हुआ है। हम प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 2047 तक 4.3 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि राजस्थान में निवेश करने वाले उद्यिमयों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी तथा उनकी सभी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री गुरुवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) राजस्थान के वार्षिक सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए प्रदेश में योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने विभिन्न योजनाओं, नवाचारों एवं कार्यक्रमों द्वारा प्रदेश में विकास को गति दी है। प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी को मजबूत करने के साथ ही सड़क नेटवर्क को भी सुदृढ़ किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रचुर मात्रा में खनिज उपलब्ध है। राज्य सरकार इनकी प्रोसेसिंग पर विशेष ध्यान दे रही है। इस दौरान शर्मा ने युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के नियुक्ति पत्र तथा महिलाओं को उद्यिमता के लिए वाउचर पत्र भी सौंपे। इस अवसर पर सीआईआई (उत्तर क्षेत्र) की अध्यक्ष अंजली सिंह और सीआईआई राजस्थान के अध्यक्ष संजय अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं उद्यमी मौजूद रहे।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को भारतीय उद्योग परिसंघ राजस्थान के वार्षिक सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के नियुक्ति पत्र तथा महिलाओं को उद्यिमता के लिए वाउचर पत्र सौंपे।*

■ **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में एयर कनैक्टिविटी के साथ सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ किया है। राज्य सरकार खनिजों की प्रोसेसिंग पर विशेष ध्यान दे रही है।**

## ईरान युद्ध में चार भारतीयों की मौत

नई दिल्ली, 12 मार्च। भारत ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष में व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाए जाने की कड़ी निंदा की है। व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाए जाने के चलते 4 भारतीय अपनी जान गंवा बैठे हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अंतर मंत्रालयी पत्रकार वार्ता में गुरुवार को बताया कि वर्तमान में पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण तीन भारतीयों की मौत हुई है और एक भारतीय लापता है। मरने वाले भारतीय हमले का शिकार बने व्यापारिक जहाजों पर कार्यरत थे। प्रवक्ता ने बताया कि अब तक हमने तीन भारतीय नागरिकों को खो दिया है और चौथा भारतीय नागरिक लापता है। हाल ही में एक भारतीय की मौत मार्शल द्वीप समूह के ध्वज वाले जहाज सेफसी विष्णु पर हुई है। यह घटना इराक के पास घटी है। मंत्रालय उनके पार्थिव शरीर को भारत लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। वहीं पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष में अब तक 24 से अधिक भारतीय नागरिकों के घायल होने की पुष्टि हुई है।

## ओम बिड़ला ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

करना चाहता हूं कि मैं हमेशा सभी सांसदों को बोलने की अनुमति देता हूं, लेकिन नियमों और विनियमों (रुल्स एंड रेग्यूलेशंस) के तहत।"

ओम बिड़ला ने गुरुवार को कहा, "आइए, हम इस लोकसभा की कार्यवाही को नियमों के अनुसार चलाएं। ये नियम सभी के लिए समान हैं, विपक्ष और सरकार दोनों के लिए।"

## अमेरिका -इज़रायल की सदाबहार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रोकना चाहता है। इराक और अफगानिस्तान में लंबे और विवादित हस्तक्षेपों ने अमेरिकी जनता और राजनीतिक नेतृत्व को अनिश्चित अवधि तक चलने वाले युद्धों से सावधान कर दिया है। यहां तक कि जब अमेरिका शुरुआत में सैन्य कार्रवाई का समर्थन करता है, तब भी आमतौर पर कांग्रेस, सहयोगी देशों और घरेलू जनमत की ओर से तनाव को सीमित रखने और कूटनीतिक समाधान तलाशने का दबाव बना रहता है।

विश्लेषकों का कहना है कि यदि युद्ध बिना किसी स्पष्ट और त्वरित समाधान के जारी रहता है, तो दोनों देशों के नज़रिए में यह अंतर वॉशिंगटन में पॉलिसी डिबेट्स को प्रभावित कर सकता है। लंबे संघर्ष के आर्थिक प्रभाव सबसे पहले तनाव का कारण बन सकते हैं। ईरान रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज़ स्ट्रेट के पास स्थित है, जहां से दुनिया के बड़े हिस्से का तेल परिवहन होता है। नए सुप्रीम लीर्डस के इशारे पर शिपिंग तथा रूट्स एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर में रूकावट से दुनियाभर में तेल की कीमतें ऊंची रहेंगी और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में महंगाई का दबाव बढ़ेगा। अमेरिका में ईंधन की कीमतें सीधे जनभावना से काफी हद तक जुड़ी हुई हैं, इसलिए प्रशासन पर क्षेत्र को जल्दी स्थिर करने का राजनीतिक दबाव बढ़ सकता है।

कूटनीतिक पहलू भी दोनों के बीच दूरी बढ़ा सकते हैं। वॉशिंगटन को केवल इज़रायल ही नहीं, बल्कि यूरोपीय सहयोगियों और खाड़ी देशों के साथ भी संबंध संभालने होते हैं, जिनके आर्थिक और सुरक्षा हितों पर लंबे युद्ध से असर पड़ सकता है। यूरोपीय संघ के देश और खाड़ी के बड़े ऊर्जा उत्पादक देश संघर्ष के बढ़ने पर तनाव कम करने की मांग कर सकते हैं, खासकर तब, जब युद्ध से जहाजरानी मार्ग, व्यापार और ऊर्जा बाजार प्रभावित होने लगें। ऐसे में अमेरिका को, इज़रायल की लगातार सैन्य दबाव बनाए रखने की इच्छा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संयम व बातचीत की मांग के बीच संतुलन बनाना पड़ सकता है।

एक और संभावित तनाव का बिंदु सैन्य लक्ष्यों को लेकर हो सकता है। इज़रायल पूरे इलाके में ईरानी इन्फ्रास्ट्रक्चर, सैन्य ठिकानों और प्रॉक्सी नैटवर्क पर हमले जारी रखने के पक्ष में हो सकता है। लेकिन अगर इन कार्रवाइयों से और देशों के शामिल होने या युद्ध के भौगोलिक रूप से फैलने का खतरा बढ़ता है, तो अमेरिका ज्यादा सावधानी बरत सकता है। ऐसे में अमेरिका को इज़रायली अभियानों का समर्थन करने के फायदों को एक बड़े रीजनल युद्ध में घसीटे जाने की संभावना के साथ तोलना होगा।

हालांकि इसका यह मतलब नहीं होगा कि अमेरिका-इज़राइल साझेदारी टूट जाएगी, क्योंकि यह गहरे रणनीतिक और राजनीतिक आधार पर टिकी है। लेकिन लंबे युद्ध अक्सर करीबी सहयोगियों के बीच भी प्राथमिकताओं के सूक्ष्म अंतर को उजागर कर देते हैं। जो अभियान शुरुआत में पूरी तरह एकजुट दिखता है, वह धीरे-धीरे सैन्य कार्रवाई की गति, दायरे और उद्देश्यों को लेकर बातचीत का रूप ले सकता है। यदि संघर्ष जारी रहता है और इसका खर्च बढ़ता है, तो वॉशिंगटन तनाव कम करने का रास्ता तलाशने पर अधिक जोर दे सकता है, जबकि इज़रायल तब तक दबाव बनाए रखने पर केंद्रित रह सकता है, जब तक उसे यह भरोसा न हो जाए कि ईरान की क्षमताएं निर्णायक रूप से कमजोर हो चुकी हैं।

ऐसी स्थिति में गठबंधन बना रहेगा, लेकिन संघर्ष के शुरुआती चरण में जो राजनीतिक तालमेल मजबूत दिखता है, वह समय के साथ अधिक जटिल हो सकता है, क्योंकि दोनों पक्ष अपने हितों और सीमाओं के अनुसार अपनी नीतियों को समायोजित करेंगे।

## ईरान की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सुरक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय गारंटी।"

ईरान के राष्ट्रपति का युद्धविराम का प्रस्ताव ईरान की सशस्त्र सेनाओं के प्रवक्ता अबुलफजल शेकरची के बयान के बाद आया, जिसमें उन्होंने सरकारी आईआरआईबी टीवी चैनल पर कहा कि अगर वॉशिंगटन ने ईरानी बंदरगाहों पर हमला किया, तो खाड़ी में कोई भी बंदरगाह या आर्थिक केन्द्र ईरान की पहुंच से बाहर नहीं होगा।

सशस्त्र बलों के प्रवक्ता अबुलफजल शेकरची ने कहा। "अगर हमारे बंदरगाहों और डॉक को धमकी दी जाती है, तो क्षेत्र के सभी बंदरगाह और डॉक हमारा निशाना होंगे।"

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरानी बंदरगाहों पर हमला होता है, तो सशस्त्र बल "अब तक किए गए हमलों से कहीं ज्यादा बड़ा ऑपरेशन करेंगे।"

## ईरान ने युद्ध खत्म करने के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

किसी समय-सीमा का उल्लेख किए बिना, अमेरिकी राष्ट्रपति पिछले कुछ दिनों से बार-बार कह रहे हैं कि युद्ध "बहुत जल्द" समाप्त हो जाएगा। ट्रंप के अनुसार, सैन्य अभियान तय समय से काफी आगे बढ़ चुका है और "ईरान में टारगैट करने के लिये अब कुछ बाकी नहीं बचा है।"

संघर्ष शुरू होने से पहले अमेरिका ने चार मुख्य लक्ष्य तय किए थे-ईरान की परमाणु क्षमता को निष्क्रिय करना, ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल उद्योग को पूरी तरह नष्ट करना, ईरानी नौसेना को खत्म करना और हिज़्बुल्लाह, हूती तथा हमास जैसी आतंकी सेनाओं को हथियार, धन और मार्गदर्शन देने की ईरान की क्षमता को समाप्त करना। इनमें से अमेरिका केवल दो लक्ष्य हासिल करने का दावा कर सकता है-ईरान के मिसाइल कार्यक्रम और उसकी नौसेना को नष्ट करना। ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता के रूप में मोजतबा खामेनेई की नियुक्ति स्वीकार्य नहीं है। लेकिन खामेनेई देश पर मजबूत नियंत्रण बनाए हुए दिखाई देते हैं और अमेरिका उन्हें सत्ता से हटाने में सफल नहीं हुआ है।

■ **यही नहीं, ट्रंप बार-बार कह रहे हैं कि मोजतबा को ईरान का सुप्रीम लीडर बनाना उन्हें स्वीकार्य नहीं है पर अमेरिका उन्हें हटाने के लिए कुछ नहीं कर पाया है, उल्टे मोजतबा ने देश पर मजबूती से नियंत्रण कर लिया है।**

संघर्ष के पहले ही दिन अयातुल्लाह अली खामेनेई के मारे जाने के बावजूद, अमेरिका और इज़रायल ईरान में सत्ता परिवर्तन कराने में असफल रहे हैं। दोनों पक्षों में से कोई भी नरमी के संकेत नहीं दे रहा है और ईरान लगातार यह कह रहा है कि वह युद्धविराम की मांग नहीं कर रहा है।

## ट्रम्प अब किसी भी तरह से खाड़ी देशों के युद्ध ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कि अभी कई सैन्य अभियान बाकी हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने दावा किया कि सैन्य अभियान बहुत सफलतापूर्वक चल रहा है और इसके अधिकांश लक्ष्य पहले ही हासिल किए जा चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान में अब बहुत कम लक्ष्य बचे हैं, जिन पर हमला किया जाना बाकी है। उनके बयान ऐसे लगते हैं, मानो वे पहले से ही अमेरिका के इस मुश्किल स्थिति से निकलने की कहानी तैयार कर रहे हैं।

दूसरी ओर इज़रायल का कहना है कि अभी कई महत्वपूर्ण लक्ष्य बाकी हैं, जिन्हें हासिल करना जरूरी है। इज़रायल इस संघर्ष को लंबे समय के नजरिये से देख रहा है, जिसमें उसका मुख्य प्रतिद्वंद्वी ईरान भविष्य में फिर से सैन्य अभियान चलाने की स्थिति में न रहे। इस प्रकार अमेरिका और इज़रायल के दीर्घकालिक लक्ष्यों और युद्ध के अंत को लेकर अलग-अलग दृष्टिकोण हैं।

इज़रायल की मजबूरियां स्पष्ट हैं। ईरान लगातार भारी मिसाइल हमले और विनाशकारी सैन्य कार्रवाइयां कर रहा है। इसलिए इज़रायल इस समस्या को उसकी जड़ में जाकर खत्म करना चाहता है। यदि इस युद्ध का कोई बड़ा शिकार रहा है तो वह है डॉनल्ड ट्रंप की शेखी। ट्रंप ने कहा था कि अमेरिकी सेना होर्मुज़ स्ट्रेट को खुलवा देगी और जहाजों को सुरक्षा देते हुए पार करवाएगी। लेकिन अमेरिकी रक्षा बलों ने साफ कहा है कि वे अभी इस तरह की एस्कॉर्ट सेवा देने के लिए तैयार नहीं हैं।

यह स्पष्ट है कि व्यावसायिक जहाजों को साथ लेकर होर्मुज़ स्ट्रेट से गुजरना बेहद खतरनाक होगा और इससे निश्चित रूप से भारी नुकसान हो सकता है। इसी कारण अमेरिकी नौसेना ने ऐसे सुरक्षा अभियान शुरू नहीं किए हैं।

ट्रंप का एक और बड़ा दावा यह था कि शेयर बाजार उनके नेतृत्व से बेहद खुश हैं और बाजार अभूतपूर्व ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। लेकिन युद्ध शुरू होने के बाद से शेयर बाजारों में तेज गिरावट देखी गई है। इसके साथ ही, अमेरिकी ट्रेज़री बॉन्ड की लाभ दर बढ़ गई है, जिससे अमेरिकी सरकार के लिए कर्ज लेना और महंगा हो गया है। इसका असर अमेरिका की वित्तीय स्थिति पर पड़ सकता है, जो पहले से ही काफी दबाव में है। तीसरा असर यह हुआ है कि युद्ध के कारण जोखिम की धारणा बढ़ गई है, जिससे अमेरिकी डॉलर की विनिमय दर मजबूत हो गई है। इससे अमेरिका के निर्यात को प्रतिस्पर्धी बनाने की उसकी योजना को और झटका लग सकता है।

कुल मिलाकर अब समय आ गया है कि ट्रंप ईरान युद्ध के इस जटिल संकट से निकलने का रास्ता तलाशें। अमेरिका अब हर हाल में इस स्थिति से बाहर निकलना चाहता है। लेकिन इज़रायल के लिए स्थिति बिल्कुल अलग है। जब तक ईरान को पूरी तरह काबू में नहीं किया जाता और उसकी सैन्य क्षमता कमजोर नहीं कर दी जाती, तब तक भविष्य में फिर से संघर्ष का खतरा बना रहेगा। इसलिए इज़रायल इस युद्ध का पूरा फायदा उठाना चाहता है, भले ही इसके लिए संघर्ष को और लंबे समय तक क्यों न चलाना पड़े।

## होर्मुज़ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

क्योंकि अंतरराष्ट्रीय समुद्री नियमों के तहत, ए आई एस को सुरक्षा और ट्रैकिंग के लिए सक्रिय रखना अनिवार्य है।





| PARAMETER | VICTORIS S-CNG | COMPETITION MID SUV DIESEL | BENEFIT OF VICTORIS S-CNG OVER DIESEL CARS |
|---|---|---|---|
| Running Cost/km | ₹4 | ~ ₹6.1 | ✓ More savings per km |
| Lower Maintenance Cost | ✓ | ✗ | ✓ Easy on pocket |
| Reduced Emission | ✓ | ✗ | ✓ Good for environment |
| Recovery Period# | ~3.8 Yrs | ~11.1 Yrs | ✓ Faster recovery |

Applicable T&C available at your nearest dealership. Creative visualization. Car colour may vary due to printing on paper. Images used are for illustration purposes only. Features may vary by model/conditions. For details on functioning of safety features including airbags, kindly refer to the Owner's Manual. #Considered average daily drive of 35 km. Fuel Cost calculation done basis fuel prices in Delhi as of 11th Feb 2026 and considered 70% delivery of ARAI tested Mileage. **The loyalty reward scheme is subject to terms and conditions. For more details visit authorised dealership. The offer is valid only on Victoris. *As certified by Test Agency under Rule 115 (G) of Central Motor Vehicles Rules 1989.


राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com **कोटा कार्यालय:**-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 **बीकानेर कार्यालय:**-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 **उदयपुर कार्यालय:**-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 **अजमेर कार्यालय:**-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय:** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908